सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-171 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 30 नवम्बर 2023
14 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

योगी सरकार ने 28 हजार 760 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया

वरिष्ठ महिलाओं को रोडवेज में मुफ्त यात्रा

बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क पर फोकस

- नई योजनाओं के लिए दिए साढ़े सात हजार करोड़
- निजी नलकूपों से मुफ्त सिंचाई के लिए 900 करोड़
- 'रामोत्सव' पर 100 करोड़ होंगे खर्च
- गंगा एक्सप्रेसवे के लिए 518 करोड़ की व्यवस्था

लखनऊ। यूपी विधानमंडल सत्र के दूसरे दिन वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2023- 24 का अनुपूरक बजट पेश किया। 28,760.67 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें 1946.39 करोड़ रुपये राजस्व खर्च के लिए और 9714 करोड़ रुपये पूंजी खर्च के लिए रखे गए हैं। नई योजनाओं के लिए 7421.21 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान ऊर्जा क्षेत्र के लिए किया गया है। इसमें किसानों को निजी नलकूपों से मुफ्त सिंचाई के लिए 900 करोड़ शामिल है। 4250 करोड़ रुपये से बदहाल सड़कों की सूरत बदली जाएगी। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूरे प्रदेश का माहौल राममय बनाने की तैयारी है। इसके लिए बजट में 'रामोत्सव' की घोषणा की गई है, जिसपर 100 करोड़ खर्च होंगे।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सौगात मिलेगी। योगी सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले महिला वोट बैंक को साधने की तैयारी की है। अनुपूरक बजट में निगम को प्रतिकर भुगतान के लिए एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। आगामी लोकसभा चुनाव में योगी सरकार का पूरा फोकस आधी आबादी के वोट बैंक को साधने पर है। प्रदेश में लंबे समय से बुजुर्ग महिलाओं को मुफ्त यात्रा की मांग की जा रही थी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसी तरह 11 शहरों वाराणसी, रायबरेली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, जालौन, अमेठी, मुरादाबाद, एटा, हरदोई में भी नए राजकीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की जानी है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से इन विद्यालयों के लिए जमीन भी चिह्नित कर ली गई है। शासन की ओर से पांच करोड़ रुपये का बजट प्रावधान होने के बाद इन विद्यालयों के निर्माण कार्य को गति मिलेगी। कानपुर और लखनऊ मेट्रो की गति जारी रहे, इसके लिए 231 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। गंगा एक्सप्रेसवे के लिए 518 करोड़ की व्यवस्था की गई है। पूर्वांचल विकास निधि को 475 करोड़ और बुंदेलखंड विकास निधि के लिए 125 करोड़ रुपये दिए गए हैं। बस्ती में श्रीराम अवतरण कॉरिडोर का निर्माण श्रीराम जन्मभूमि से प्रभु श्रीराम पुत्रेष्टि यज्ञ स्थली तक और चौरासी कोसी परिक्रमा मखौड़ाधाम बस्ती तक होगा। इसके लिए प्रतीक प्रावधान किया गया है। सरकार अन्य स्रोतों से जरूरी बजट का इंतजाम करेगी। साथ ही 100 वर्ष से ज्यादा पुराने मंदिर, मठ, धर्मशाला और पुण्य तीर्थस्थलों के जीर्णोद्धार के लिए छह करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जनउपयोगी संरक्षित मंदिरों की मरम्मत के लिए भी 4 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

हजरतगंज में बनेगा एकीकृत परिवहन भवन- राजधानी लखनऊ में हजरत गंज ओलिवर रोड पर स्थित भूमि पर परिवहन विभाग का बहुमंजिला एकीकृत आधुनिक परिवहन भवन बनाया जाएगा। अनुपूरक बजट में भवन निर्माण को मंजूरी के साथ इसके लिए टोकन मनी के रूप में एक लाख रुपये का प्रावधान किया है। वहीं प्रदेश में उच्च शिक्षण संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं समेत अन्य कामों के लिए प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम ऊषा) योजना के तहत सरकार ने 20 करोड़ समेत राज्य विश्वविद्यालयों के कुल 222 करोड़ का प्रावधान किया है।

रोडवेज के बेड़े में शामिल होंगी एक हजार नई बसें

मंत्री सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के बेड़े में करीब एक हजार नई बसें शामिल की जाएंगी। इनमें सौ से अधिक इलेक्ट्रिक बसें भी होंगी। अनुपूरक बजट में नई बसों की खरीद के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। हाल ही में कैबिनेट से स्वीकृत उत्तर प्रधेश अंतर्देशीय जल मार्ग प्राधिकरण की स्थापना के लिए एक लाख रुपये का प्रावधान किया है। परिवहन आयुक्त कार्यालय में वाहन खरीद के लिए 50 लाख का बजट प्रावधान किया है।

प्रदेश के 16 शहरों में खुलेंगे आवासीय संस्कृत विद्यालय

प्रदेश में संस्कृत विद्यालयों के पुनरुद्धार व विकास में जुटी सरकार ने अनुपूरक बजट में इसके लिए भी व्यवस्था कर दी है। पांच धार्मिक शहरों में आवासीय समेत 11 अन्य (कुल 16) राजकीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना हो सकेगी। शासन ने पांच धार्मिक शहरों नैमिषारण्य (सीतापुर), प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा व चित्रकूट में नए आवासीय राजकीय संस्कृत विद्यालय खोलने का निर्णय लिया था।

डेंगू की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रभावी उपायः योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी विधानसभा में प्रदेश में डेंगू की रोकथाम को लेकर किए जा रहे उपायों पर कहा कि सरकार डेंगू सहित अन्य संक्रमित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी जरूरी इंतजाम कर रही है। सरकार द्वारा अंतर्विभागीय समन्वय के माध्यम से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए काम किए जा रहे हैं। जलजनित या विषाणु जनित रोगों के निवारण के लिए प्रतिवर्ष तीन माह डोर टू डोर अभियान चलाया जाता है।

सुधरेगी बिजली व्यवस्था

प्रदेश की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए 9193 करोड़ की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इससे विभिन्न परियोजनाओं को गति मिलेगा। तार से लेकर ट्रांसफार्मर तक में सुधार होगा। वितरण प्रणाली सुधरने से उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली मिलेगी।

स्वास्थ्य के लिए 698 करोड़

प्रदेश में स्वास्थ्य सुधार के लिए 698 करोड़ का अतिरिक्त बजट दिया गया है। खास बात यह है कि अनुपूरक बजट में चिकित्सा शिक्षा पर जोर दिया गया है। फेज 3 के 14 मेडिकल कॉलेजों के संचालन के लिए भी बजट जारी कर दिया गया है। इसी तरह आयुर्वेद व होम्योपैथिक विभाग को 22 करोड़ रुपया दिया गया है।

तेलंगाना में चुनाव की तैयारियां पूरी, आज डाले जाएंगे वोट

- सुरक्षा के कड़े इंतजाम
- राज्य में 35,655 मतदान केंद्र बने
- शराब की दुकानें बंद रहेंगी आज

हैदराबाद। युवा राज्य तेलंगाना में गुरुवार को मतदान होगा। मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव कांग्रेस से कड़ी टक्कर के बीच तीसरे कार्यकाल की उम्मीद कर रहे हैं।

भारत संघ का सबसे युवा राज्य उत्तर पश्चिम आंध्र प्रदेश से अलग होकर देश का 29वां राज्य बना और तब से इस पर बीआरएस का शासन है। भारत राष्ट्र समिति का मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा से है। दोनों दल राज्य में अपनी पूरी ताकत लगा रही हैं। 119 सदस्यीय राज्य विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। राज्य भर में 35,655 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां कुल पंजीकृत 3.26 करोड़ मतदाता हैं। सुचारू और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों और 35,500 होम गार्ड सहित 45,000 से अधिक सुरक्षा कर्मियों को तैनात करके कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। चुनाव के दौरान अनियमितताओं की जांच के लिए करीब 1800 दस्ते भी तैनात किये गये हैं।

मतदान समाप्ति तक शराब की बिक्री पर रोक लगा दी गयी है। 106 निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक और 13 वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा।

ज्ञानवापी के दो मामलों की सुनवाई टली

वाराणसी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट जमा करने के लिए जिला जज की अदालत से तीन हफ्ते का समय मांगा है। जिस पर जिला अदालत में 29 नवंबर सुनवाई टल गई है। साथ ही व्यास जी की गद्दी को डीएम को सुपुर्द किये जाने के मामले में भी सुनवाई नहीं हो सकी। समय की कमी के कारण दोनों मामलों में सुनवाई टल गई है। अदालत ने अगली तारीख 30 नवंबर की दी है। बता दें कि मंगलवार को एक अधिवक्ता के निधन के कारण मंगलवार को सुनवाई नहीं हो पाई थी। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने सील वजूखाने को छोड़कर ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का आदेश 21 जुलाई को दिया था। 24 जुलाई से एएसआई ने सर्वे शुरू किया तो अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे के आदेश पर रोक लगाई और मसाजिद कमेटी को इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने का आदेश दिया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल तथा उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भगत सिंह कोश्यारी ने शिष्टाचार भेंट की।

शांति समझौते पर हस्ताक्षर

इंफाल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मणिपुर के सबसे पुराने उग्रवादी समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट ने केंद्र के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अमित शाह ने इस बात की जानकारी अपने ट्विटर एक्स से दी है। उन्होंने जानकारी शेयर करते हुए लिखा कि एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई!!! पूर्वोत्तर में स्थायी शांति स्थापित करने के मोदी सरकार के अथक प्रयासों ने आज नई दिल्ली में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे पूर्ति का एक नया अध्याय जुड़ गया है।

पाकिस्तान पहुंची अंजू भारत वापस लौटी

- नसरुल्लाह से शादी करके बनी फातिमा
- 21 जून को वीजा का था आवेदन
- 2020 में फेसबुक पर हुई दोस्ती

अंजू ऑटो मोबाइल कंपनी में काम करती थी, जबकि उसका पति अरविंद इंडो कंपनी में काम करता है। अंजू के पति अरविंद के मुताबिक, उनका परिवार मूल रूप से यूपी के बलिया का रहने वाला है। जबकि अंजू का परिवार मध्यप्रदेश के ग्वालियर से है। अंजू और अरविंद की शादी साल 2007 में हुई थी। अरविंद का धर्म क्रिश्चियन है, जबकि अंजू हिंदू है। अंजू ने शादी के बाद अपना धर्म बदल लिया था।

अलवर। नसरुल्लाह के प्यार में पाकिस्तान गई अंजू भारत वापस लौट आई है। अंजू बुधवार को अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत में दाखिल हुई। फिलहाल, अभी वह बीएसएफ के कैंप में है। वहीं से उसकी पहली तस्वीर सामने आई है।

बता दें कि अंजू राजस्थान में अलवर जिले के भिवाड़ी में अपने पति अरविंद और दो बच्चों के साथ रहती थी। वह टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान घूमने गई थी, लेकिन बाद में पता चला कि वह खैबर पख्तूनख्वा में रहने वाले नसरुल्लाह से मिलने गई है। दरअसल, नसरुल्लाह और अंजू के बीच अफेयर चल रहा था। पाकिस्तान जाने के बाद अंजू ने नसरुल्लाह के साथ निकाह भी कर लिया था। अंजू और नसरुल्लाह के निकाह की तस्वीर भी सामने आई थी। दरअसल, साल 2020 में अंजू और नसरुल्लाह की मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। नसरुल्लाह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी दीर जिले का रहने वाला है। फेसबुक पर जब दोनों की दोस्ती कुछ और आगे बढ़ी तो दोनों ने एक-दूसरे का कॉन्टैक्ट नंबर ले लिया। दोनों की बातचीत वॉट्सएप पर होने लगी। करीब दो साल तक यह बातचीत चलती रही। इसी बीच अंजू और नसरुल्लाह ने एक-दूसरे से मिलने की इच्छा जाहिर की, जब नसरुल्लाह ने भारत आने में असमर्थता जताई तो अंजू पाकिस्तान आने को तैयार हो गई। अंजू ने पासपोर्ट भी बनवा लिया, लेकिन अड़चन थी वीजा की। अंजू ने पाकिस्तान जाने के लिए 21 जून को वीजा का आवेदन किया था।

नवाज शरीफ भ्रष्टाचार के दो मामलों में बरी

इस्लामाबाद। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को भ्रष्टाचार के दो मामलों से बरी कर दिया, जिसमें उन्हें 2018 में दोषी ठहराया गया था। मामले में दोषी ठहराए जाने के खिलाफ नवाज की अपील पर आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की दो सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया। जुलाई 2018 में, एक जवाबदेही अदालत ने पीएमएल-एन नेता को एवेनफील्ड संपत्तियों के भ्रष्टाचार संदर्भ में ज्ञात आय से अधिक संपत्ति रखने के लिए 10 साल की जेल और राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के साथ सहयोग न करने के लिए एक वर्ष की सजा, दोनों की सजा एक साथ दी जानी थी। ये मामले राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था, राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा दायर किए गए थे।

लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार का बड़ा फैसला

पांच साल के लिए बढ़ी मुफ्त राशन योजना

- मुफ्त राशन देने में 11.80 लाख करोड़ खर्च करेगी सरकार
- 81.35 करोड़ लाभार्थियों को मिलेगा लाभ

नई दिल्ली। केंद्र की मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 1 जनवरी 2024 से अगले 5 वर्षों के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। 2024 चुनाव से पहले केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार का यह बड़ा फैसला है।

इस फैसले से 81 करोड लोगों को मुफ्त में अनाज अगले 5 सालों तक मिलती रहेगी और कहीं ना कहीं इसका चुनाव पर भी एक बड़ा असर पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया गया है। इससे 81 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। इसमें 11 लाख 80 हजार करोड़ रुपए का खर्च भारत सरकार करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की एक रैली में इस योजना को आगे बढ़ाने को लेकर एक संकेत दिया था। उन्होंने दुर्ग जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए देश की जनता से वादा किया कि कोविड-19 के दौरान शुरू की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले पांच वर्ष के लिए बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा था कि जब कोरोना का संकट आया तब गरीब की सबसे बड़ी चिंता थी कि वह अपने बच्चों को खाना क्या खिलाएंगे। तब मैंने तय किया किसी गरीब को मैं भूखे नहीं सोने दूंगा इसलिए भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू

पहले भी हुआ फायदा

इसे कोरोना महामारी के दौरान अप्रैल 2020 में 3 महीने के लिए लाया गया था। जुलाई में इसे नवंबर 2020 तक बढ़ा दिया गया था। यह वही दौर था जब बिहार में विधानसभा के चुनाव होने थे। वहीं, इसे 2021 और 2022 में भी समय-समय पर बढ़ाया गया है। इसका फायदा भाजपा ने असम, बंगाल, पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान लेने की कोशिश भी की है। कई जगह पार्टी को इसका फायदा भी हुआ है।

सीएम ने मजदूरों को सौंपे एक-एक लाख के चेक

- रैट माइनर्स को देंगे 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि

उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ में भर्ती सिलक्यारा सुरंग से रेस्क्यू कर लाए गए श्रमिकों को एक-एक लाख रुपये सहायता राशि का चेक सौंपे। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन को सफल बनाने वाले रैट माइनिंग दल के सदस्यों को भी 50-50 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। बुधवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ पहुंचकर सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहे श्रमिकों को सहायता राशि के चेक सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने सभी श्रमिकों की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए इतने लंबे समय तक धैर्य बनाए रखने की सराहना। की कहा कि हादसे के चलते कोई भी दिवाली नहीं मना पाया था, अब वह दिवाली का जश्न मनाएंगे। चिकित्सकों ने बताया कि सभी श्रमिक प्रारंभिक जांच में ठीक मिले हैं। जिन्हें उच्च चिकित्सकीय जांच के लिए हायर सेंटर भेजा जाएगा। इस मौके गढ़वाल आयुक्त विनयशंकर पांडेय, डीएम अभिषेक रूहेला, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, एसपी अर्पण यदुवंशी, जिला पूर्ति अधिकारी संतोष भट्ट मौजूद रहे।

ऐलान

सीएए को लेकर अमित शाह ने फिर भरी हुंकार

हम सीएए लागू करके रहेंगे

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को घोषणा की कि नरेंद्र मोदी सरकार नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करेगी और इसे कोई नहीं रोक सकता।

पार्टी के लोकसभा अभियान की शुरुआत करने के लिए कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में घुसपैठ रोकने में असमर्थ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में घुसपैठियों को वोटर और आधार कार्ड खुलेआम और अवैध तरीके से बांटे जा रहे हैं। केंद्र ने पहले कहा था कि वह सीएए के लिए कानून बनाने की प्रक्रिया में है। रविवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा था कि सीएए के नियम 30 मार्च 2024 तक तैयार कर लिए जाएंगे। बुधवार को, शाह ने एस्प्लेनेड में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाया कि बनर्जी की सरकार ने कम्युनिस्टों के साथ मिलकर बंगाल राज्य को बर्बाद कर दिया। शाह ने ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर जमकर निशाना साधा।

> जिस राज्य में इतनी घुसपैठ होती है, क्या वहां विकास होगा? इसलिए ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं लेकिन मैं कहूंगा कि सीएए देश का कानून है, और इसे कोई नहीं रोक सकता। हम इसे लागू करेंगे। 2020 में संसद द्वारा पारित, सीएए 2015 से पहले अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से भारत में प्रवेश करने वाले धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करता है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जोर देकर कहती है कि सीएए असंवैधानिक है और यह मुसलमानों को बाहर करता है और एक धर्मनिरपेक्ष देश में नागरिकता को आस्था से जोड़ता है।
>
> **अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

शाह ने कहा कि सोनार बांगला और मां माटी मानुष के नारे के साथ कम्युनिस्टों को हटाकर ममता दीदी सत्ता में आईं। लेकिन बंगाल में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। आज भी बंगाल में घुसपैठ, तुष्टिकरण, राजनीतिक हिंसा, भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं आज आह्वान करने आया हूं, अगर 2026 में यहां भाजपा सरकार बनानी है, तो इसकी नींव 2024 के लोकसभा चुनाव में डाल कर मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाइए। अमित शाह ने कहा कि 27 साल बंगाल में कम्युनिस्टों का शासन रहा, तीसरे टर्म में ममता बनर्जी की सरकार बनी। दोनों ने मिलकर बंगाल को बर्बाद कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट से केंद्र के फैसले पर मुहर

- केजरीवाल सरकार को बड़ा झटका
- मुख्य सचिव नरेश कुमार को मिलेगा सेवा विस्तार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार का कार्यकाल छह महीने बढ़ाने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखा। मौजूदा दिल्ली मुख्य सचिव का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त होने वाला था। सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र का निर्णय शक्तियों के संवैधानिक वितरण का उल्लंघन नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र को मुख्य सचिव का कार्यकाल बढ़ाने का अधिकार है जो पुलिस, भूमि और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित हैं, जो दिल्ली सरकार के दायरे से बाहर हैं। इससे पहले 24 नवंबर को, शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा था कि वह 28 नवंबर को सुबह 10.30 बजे तक दिल्ली के नए मुख्य सचिव के पद के लिए पांच वरिष्ठ नौकरशाहों के नाम सुझाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार को इस जटिल मुद्दे पर निर्णय की सुविधा के लिए उसी दिन जवाब देना होगा। आज ही केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसके पास मुख्य सचिव का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ाने की शक्ति है क्योंकि वह दिल्ली के वर्तमान मुख्य सचिव नरेश कुमार के लिए भी ऐसा ही करना चाहता है।

प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा

डीएम ने किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उप्र द्वारा विद्यार्थियों में विज्ञान के अति अभिरूचि उत्पन्न करने के प्रयास के तहत जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इण्टर कॉलेज में जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में नवीन नवाचारी विषयों जैसे ड्रोन तकनीकी, रोबोटिक्स, नैनो तकनीक हाइड्रोजन फ्यूल, आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स (AI) स्पेस टेक्नोलोजी जैसे विषय परिषद द्वारा निर्धारित किये गये। तत्क्रम में जनपद के विभिन्न अँचलों से आये बाल वैज्ञानिकों ने अपनी वैज्ञानिक अभिरूचि व नवाचारी मॉडल का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्र. डीएम अनिल कुमार सिंह ने बाल वैज्ञानिकों को शुभाशीष देते हुये कहा कि आप भविष्य के आधार हो। उन्होंने सभी मॉडलों का अवलोकन किया और सभी बाल विज्ञानियों को विज्ञान के क्षेत्र में नित नवीन प्रयोग करते रहनेके लिए प्रेरित किया उन्होंने विज्ञान के मूल भूत सिधान्तो को अमल में लाने पर जोर दिया । कहा कि विज्ञान को रूचि के साथ पढ़े। वैज्ञानिक सोच को विकसित करने का प्रयास करें। आसपास व दुनिया में हो रहे बदलाव विज्ञान की ही देन है। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि सभी छात्र विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ने के लिए तीन सवालों की खोज में लगे रहे, कैसे, क्या और क्यों। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा प्रदीप कुमार विसेन वैज्ञानिक अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र थे। उन्होंने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि आप नवीन नवाचारों प्रयोग करते रहें। निर्णायक मंडल के सदस्य डा. जेएन सेठ,अवकाश प्राप्त प्रोफेसर सत्येन्द्र पाल सिंह,सहायक प्रोफेसर युवराज दत्त महाविद्यालय ,सुमित शुक्ला प्रवक्त डाइट खीरी व सुरेश कुमार पटेल प्रवक्ता राजकीय पॉलीटेक्निक रहे। जिन्होंने अपने नीर-क्षीर विवेक का परिचय देते हुये परिणाम घोषित

किये। प्रतियोगिता में प्रथम विशेष वर्मा वायरलेस डाटा ट्रांसमिशन , एलपीएस लखीमपुर। द्वितीय - शशांक शुक्ला, स्मार्ट लॉक, कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला। तृतीय- रूपक वर्मा, सोलर ट्रेकिंग सिस्टम, पं दीन दयाल उपाध्याय यूपी बोर्ड सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज। सांत्वना लक्ष्य गुप्ता A-I. Based Model", पं दीन दयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (सीबीएसई) और शुभि दीक्षित हाइड्रोजन फ्यूल सरस्वती बालिका इण्टर कालेज रहे। प्रथम पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागी को नकद 5000, द्वितीय व तृतीय को क्रमशः 3000 व 2000 रु सांत्वना पुरस्कार क्रमश 1000, 1000 रुपये मुख्य / विशिष्ट अतिथि ने पुरस्कृत किया। प्रबंध समिति की सदस्या श्रीमती नूतन गुप्ता जी ने भी अपने पास से सभी विजयी प्रतिभागियों को नकद धनराशि देकर पुरस्कार किया पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि वैज्ञानिक प्रदीप कुमार बिसेन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या शिप्रा बाजपेई ने की।

जिला विद्यालय निरीक्षक लखीमपुर खीरी डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद के विभिन्न अंचलों से आए सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष दिया वह विज्ञान के क्षेत्र में सतत रूप से प्रयास करके देश को आगे से आगे बढ़ाने के लिए आशीर्वाद दिया जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में जनपद से चयनित 15 सर्वश्रेष्ठ विज्ञान मॉडल मण्डल स्तर पर माह दिसंबर में लखनऊ में प्रतिभाग करेंगे। मण्डल से चयनित मॉडल राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ चयनित मॉडल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् उप्र द्वारा रु0 50,000 का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। जिला समन्वयक (विज्ञान क्लब) सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि के जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में वायरलेस द्वारा होस्मिशन, स्मार्ट लोक, सोलर ट्रेकिंग सिस्टम आर्टिफिशयल इन्टेलिजेन्स, हाइड्रोजन फ्यूल इलेकट्रिक वेहिकल, इलेक्डोप्लेटिंग चार्जिंग स्टेशन, ड्रोन तकनीकी आदि विषयों पर जनपद के विभिन्न अंचल से नवाचाएँ मॉडल ने प्रतिभाग किया। सुनील कुमार मिश्र, समन्वयक जिला विज्ञान क्लब, खीरी।

लगभग 3000 नये मतदाता बने, 02 दिसंबर को निकाली जाऐगी मतदाता जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। विधानसभा क्षेत्र मे चल रहे विशेष मतदाता पुनिरीक्षण कार्यक्रम के तहत उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने बताया कि अभी तक चलाए गये अभियान मे विधानसभा मे लगभग 3000 नये मतदाता बने है,तथा इस कार्यक्रम को और गतिशील बनाने के लिऐ विशेष अभियान भी अन्य अधिकारियों के माध्यम से चलाया जा रहा है,उपजिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम 09 दिसंबर तक चलेगा, वही 02 दिसंबर को तहसील से मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली जाऐगी,वही उन्होने बताया कि पिछले माह 21 जुलाई से 21अगस्त तक मतदाता जागरूकता के चलाऐ गये अभियान मे 5 हजार नये मतदाता बने है,इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी लोग लगे हैं वहीं उप जिला अधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने बताया कि मेरे और तहसीलदार नीलम तिवारी के माध्यम से अनेकों विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया

गया,जिसमे नगर क्षेत्र के जेपी इंटर कॉलेज, युग निर्माण पाठशाला, सरैया प्राथमिक विद्यालय ,पीडी इंटर कॉलेज मे कुछ बूथो पर बीएलओ अनुपस्थिति मिले जिनके विरुद्ध जिले के अधिकारियों को कारवाई के लिऐ पत्र प्रेषित किया गया है, वहीं उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ और सहायक अध्यापक अनुदेशक और बीएलओ भी अनुपस्थित मिले जिसमे सहदेवा, सहजनिया,गुलौली,साहब गज, मुकंदपुर सहित अन्य विद्यालय रहे जिनके खिलाफ पत्र भेज कर कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है उपजिला अधिकारी और तहसीलदार ने सभी से इस मतदाता जागरूकता अभियान में बढ़कर सहयोग करने की अपील की है,जो युवा जनवरी 20 24 को 18 वर्ष की आयू पूरी कर रहे है वो नये मतदाता बनने का अवसर प्राप्त करें।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने ली विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार एवम् खीरी सांसद अजय मिश्रा टेनी ने बुधवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की समीक्षा की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक का संचालन प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक ले जाने के लिए एक महत्वपूर्ण यात्रा है। इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। नोडल की अगुवाई में गांव में पहुंच रही यात्रा के जरिए यह सुनिश्चित कराया जाए कि सभी जरूरतमंदों की जरूरतें पूरी हो ताकि उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए। विकसित भारत संकल्प यात्रा पर भारत सरकार का पूरा फोकस है। यह पीएम की शीर्ष प्राथमिकताओं में है।प्रभारी डीएम/सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए जिले में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति बताई और यात्रा की आगे की रूपरेखा को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जिले को 11 आईईसी वाहन आवंटित किए गए, जिसमें वर्तमान में सात आईईसी वाहन निर्धारित रोस्टर के अनुसार गांव में पहुंच कर भव्यता से कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। सभी गांव में स्वागत एवं उत्सव समिति का गठन कर लिया गया है। बैठक के अंत में एडीएम संजय कुमार सिंह ने आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि आज की बैठक में जो भी दिशा निर्देश दिए गए उनका पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय अंबरीश सिंह, जीतेंद्र त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला, एडीएम संजय कुमार सिंह, डीसी विपिन चौधरी, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीपीआरओ सौम्यशील सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

निशुल्क नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। कस्बा के गन्ना किसान महाविद्यालय परिसर में खुशहाली सेहत परियोजना के अंतर्गत डीएससीएल शुगर मिल के इकाई द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख कुलदीप सिंह ने वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया। मंगलवार को गन्ना किसान महाविद्यालय परिसर में डीएससीएल इकाई द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में सीतापुर आई हॉस्पिटल के डॉ शवा, डॉ दिशा श्रीवास्तव के समस्त स्टाफ ने शिविर में आए 239 रोगियों का परीक्षण किया।

जिसमें मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित 122 मरीजों को सीतापुर आई अस्पताल भेजा गया। आयोजन में इकाई के महा प्रबंधक विवेक तिवारी, एचआर हेड के एम राय, अनिल चौहान, रमेश चौधरी, राजेश सिंह, शैलेंद्र विक्रम सिंह, आदित्य प्रताप सिंह और आलोक दीक्षित ने आयोजन में सहभागिता की। इस मौके पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मंजीत के सुरंग से बाहर आने की सूचना मिलते ही मां चौधराइन की आंखें खुशी के आंसुओं से भर आईं

लखीमपुर खीरी। भैरमपुर गांव निवासी मंजीत के परिवार के लिए मंगलवार का दिन काफी खुशी भरा रहा। मंजीत के सुरंग से बाहर आने की सूचना मिलते ही मां चौधराइन की आंखें खुशी के आंसुओं से भर आईं। उन्होंने कहा कि सुरंग में 17 दिन नहीं, 17 साल बीते जैसे लगते हैं अब उसके सकुशल लौटने पर गांव में भव्य स्वागत की तैयारियां चल रहीं हैं। मंजीत की वापसी घर पर कब तक होगी, इसकी जानकारी उत्तराखंड प्रशासन बाद में देगा। लेकिन जैसे ही मंजीत समेत सभी मजदूरों को सुरंग से सुरक्षित बाहर निकलने की खबर मिली, मंजीत के घर दिवाली जैसा माहौल हो गया। लोगों ने आतिशबाजी की। बहनों ने मिठाइयां बांटी मंजीत की मां चौधराइन ने बताया कि मंगलवार की सुबह दस बजे फोन आया था तो मंजीत कह रहा था मम्मी, नई जिंदगी मिली है। आज सभी लोग बाहर आ जाएंगे। यह सुनकर इतनी खुशी हुई कि मन झूम उठा और आंसू निकल आए। बोलीं- सुबह नींद खुलते ही मंजीत की यादों में खो जाती थी डेढ़ साल पहले बड़े बेटे दीपू की मुंबई में मौत हो गई थी। अब मंजीत का ही सहारा है। उसके भी सुरंग में फंस जाने से उम्मीदें खत्म होती नजर आ रहीं थीं। बेटियों के विवाह, परिवार के भरण पोषण की चिंता के साथ बेटे की सलामती की दिन रात चिंता सताए थी। खैर, भगवान ने अब सारी परेशानी दूर कर दी है मंजीत की मां एक स्कूल में रसोइए का काम करती हैं। वह बताती हैं की 17 दिन से वह गांव के स्कूल में खाना बनाने नहीं जा पाई हैं। हालात को देखते हुए इसको लेकर न तो ग्राम प्रधान रमेश यादव और ना ही स्कूल के शिक्षकों ने कोई आपत्ति जताई, बल्कि हमारी हौसला आफजाई की और पूरी मदद की है मंजीत की मां चौधराइन ने कहा कि देवी मां ने उनकी विनती सुन ली है। इसलिए बरमबाबा पर काली मैया के स्थान पर जाकर भंडारा कराऊंगी। हालांकि उनके घर में बीते दिनों से आर्थिक संकट है फिर भी बेटे की खुशी में सब कुछ करना चाहती हूं। कहती हैं भले ही इसके लिए कर्ज ही क्यों न लेना पड़े, लेकिन भंडारा जरूर करूंगी।

चेकिंग व गस्त के दौरान रवही नहर पुल से एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर पुलिस व क्राइम ब्रांच द्वारा संयुक्त चेकिंग व गस्त के दौरान रवही नहर पुल से एक नफर अभियुक्त आलम उर्फ कल्लू पुत्र अबूसहमा निवासी ग्राम भदेवा थाना थानगांव जनपद सीतापुर स्थायी पता मो0 आजादनगर कस्बा व थाना तम्बौर जनपद सीतापुर के साथ गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त के कब्जे से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-894/23 धारा-457/380/411/413 भादवि से सम्बन्धित चोरी किये नगदी 25,000 रुपया, मु0अ0सं0-1033/23 धारा-457/380/411/413 भादवि से सम्बन्धित चोरी गयी नगदी 55,000/-रुपये ,मु0अ0सं0-1116/2023 धारा-457/380/411/413 भादवि से सम्बन्धित चोरी गयी नगदी 1,00,000/-रुपये ,मु0अ0सं0-1121/2023 धारा-457/380/411/413 भादवि0 से सम्बन्धित चोरी गयी नगदी 1,08,000 रुपये व मु0अ0सं0-1156/2023 धारा-457/380/411/413 भादवि से सम्बन्धित जेवरात 9 सिक्का सफेद धातु, दो जोड़ी पायल,एक जोडी खड़वा बच्चे के सफेद धातु तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त की गयी एक कार स्विफ्ट वीडीआई नम्बर क्क32 स्रन्र 0133 तथा आला नकब, पिट्ठू वैग व एक इलेक्ट्रानिक तराजू बरामद हुआ है । अभियुक्त आलम उर्फ कल्लू उपरोक्त को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

चोरी की घटना में संलिप्त दो चोर दबोचे

सहारनपुर। थाना मण्डी पुलिस ने मोबाइल फोन व 2000 रूपये चोरी की घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गये मोबाईल फोन व कुल 1380 रूपये बरामद किये है। विदित हो कि 27 नवम्बर को बृजेश कुमार पुत्र रामआसरे निवासी इकसई थाना माधौगंज जिला हरदोई ने लिखित तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ उसकी गाडी से मोबाईल फोन व 2000 रूपये चोरी किए जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल घटना का संज्ञान घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु आदेश-निर्देश दिये गये। थाना प्रभारी मण्डी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हसीन पुत्र मोबीन निवासी नदीम कटहल कालोनी खाताखेडी व वसीम पुत्र नूर आलम निवासी विश्वासनगर कालोनी थाना मण्डी को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 01 चोरी के मोबाईल फोन व कुल 1380 रूपयो सहित शकलापुरी रोड से गिरफ्तार किया।

नौ दिसंबर से शुरू होगा एडवोकेट कप 2023

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। एडवोकेट कम 2023 का शुभारंभ नौ दिसंबर से होगा। रायबरेली क्लब में हुई बैसवारा क्लब सिविल कोर्ट की में उक्त निर्णय लिया गया। देवेन्द्र सिंह चौहान एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर लम्बी चर्चा हुई। साथ ही आयोजन को लेकर सदस्यों की जिम्मेदारी भी तय की गई है।

बुधवार को बैसवारा क्लब की बैठक में सर्वसम्मति से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एडवोकेट कप 2023 का आयोजन नौ दिसंबर से कराने का निर्णय लिया गया। क्लब के सचिव सुनील सिंह भदौरिया एडवोकेट ने बताया कि सभी सदस्यों ने पूर्व की भांति ही आयोजन करने का सुझाव दिया तथा निर्णय लिया कि क्रिकेट, बैंडमिंटन, शतरंज, रंगोली, वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने राय रखी कि वरिष्ठ अधिवक्ता अपने जूनियर अधिवक्ताओं को प्रतियोगिता के आयोजन एवं प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु प्रोत्साहिक करें। एडवोकेट कप 2023 के आयोजन हेतु बैठक में कई समितियों का भी गठन किया गया जो आयोजन की जिम्मेदारी निभाएंगी। क्रिकेट प्रतियोगिता में आठ टीमों को प्रवेश देने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही वाद विवाद प्रतियोगिता के लिए विषय तय करने के लिए सबसे सुझाव मांगे गए हैं। ये सुझाव पांच दिसंब तक अधिवक्ताओं को देने हैं। बैठक में स. बलजीत सिंह मोगा, शिवशंभूरतन बाजपेई, प्रमोद विहारी श्रीवास्तव, शारदा सिंह, अवधेश कुमार शर्मा, उमाकांत तिवारी, आदर्श सिंह, धनेश सिंह, दिनेश सिंह राठौर, आनन्द गुप्ता, अरूण सिंह, जगत बहादुर सिंह, नर्वदा प्रसाद सोनकर, सुनील कुमार मेजर, विजय बहादुर सिंह, अकबर अली, आशुतोष श्रीवास्तव, राजेश यादव, जीतेंद्र सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, सुनील प्रताप सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

खेल सप्ताह का फीता काटकर शुभारंभ किया

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में फिट इंडिया अभियान को लॉन्च किया था और इसी वर्ष के दिसंबर में अभियान के वार्षिक कार्यक्रम, 'फिट इंडिया स्कूल सप्ताह' की शुरुआत हुई थी, जो स्कूलों में फिटनेस की आदतों को विकसित करने तथा छात्रों के बीच फिटनेस और खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। इसी क्रम में युवा पीढ़ी के बीच और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए, महराजगंज कस्बे के हैदरगढ़ रोड पर स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में वार्षिक खेल दिवस फिट इंडिया वीक के तहत 28 नवंबर 2023 से 30 नवंबर 2023 तक मनाया जाना है। खेल सप्ताह के तहत प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने खेल अध्यापक दिलीप कुमार, एक्टिविटी इंचार्ज मंजू सिंह, नीरू बाजपेई तथा कक्षाध्यापक अनुपम सिंह और कॉलेज पीआरओ

राजीव मिश्रा ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

आपको बता दें कि, कक्षा नर्सरी तथा केजी के खेल ट्आय कलेक्शन रेस, फ्रॉग रेस, जलेबी रस, बैलेंसिंग रेस तथा म्यूजिकल चेयर उनके आमंत्रित अभिभावकों के समक्ष कराई गई। अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने जानकारी देते हुए बताया कि, कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के बच्चों का 100 मीटर रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, गोला फेक, भाला फेक, डिस्कस थ्रो, कबड्डी, रस्सीकसी, खो-खो, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन खेल लड़के तथा लड़कियों के अलग-अलग कराए गए।

श्री वाजपेई ने बताया कि, नर्सरी में हर्षिता, अभिजात, विवान, कार्तिक दर्श, प्रथम तथा आरव, अनुभव, कार्तिक द्वितीय और स्वेच्छा, सार्थक तृतीय स्थान पर रहे। वहीं के0जी0 में आर्य, निर्मल, रुद्र, अविका, अर्पित स्वास्तिक प्रथम तथा पीहू, अदिति, अर्चिता, अविका, आराध्या अवस्थी द्वितीय, और स्वास्तिक, पीयूष, अर्पित, श्रेया, वर्षिता, विदिक्षा, सान्वी तृतीय स्थान पर रही।

खेल अध्यापक दिलीप कुमार, अध्यापिका मंजू सिंह, नीरू सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित तथा उनके बराबर साथ दिया। नीरू बाजपेई तथा शिवानी वर्मा ने बच्चों का खेल में अच्छे प्रदर्शन हेतु सहायता की। खेल सप्ताह के समापन पर बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

हत्या की घटना का अनावरण, आरोपी बाल अपचारी को किशोर न्यायिक बोर्ड के समक्ष पेश किया गया

रायबरेली। नसीराबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खारिन का पुरवा में एक 15/16 वर्षीय बालिका का शव गांव के बाहर बाग मे पडा मिला था। सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक रायबरेली, क्षेत्राधिकारी सलोन तथा प्रभारी निरीक्षक नसीराबाद द्वारा मय फारेन्सिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक साक्ष्य संकलन के उपरान्त शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार मु॰अ॰सं॰-404/2023 धारा-302 भादवि अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण हेतु टीम गठित कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही थी। इसी क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत आज दिनांक 29 नवम्बर 2023 को थाना नसीराबाद पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या- 404/2023 भादवि से संबंधित/विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये बाल अपचारी आदित्य पुत्र समर बहादुर निवासी ग्राम खारिन का पुरवा मजरे कांटा थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र के कांटा गेट गांधीनगर छतोह मार्ग के पास से नियमानुसार हिरासत में लेकर माननीय किशोर न्यायिक बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है।

पूछताछ का विवरण

हिरासत मे लिये गये बाल अपचारी द्वारा बताया गया कि मेरी मृतका के साथ दोस्ती थी और मै पिछले 06 महीने से पंजाब मे काम कर रहा था। पिछले महीने अक्टूबर मे वापस आया और मृतका से बातचीत करने के लिए मैने उसे एक फोन दिया था। कुछ दिनों बाद मुझे शक हुआ कि मृतका किसी अन्य से भी बातचीत करती है। इसी बात से आहत होकर दिनांक 26.11.2023 की रात्रि में तोहफा देने के बहाने मिलने बुलाया और बेल्ट से गला दबाकर हत्या कर दी।

डीएम ने पदक विजेता अरमान व लेफ्टिनेंट अमित का किया सम्मान

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में आशा मॉडर्न इंटरनेशनल के जूडो खिलाड़ी अरमान अली सरोहा ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं एनसीसी इंचार्ज लेफ्टिनेंट अमित चौधरी को शिक्षक रत्न अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। डीएम डॉ.दिनेश चन्द्र ने अरमान व अमित चौधरी का सम्मान कर हौंसला अफ्जाही की।

गौरतलब रहे कि नोएडा मॉडर्न स्कूल में सीबीएसई बोर्ड द्वारा 22 से 26 नवंबर 2023 तक राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आशा मॉडर्न इंटरनेशनल के जूडो खिलाड़ी अरमान अली सरोहा ने स्वर्ण पदक जीता। कोच मोहित शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के चयनित लगभग 900 प्रतिभागियों प्रतिभाग किया। अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर 5 अक्टूबर को वर्ल्ड टीचर डे पर डेबरे टैबौर यूनिवर्सिटी, इथोपिया के नेतृत्व में ग्लोबल डायनेमिक टीचर एजुकेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल आशा मॉडर्न इंटरनेशनल के एनसीसी इंचार्ज लेफ्टिनेंट अमित चौधरी ने प्रतिभाग किया और उनके द्वारा खेल शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यो के लिए उन्हें शिक्षा रत्न अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया।

परियोजनाओं की कमियों को जल्द दूर कराएंः मंडलायुक्त

स्मार्ट सिटी चेयरमैन डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने किया स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। स्मार्ट सिटी चेयरमैन व मंडलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने बुधवार की दोपहर डॉ.अम्बेडकर स्टेडियम में स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनों के तहत निर्मित पैवेलियन, जिम, जूडो, स्वीमिंग पुल व बहुउद्देशीय सभागार आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान स्मार्ट सिटी की नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज, स्मार्ट सिटी के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने स्मार्ट सिटी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं के लोकार्पण से पहले किसी अच्छे आर्किटेक्ट का चयन कर स्मार्ट सिटी सीईओ ग़ज़ल भारद्वाज के साथ पूरे प्लान पर विचार विमर्श करें और जो कमियां दूर रह गयी हैं उन्हें जल्दी दूर कराएं। मंडलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने अम्बेडकर पहुंचकर सबसे पहले स्मार्ट जिम का निरीक्षण किया। उन्होंने हॉल में शीशे लगाने, अंडर

ग्राउंड वायरिंग तथा फिनिशिंग सम्बंधी कमियां जल्दी पूरी करने तथा ऑफिस के रुप में बनाये कक्ष को फिजियोथैरेपिस्ट रुम में परिवर्तित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सैकेंड फ्लोर पर बनाये गए वेट ट्रेनिंग एरिया की कुछ मशीनों को नीचे के फ्लोर पर शिफ्ट करने, वेंटिलेशन के लिए एक शीशा ओपन करने का सुझाव दिया। इसके अलावा बाहरी दीवार में आयी सीलन को समाप्त करने कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जूडो हाल का निरीक्षण करते हुए हाल की साफसफाई तथा सीलन समस्या के लिए दीवारों पर वाटर प्रूफिंग कराने, बच्चों की किट रखने की व्यवस्था कराने आदि के भी निर्देश दिए। उन्होंने पैवेलियन का भी निरीक्षण किया। बहुद्देशीय सभागार में कार्य की फिनिशिंग ठीक न होने पर उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने उक्त सभी परियोजनाओं के सम्बंध में स्मार्ट सिटी अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी अच्छे आर्किटेक्ट का चयन कर स्मार्ट सिटी सीईओ ग़ज़ल भारद्वाज के साथ पूरे प्लान पर विचार विमर्श करें और जो कमियां दूर रह गयी हैं उन्हें दूर कराएं और इसमें जो भी व्यय हो उसकी कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के बिल से कटौती करें। स्मार्ट सिटी सीईओ व नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने भी अनेक सुझाव दिए।

नुक्कड़ नाटक से पानी बचाने के लिए किया जागरूक

सहारनपुर। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यदायी संस्था एप्पइन्वेंटिव टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने सढौली कदीम ब्लॉक के ग्राम पंचायत मीरजापुर पुले में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को पानी बचाने के लिए जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने गांव के लोगों को समझाया कि अगर इसी तरह से समरसेबल का इस्तेमाल कर पानी का बर्बाद करते रहे, तो आने वाले समय में सहारनपुर जैसे क्षेत्र में पानी नहीं बचेगा और राजस्थान जैसी स्थिति सहारनपुर में बन जाएगी और हमको यह पानी खरीद के पीना पड़ेगा। आने वाले समय में यह पानी पेट्रोल से भी महंगा हो चुका होगा। राज्य पेयजल और स्वच्छता मिशन जल संरक्षण के तहत सहारनपुर के प्रत्येक राजस्व ग्राम में जन जागृति नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा नाटक के माध्यम से जल संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है। गांव के लोगों को स्वच्छता की शपथ ग्रहण कराई गई। इस दौरान जल जीवन मिशन से डीपीएमयू प्रवेश गंगवार, संदीप तिवारी, नुक्कड़ नाटक कलाकार चंदन भारद्वाज, योगेश धीमान, राकेश शर्मा, सुमित आकाश राठौर, विशाल त्यागी आदि मौजूद रहे।

शरीर में कैल्शियम की जांच को लगाया शिविर

सहारनपुर। शरीर में कैल्शियम की जांच को लेकर शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हड्डियों की कैल्शियम की जांच कर उन्हें समुचित उपचार लेने को प्रेरित किया। लिंक रोड स्थित एक हॉस्पीटल में आयोजित निःशुल्क कैल्शियम जांच शिविर में चिकित्सकों ने हड्डियों में कैल्शियम मिनरल की जांच जर्मन से आयी हुई मशीन से की। आब्स एंव गायनी की अध्यक्ष डा.नैना मिगलानी ने बताया कि जिन महिलाओं को कमर में दर्द, बार-बार फ्रेक्चर, कमर झुकना आदि की शिकायत हो, तो उन्हे अपनी जांच जरूरी करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिनकी हड्डिया कमजोर है। उनको दूध, दही, सब्जियां जैसे पालक, मैंथी, सोयामिल्क, टोफू पनीर, ब्रोकोली, पत्ता गोभी, सोयाबीन, ड्राइफ्रुट्स, मशरूम, अंजीर का सेवन करना चाहिए। कैम्प मे भूरी, छम्मो, नरेश, आवेश, सलमा, ताहिरा, रचना, बीरमपाल सिंह, कौसर, साहिमा, आवेश, रविन्द्र, परवेन्द्र शमशाद, शालिनी, मनप्रीत कौर, शमा, इकबाल, आरशी, जमील, प्रदीप, हिना, फरहान आदि मरीजों ने सुविधा का लाभ उठाया।

कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 मार्च तक उड़ान बंद, यात्री परेशान

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। त्योहार और पर्यटन के सीजन में एक तरफ ट्रेनों व बसों में जगह नहीं मिल रही है। वहीं जिले के इकलौते अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दिल्ली की यात्रा पिछले 24 दिन से बंद है। सेवा प्रदाता कंपनी स्पाइस जेट ने उड़ान पर तकनीकी कारण से 30 नवंबर तक रोक लगा रखी है।

- घरेलू उड़ान पर संकट के बादल, स्पाइस जेट ने 24 दिन से बंद रखा है उड़ान
- पर्यटन के सीजन में टिकट न मिलने से विदेशी व स्थानीय यात्री निराश

स्थानीय लोगों ने उड़ान के लिए टिकट की बुकिंग के ऑन लाइन प्रक्रिया शुरू की तो बंद मिला। वेबसाइट पर 30 मार्च तक उड़ान बंद होने की सूचना दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण बौद्ध राष्ट्रों के सैलानियों सहित स्थानीय लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा देने के लिए हुआ था। महात्मा बुद्ध की इस महापरिनिर्वाण स्थली पर म्यांमार, वर्मा, थाईलैंड, चीन, जापान सहित अन्य राष्ट्रों से आने वाले सैलानी पूरे बौद्ध सर्किट का भ्रमण कर सकें। कोरोना काल की वजह से इस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमानों की उड़ान नहीं हो सकी। वहीं, लोगों की सहूलियत के लिए दिल्ली से कुशीनगर के लिए घरेलू उड़ान की सुविधा शुरू की गई। इसके लिए स्पाइस जेट कंपनी को उड़ान सेवा देने के लिए अधिकृत किया।

कंपनी ने पूर्वांचल के मुख्य त्योहार दिवाली, छठ और कुशीनगर के पर्यटन के सीजन में सेवा ही बंद कर दी। यहां तक कि इस हवाईअड्डे से एयर टिकट की बुकिंग भी बंद है। एयरपोर्ट अथॉरिटी से बात करने पर पता चल रहा है कि केवल ऑपरेशनल कारणों से फ्लाइट कैंसिल हो रही है।

20 अक्तूबर 2021 को प्रधानमंत्री ने किया था लोकार्पण

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का लोकार्पण 20 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। अंतरराष्ट्रीय उड़ान शीघ्र शुरू होने की संभावना जताई गई थी। यह आस अधूरी ही रह गई। दिल्ली से कुशीनगर के लिए घरेलू उड़ान शुरू कराई गई थी। वह भी पिछले 23 दिन से बंद है। वहीं, कंपनी के वेबसाइट पर मार्च तक कोई फ्लाइट नहीं दिखा रहा है।

> एयरपोर्ट पर विमानन सेवा दे रही स्पाइस जेट कंपनी की ओर से 30 नवंबर तक ऑपरेशनल कारणों से फ्लाइट रद्दकर दी गई है। आगे कैंसिल होने की कोई सूचना अभीं नही मिली है।
>
> **नरेंद्र रे प्रभारी डायरेक्टर, कुशीनगर एयरपोर्ट**

सीडीओ ने सरकारी योजनाओं में बैंकों की भागीदारी पर जताया असंतोष

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। जिला सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने सरकारी योजनाओं में प्राइवेट बैंको की भागीदारी की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया बैंको के स्थानीय अधिकारियों के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेज कर उनसे जबाब माँगने के निर्देश दिये प्राइवेट बैंको में जीरो बैलेंस के खाता खोलने की स्थिति बहुत खराब है सीडीओ ने इस पर नाराजगी व्यक्त की व कार्यवाही के निर्देश दिये। फसल बीमा पर किसानों से सहमति लेने के निर्देश दिये व क्लेम न मिलने पर नाराजगी जताई के सी सी के नवीनीकरण व नये के सी सी की खराब प्रगति पर नाराजगी जताई मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना की स्थिति खराब पाई गई ओडीओपी की स्थिति सही पाई गई अन्य योजनाओं की भी स्थिति सही नही पाई गई बैठक में सीडीओ व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

क्षय रोग उन्मूलन में धर्म गुरुओं का योगदान महत्वपूर्णः डीटीओ

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के धर्मगुरुओं के साथ जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बैठक की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में हुई बैठक के दौरान धर्मगुरूओं ने टीबी उन्मूलन में योगदान का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि क्षय उन्मूलन में धर्मगुरूओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि देश ने वर्ष 2025 तक टीबी को समाप्त करने का संकल्प लिया है। यह तभी संभव है कि जब लोग जागरूक हों इसके लिए हमें समुदाय को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने की जरूरत है ताकि वह क्षय रोग के लक्षण दिखने पर स्वयं जांच के लिए आगे आयें। इसमे धर्म गुरुओं की भूमिका काफी अहम है क्योंकि इन पर समुदाय की आस्था है।

- राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग ने धर्म गुरूओं के साथ की बैठक

अगर यह लोग टीबी के प्रति समुदाय को जागरूक करेंगे तो लोगों को ज्यादा विश्वास होगा। ऐसे मे लोग बढ़-चढ़कर टीबी की जांच के लिए आगे आएंगे। डीटीओ ने बताया कि दो हफ्ते से ज्यादा खांसी आना, बुखार आना, वजन में लगातार कमी आना, रात में पसीना आना और भूख न लगना टीबी के पांच प्रमुख लक्षण है। यदि इन लक्षणों को समय से पहचान लें तो नियमित इलाज से यह रोग पूर्णतया ठीक हो सकता है। जिला कार्यक्रम समन्यवक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत टीबी का इलाज सरकारी प्रावधानों के तहत किया जाता है। इलाज चलने तक निक्षय पोषण योजना के तहत सरकार द्वारा मरीज के खाते में 500 रूपये की धनराशि प्रतिमाह भेजी जाती है। मरीज के ठीक होने में दवा और इलाज के साथ साथ पोषण की भूमिका अहम होती है। इस दौरान एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, पुजारी श्रीप्रकाश पांडेय, पंडित मुन्ना कुमार मिश्रा, राजू मिश्रा, अजरुद्दीन खान, अरुण एल्फट, सरदार दामोदर सिंह और डॉ रुदल प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

कथित नर्सिंग होम व उसके संचालक के ऊपर स्वास्थ्य विभाग ने की कार्यवाही

बलरामपुर अवधनामा संवाददाता। मिशन अस्पताल एवं जच्चा बच्चा सर्जिकल केंद्र पचपेड़वा में फर्जी तरीके से चलाए जाने, डिलेवरी के बाद बच्चा को गायब कर बेचने का आरोप प्रसूता द्वारा थाने पर तहरीर बी यू एम एस डाक्टर द्वारा आपरेशन कर बच्चे को गायब करने का आरोप लगा जिसे पचपेड़वा पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए मुकदमा पंजीकृत करते हुए बच्चा बरामद करने के बाद स्वास्थ्य विभाग के जिले की टीम बुधवार को पचपेडवा में आकर मिशन अस्पताल को सीज कर दिया। इस अवसर पर एडिशनल सीएमओ जय प्रकाश के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम डाक्टर विजय कुमार अधीक्षक, लिपिक मोहनलाल जायसवाल, थानाध्यक्ष अवधेश राज सिंह एवं पुलिस टीम ने हास्पिटल को सीज कर एक अन्य नर्सिंग होम अन्या हास्पिटल की जांच किया जो फर्जी पाया गया, एडिशनल सी एम ओ ने हास्पिटल को नोटिस जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के छापेमारी से पचपेड़वा में हड़कंप मच गया। नवजात बच्चे को बेचने की खबर पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

एसआरएमयू में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। आपात स्थितियों में जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एचडीएफसी बैंक द्वारा विगत 14 वर्षों से अखिल भारतीय रक्तदान शिविर यात्रा की जा रही है। इस यात्रा के 15वें वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में बुधवार को श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय (एसआरएमयू) के एनसीसी एवं एनएसएस इकाई द्वारा परिसर में एक शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 आरम्भ होकर 5 घंटे चली इस यात्रा में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों समेत सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए श्रीराम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पंकज अग्रवाल ने रक्तदान शिविर आयोजन पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि यदि आप रक्तदाता हैं तो असल में किसी के जीवन के लिए नायक हैं।

बीस जोड़े एक दूसरे के हुए

हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। संगम सेवा समिति द्वारा आयोजित सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में बीस जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर साथ जीवन बिताने की कसमें खाई। पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति ने वर वधू को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतिवर्ष के भांति इस साल भी संगम सेवा समिति ने सुमेरपुर के तपोभूमि स्थित अनुसुइया आश्रम के सामने मैदान में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें 20 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। इसमें सुमेरपुर से सोमवती संग सुशील कुमार, पौथिया से पिंकी संग नीरज, महोबा से अंजू संग शिवसिंह, महोबा से वंदना संग महेंद्र, मौदहा से किरन संग अजय, साकेतपुर से विनीता संग केशव व सपना संग लखन, सायर से जय देवी संग राजकुमार, महोबा से सोनी संग सुरेश, ग्योडी से रानी संग मनीष, सुमेरपुर से अर्चना संग गोविंद, रागौल से गायत्री संग पंकज, कुंडौरा से रोहिणी संग राघवेंद्र, सुमेरपुर से पूजा संग आशीष, सायर से आरती संग राजकुमार, गडरिया से मानसी संग प्रेम, खंडेह से प्रियंका संग शिवकरण, किसवाही से राधा देवी संग राजन, हमीरपुर से अंजनी संग शिवम, टिकरौली से नीता संग सोनू कुमार ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। कर्मकांडी ब्राह्मण बबलू महाराज व सीटू तिवारी ने शादियां संपन्न कराई। इस मौके पर पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति ने वर वधु को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही सास ससुर को माता-पिता और बहू को बेटी की तरह रखने की सलाह दी। इस मौके पर बउआ द्विवेदी, बब्बू सिंह, पूर्व प्रधान रामलखन प्रजापति, राजकुमार सोनी, नारायण प्रसाद रसिक के अलावा समिति के अध्यक्ष अजय प्रजापति, पवन टेलर, नीतू द्विवेदी, गीता वर्मा, राखी शिवहरे, सुनीता शिवहरे, पवन सैनी, सिद्दीक मंसूरी, राहुल साहू आदि मौजूद रहे। संचालन मुनीर खान ने किया। वर वधु को समिति की ओर से उपहार सामग्री देकर विदा किया गया।

मकान के फर्जी पेपर तैयार कर लोन लेने फरार जालसाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता। दुबग्गा में मकान बेचने के बाद फर्जी पेपर तैयार कर 60 लाख रुपए लोन लेने वाले फरार चल रहे वांछित आरोपी को बुधवार सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बरावन खुर्द निवासी गौरव पाल ने वर्ष 2019 की 5 मई को आम्रपाली योजना आवास विकास में अपनी पत्नी अंतरिक्ष पाल के नाम से एक मकान खरीदा था,उसी मकान पर पचास लाख का लोन लिया था,कुछ साल बाद बैंक कर्मचारी घर पर आए और मकान की वैल्यू निकालने लगे, पूछने पर बैंक कर्मियों ने बताया कि मकान पर छोटे लाल वर्मा के नाम से लोन है जो वह अदा नही कर रहा है। जिससे गौरव पाल को उनके मकान के फर्जी पेपर तैयार कर लोन लेने की जानकारी हुई। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया पीड़ित गौरव पाल की तहरीर पर वर्ष 2022 की सितम्बर को कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर गीता वर्मा निवासिनी मुठिया बेनीगंज हरदोई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था,मामले में जेल जा चुकी गीता वर्मा का पति छोटे लाल वर्मा फरार चल रहा था, आरोपी पर डीसीपी पश्चिमी राहुल राज ने दस हजार का इनाम घोषित किया था,आरोपी मकान बेचने के बाद फर्जी पेपर तैयार कर 60 लाख रुपए का लोन लिया था,लोन का मिला पैसा अपनी पत्नी गीता वर्मा के एकांउट में भी जमा किया था,लोन पति पत्नी दोनो ने मिलकर लिया था। मुखबिर की सूचना पर बुधवार सुबह आईआईएम रोड स्थित कूड़े वाले चौराहे के पास से फरार चल रहे हैं वांछित आरोपी छोटेलाल को एसएसआई अवधेश यादव ने पुलिस फोर्स के साथ घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड सीएमएस में आज से

- देश-विदेश से पधारी प्रतिभागी छात्र टीमों का हुआ भव्य स्वागत

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड 'मैथलेटिक्स-2023' कल 30 नवम्बर से सी.एम.एस. में प्रारम्भ हो रहा है।

डा. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. जय प्रकाश पाण्डेय कल 30 नवम्बर, वृहस्पतिवार को अपरान्हः 4.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में 'मैथलेटिक्स-2023' का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि 'मैथलेटिक्स-2023' में प्रतिभाग हेतु नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश एवं देश के विभिन्न प्रान्तों की प्रतिभागी छात्र टीमों के लखनऊ पधारने का सिलसिला आज दिन भर जारी रहा। लखनऊ पधारी सभी छात्र टीमों का भव्य स्वागत हुआ।

प्रतिभागी छात्र टीमों के पधारने का सिलसिला आज देर रात एवं कल भी जारी रहेगा।

श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड 'मैथलेटिक्स-2023' का आयोजन 30 नवम्बर से 3 दिसम्बर 2023 तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। मैथलेटिक्स-2023 की प्रतियोगिताएं चार वर्गों में आयोजित की जायेंगी, जिनमें ग्रुप-ए के अन्तर्गत कक्षा 3 व 4 के छात्र, ग्रुप-बी के अन्तर्गत कक्षा 5 व 6 के छात्र, ग्रुप-सी के अन्तर्गत कक्षा 7 व 8 के छात्र जबकि ग्रुप-डी के अन्तर्गत कक्षा 9 व 10 के छात्र प्रतिभाग करेंगे। मैथलेटिक्स-2023 की रोचक प्रतियोगिताओं में नम्बर निंजा (गणित खेल), मैथडोकू (पजल), मैथ्सकैटर्स (क्विज), कॉन्फैबुलर्स (वाद-विवाद), मैथमेटिकम लि मोडेल (माडल मेकिंग) आदि प्रमुख हैं। श्री शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड में छात्रों की मेन्टल मैथमेटिक्स क्षमता को बढ़ाने एवं कठिन समझे जाने वाले गणित विषय के प्रति छात्रों की रूचि को विकसित करने में अहम साबित होगा।

सी.एम.एस. छात्रों का 'चरित्र निर्माण मार्च' आज

सिटी मोन्टेसरी स्कूल के हजारों मेधावी छात्र-छात्राएं कल 30 नवम्बर, वृहस्पतिवार को प्रातः 7.45 बजे से विशाल 'चरित्र निर्माण मार्च' निकाल रहे हैं। सी.एम.एस. छात्रों का यह विशाल मार्च गोमती नगर विस्तार स्थित मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से प्रारम्भ होगा और सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम पहुँचकर एक विशाल सभा में परिवर्तित हो जायेगा, जहाँ इन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस 'चरित्र निर्माण मार्च' का उद्देश्य भावी पीढ़ी में चारित्रिक उत्कृष्टता एवं नैतिक व आध्यात्मिक उत्थान का अलख जगाना है, साथ ही समाज को यह संदेश देना है कि चारित्रिक व नैतिक उत्थान के बगैर आदर्श समाज की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती है। सी.एम.एस. छात्रों के इस विशाल मार्च में कई गणमान्य हस्तियों के अलावा सी.एम.एस. के विभिन्न

नाबालिग छात्रा से दो युवकों ने किया दुष्कर्म

सुमेरपुर हमीरपुर। घर से कोचिंग जा रही नाबालिग छात्रा को गांव के दो युवकों ने जबरिया बाइक पर बैठा लिया और बंद पड़ी गल्ला मंडी में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। पीड़िता ने घर पहुंच कर मां को आप बीती बताई मां के उलाहना देने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता की मां ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र की एक गांव की नाबालिग छात्रा गत 27 नवम्बर को सुबह घर से कोचिंग जा रही थी तभी रास्ते में गांव के निवासी आर्यन सिंह, शिवांशु सिंह ने उसे जबरिया बाइक पर बैठा लिया और इंगोहटा छानी मार्ग पर बनी गल्ला मंडी में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घर वापस लौटी छात्रा ने घटना से मां को अवगत कराया। मां के उलाहना देने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां ने दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 376, 506, 3/4 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण कराया है।

एसकेडी एकेडमी वार्षिकोत्सव के चौथे दिन का संदेश पर्यावरण बचाएं

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। 28 नवम्बर 2023 को एसकेडी एकेडमी का वार्षिकोत्सव के चौथे दिन जूनियर हाईस्कूल, राजाजीपुरम शाखा का समारोह वृन्दावन शाखा में हुआ जिसमें प्री प्राइमरी से 8 के बच्चों द्वारा कई रंगारंग कायक्रम प्रस्तुत किए गए।

समारोह का शुभारम्भ डा संजय निषाद, कैबिनेट मंत्री, मत्सय विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात् चेयरमैन श्री एस.के.डी. सिंह, निदेशक श्री मनीष सिंह, उप निदेषक श्रीमती निषा सिंह एवं सह निदेषक श्रीमती कुसुम बत्तरा द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न, शाल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। आई0एस0सी0 ब्रांच की प्रधानाचार्या श्रीमती अन्जू सिंह जी एवं जूनियर ब्रांच की हेड मिस्ट्रेस श्रीमती सोनिया द्विवेदी ने धन्यवाद भाषण द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथी, अभिभावकों, प्रेस व मीडिया तथा शहर के गणमान्य नागरिकों का अभिनन्दन किया। एस के डी अकादमी के वार्षिकोत्सव में आज के समय के मुख्य विषयों को बच्चों के प्रदर्शन द्वारा दर्शाया गया जैसे कि वन्य जीवो को बचाये वृक्षों को ना काटे वृक्षारोपण करें जल संरक्षण करें। टेक्निकल बने लेकिन टेक्नोलॉजी को अपने ऊपर हावी ना होने दे स इन सभी विषयों को उजागर करने व कई प्रोग्राम की स्क्रिप्ट का निर्देशन एस के डी ग्रुप के निदेशक श्री मनीष सिंह जी के सहयोग से पूरा हुआ है स साथ ही उन्होंने मिलेट्स मोटा अनाज पर भी ध्यान देने को कहा स मौजूदा समय में इन सभी विषयों पर ध्यान देने की व उसको अपने जीवन में उतारने की सबसे अपील की मुख्य अतिथि डा0 संजय निषाद जी ने बच्चों को अपने ज्ञानार्जन को बढ़ाने का सुझाव दिया क्योकिं ज्ञान में ही सुख है और सुख को राम रूपी बताया और साथ ही साथ बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की मुक्त कण्ठ से सराहना की। इस बात की सरहना की कि एस.के.डी. एकेडमी में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अपने संस्कारों, अपनी धरोहरों एवं विशिष्ट संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जाता है जो वाकई प्रशंसनीय है।

आईआईए का एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलन-2023 तीस नवम्बर को

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आईआईए एवं उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 30 नवम्बर 2023 को एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलन का इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित होगा। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उद्यमी महासम्मेलन का उदघाटन होगा 'उद्यमी महासम्मेलन 2023' का मुख्य विषय Transforming MSME towards Industry 4.0 × 48 है जिसपर विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सत्र में इसके रोडमैप पर चर्चा होगी।

30 नवम्बर 2023 को इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं उ0प्र0 सरकार के एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलन 2023 का आयोजन इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ के मार्स हॉल में

किया जा रहा है कार्यक्रम का शुभारम्भ सुबह 09.30 बजे से होगा, जिसका उद्घाटन उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जायेगा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री उत्तर प्रदेश राकेश सचान तथा अपर मुख्य सचिव एम0एस0एम0ई0 अमित मोहन प्रसाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे 'उद्यमी महासम्मेलन' सभी एम0एसएम0ई0 उद्यमियों के लिए उद्योग जगत के सफल उद्यमियों से मिलने एवं networking का अवसर प्रदान करने हेतु आईआईए की एक महत्त्वपूर्ण पहल है उद्यमी महासम्मेल्लन के इस संस्करण का मुख्य विषय Transforming MSME towards Industry 4.0 × 48' रखा गया है जिसमे MSME क्षेत्र के विशेषज्ञों तथा एम0एस0एम0ई0 विभाग के उच्च पदाधिकारियों द्वारा इसकी अवधारणा को साकार करने के लिए उचित मार्गदर्शन एवं रोडमैप पर चर्चा की जाएगी

तकनीकी सत्र के दौरान open forum के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को उद्यमों के बदलते स्वरुप एवं अभिनव तकनीकों से एम0एस0एम0ई0 को होने वाले लाभ आदि पर विचार प्रकट करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे निश्चित ही उद्यमियों को एक नई दिशा मिलेगी

वृद्धा की करंट लगने से मौत

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। खेतों में सौंच करने गई बृद्धा की करंट लगने से मौत हो गई द्य बृद्धा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरोरी में शौच करने गई 70 वर्षीय वृद्ध की करंट लगने से मौत हो गई। ग्रामीणों के बताया कि कई दिनों से खेतों में लगे विद्युत पोल में करंट आ रहा था। 70 वर्षीय वृद्धा प्रेमा पत्नी मनीराम खेतों में सौंच करने के लिए गई थी7 शौच क्रिया करने के बाद वृद्धा खड़े होने के लिए विद्युत पोल के सपोर्ट को लगे स्टेटस को पकड़ा था तभी विद्युत पोल के सपोर्ट को लगे स्टेटस में आ रहे करंट की चपेट में आने से वृद्धा की मौके पर मौत हो गई द्यघटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार कई बार विद्युत पोल में करंट आने की सूचना दी गई है। सूचना के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नहीं जागे जिसका खामियाजा वृद्धा को अपनी जान गवां कर चुकाना पड़ा।

पांच से 16 दिसंबर तक आयोजित होंगे शिविर

मैनपुरी अवधनामा संवाददाता। जनपद के समस्त विकास खंड स्तर पर एस.आई.एस. सिक्योरिटी इण्डिया लिमिटेड नई दिल्ली के द्वारा सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर भर्ती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र मे अपना भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर है। उक्त जानकारी भर्ती अधिकारी गंगा प्रसाद ने देते हुए बताया कि भर्ती हेतु सुरक्षा जवान की शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट, लम्बाई 167.5 सेमी, सुरक्षा सुपरवाइजर की लम्बाई 170 सेमी., उम्र-21 से 37 वर्ष एवं वजन 56 से 90 किग्रा. होना चाहिए। उन्होंने बताया कि नौकरी के दौरान मिलने वाली सुविधायें यथा पी.एफ., ई.एस.आई., ग्रेच्युटी, पेंशन, मेडिकल इंश्योरेंस, बोनस और 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी मिलेगी, प्रशिक्षण के उपरांत, लाल किला दिल्ली, एम्स हॉस्पिटल दिल्ली, बांके बिहारी मंदिर वृंदावन मथुरा, अक्षय पात्र मथुरा, आई.आई.टी. कानपुर, मेट्रो कानपुर, हैलट हॉस्पिटल कानपुर, इंडस्ट्रियल एरिया पनकी कानपुर, आर.एम.एल. हॉस्पिटल दिल्ली, जेवर एयरपोर्ट नोएडा, सफदरजंग हॉस्पिटल दिल्ली, एल.आई.सी. ऑफिस दिल्ली, कुतुब मीनार दिल्ली, मेरठ इंडस्ट्रीज एरिया, यमुना एक्सप्रेस आगरा टोल टैक्स, ताजमहल, लाल किला आगरा, फतेहपुर सीकरी दरगाह आगरा, धार्मिक स्थल, अस्पताल, बैंक, एयरपोर्ट, मैट्रो, होटल एवं निजी इंडस्ट्रीज में ड्यूटी दी जायेगी। भर्ती अधिकारी ने बताया कि शिक्षित बेरोजगर अपने मूल दस्तावेज दि. 05 दिसंबर को जिला सेवायोजन कार्यालय मैनपुरी, दि. 06 दिसंबर को कुरावली ब्लॉक, दि. 07 दिसंबर को जागीर ब्लॉक, दि. 08 दिसंबर को किशनी ब्लॉक, दि. 11 दिसंबर को घिरोर ब्लॉक, दि. 12 दिसंबर को बेवर ब्लॉक, दि. 13 दिसंबर को करहल ब्लॉक, दि. 14 दिसंबर को सुल्तानगंज ब्लॉक, दि. 15 दिसंबर को बरनाहल ब्लॉक, दि. 16 दिसंबर को मैनपुरी ब्लॉक पर आवेदन जमा कर सकते हैं, जनपद, अन्य जिले का कोई भी अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती में शामिल हो सकता हैं, अधिक जानकारी के लिए मो.नं-8707068519, 7838282197 पर संपर्क कर सकते हैं।

सरह ग्राम प्रधान सहित चार लोग गिरफ्तार, अपर पुलिस अधीक्षक ने किया घटना का खुलासा

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। सरह गोली कांड में ग्राम प्रधान सहित चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार में गोली कांड का अपर पुलिस अधीक्षक ने खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि जमीनी रंजिश में विरोधियों को फंसाने के लिए गोली कांड की ग्राम प्रधान ने साजिश रची थी ग्राम प्रधान का गांव में जमीनी विवाद चल रहा था विरोधियों को फंसाने के लिए अपने साथी के गोली मारी थी। श्याम विहारी ने 22 नम्बर को अपने साथी पिंटू को गोली मारने का मुकदमा गांव के लोगो के विरुद्ध दर्ज कराया थापुलिस ने घटना की जांच शुरू की तो पुलिस को हकीकत कुछ और मिली थी। मुकदमा दर्ज कराने वाले श्याम विहारी, रामकृष्ण, राजू ग्राम प्रधान अरनेश को गिरफ्तार किया द्य अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ग्राम प्रधान ने अपने विरोधियों को फंसाने के लिए पिंटू के गोली मारकर घायल करने की घटना को अंजाम दिया था द्य पिंटू जाटव निवासी सलेमपुर थाना राजेपुर को उसके साथी श्याम विहारी, रामकृष्ण, राजू ग्राम प्रधान, अरनेश ने ही गोली मारी थी।

न्यायालय सूचना

न्यायालय इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मंसूखी डिग्री एकतर्फी (आर्डर 9. कायदा 13) न्यायालय तृतीय अपर सिविल जज (जू. डि.) सहारनपुर। मुतफरिका नम्बर 97 सन 2022,मुकदमा दीवानी 187 सन 2019 1. विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय,सहारनपुर द्वारा अधिशासी अभियन्ता 2. उप विद्युत वितरण खण्ड कैलाशपुर द्वारा अधिशासी अभियन्ता (प्रार्थीगण), बनाम..श्रीमती सरला देवी (मृतक) पत्नि स्व. सुरेश चन्द शर्मा निवासी ग्राम दिनारपुर परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर। 1/1-प्रवीन शर्मा पुत्र स्व. सुरेशचन्द शर्मा निवासी ग्राम दिनारपुर परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर विपक्षी/ हरगाह मुददाअलेह मजकूरूस्सदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मंसूबी डिग्री एकतर्फा मुबारिखा 30-5-2022 जो मुकदमा मूल वाद संख्या 187 सन 2019, श्रीमति सरला देवी बनाम विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय सहारनपुर आदि, मजकूरूस्सदर में सादिर हो चुकी पेश की है लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 08 माह 12 सन 2023 ई0 असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या बजरिये मुख्तार मजाज हस्ब जाब्ता वाकिफ हाल मुकदमा के हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करे कि नामवबुर्दबह की दरखास्त क्यों न मन्जूर की जाये। मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत से आज बतारीख 20 माह11 सन 23 ई. को जारी किया गया।

आज्ञा से मुंसरिम

न्यायालय सूचना

न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) हवाली सहारनपुर। वाद संख्या 121 सन 2023 अनुज कुमार पुत्र श्री नैनपाल सिहं निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर मजरा बेहट डा. व तहसील बेहट जिला सहारनपुर। आधार संख्या 5545 6289 5306 (वादी) शमशाद पुत्र नाजर निवासी ग्राम शेरपुर पेलो डा. मिर्जापुर पोल प. फैजाबाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर(विपक्षी) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की हे लिहाज़ा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 4.12.23 को सुबह दस बजे न्यायालय में पेश होकर जवाब दे ही दावा करें उसी रोज़ जुमला गवाह और दस्तावेज़ जो आप अपने पक्ष में दाख़लि करना चाहते हैं पेश करें अगर आप उक्त तारीख तय पर उपस्थित ना होंगें तो मुकदमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फ़ैसला होगा।

आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज, जे डी, हवाली, स. पुर

न्यायालय सूचना

मैं कामिल पुत्र कमरूदीन निवासी ग्राम खुर्द, थाना जनकपुरी, ज़िला सहारनपुर सभी को सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री आयशा पुत्री कामिल पत्नी आबाद निवासी ग्राम खुर्द थाना जनकपुरी, सहारनपुर का व्यवहार अशोभनीय है और हमारे कहने सुनने में नहीं है मनमानी करती है विवश होकर मैने 18.10.2023 को उसे अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे बेदखल पुत्री आयशा से पारिवारिक सम्बन्ध भी समाप्त कर लिऐ हैं अपने किसी भी कृत्य हेतु आयशा खुद ज़िम्मेदार होगी।

अवध विश्वविद्यालय का 28 वां दीक्षांत समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न

स्वच्छता सभी का सामाजिक दायित्वः राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 28 वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दीक्षांत समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन पर छात्र-

छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा और ज्ञान के सही मायने आप सभी को सिद्ध करना होगा। भारत को आजादी के 100 वर्षों में एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य पूर्ण करना है। यह मार्ग तभी प्रशस्त होगा जब युवा पीढ़ी शिक्षा के उचित मार्ग का चयन कर उस पर आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि समाज में सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। भारत के कृषि प्रधान राष्ट्र है यहां के विश्वविद्यालय में शोध कार्यों को सही दिशा में ले जाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने गुजरात का उदाहरण देते हुए कहा कि गुजरात राज्य में एक बेहतर जल प्रबंधन से जलापूर्ति सुनिश्चित हो पाई और लम्बे समय के बाद गुजरात राज्य टैंकरराज से मुक्त हो सका है। यह तभी संभव हो पाया जब एक व्यापक जल नीति तैयार कर नर्मदा नदी के डैम की ऊचाई को बढ़ाने के साथ-साथ सिचाई परियोजनाओं को सही क्रम में विकसित किया गया है। समारोह में कुलाधिपति ने कहा कि सरदार सरोवर डैम पर व्यापक योजनाओं का परिणाम इस प्रकार दिखाई पड़ा कि गुजरात राज्य जल संकट से मुक्त हो गया।समारोह में राज्ययपाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर ऐसा कार्य करना है जिससे समाज के सभी वर्गों के जीवन स्तर में व्यापक स्तर पर सुधार हो। उन्होंने कहा कि अभी हम सभी को कार्यप्रणाली में सुधार कर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करने की संस्कृति विकसित करनी है। शिक्षण संस्थानों को समाज के सर्वांगीण विकास पर जोर देने के लिए क्रमबद्ध शोध कार्य पर पारदर्शी शोध नीति मार्ग पर आगे चलने की आवश्यकता है। जो भी कार्य करना है उसे दिल से करना है कमियों को दूर करने का निरन्तर प्रयत्न करना पड़ता है। विश्वविद्यालय में शोध कार्यों पर जो कार्य किए जा रहे है। उनसे अभी समाज को व्यापक लाभ नही मिल पा रहा है। शोध कार्यों को धरातल पर कार्य करने के लिए युवाओं को आगे आना है। विकसित राष्ट्रों की तर्ज पर पारदर्शी रणनीति के सहारे ही हम राज्य व राष्ट्र का विकास कर सकते है। कुलाधिपति ने छात्रों से कहा कि स्वच्छता का प्रत्येक व्यक्ति के जीवन बहुत महत्वपूर्ण स्थान है और यह सभी का प्राथमिक दायित्व है कि स्वच्छता और स्वास्थ के प्रति सजग और सतर्क रहे। स्वच्छता सरकार का ही विषय नही है यह सभी का सामाजिक दायित्व भी है। कुलाधिपति ने अपने उद्बोधन के अंत में छात्रों को दायित्वों बोध का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कृति पर ध्यान देने की आवश्यकता है। माता-पिता की सेवा करें उनका आदर करें कभी भी उनके प्रति उपेक्षा का भाव प्रकट न करें यही आपकी संस्कृति है। पवित्र अयोध्या की भूमि बौद्धिक सभ्यता एवं संस्कृति की विरासतः डॉ0 अफरोज अहमद विवि के 28 वें दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली के सदस्य डॉ0 अफरोज अहमद ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम कण-कण में बसते हैं। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, सामाजिक, बौद्धिक सभ्यता की विरासत के साथ यह पवित्र भूमि अयोध्या मेरे सहित अनगिनत व्यक्तियों के लिए प्रेरणा का प्रतीक रही है। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में एक छात्र के रूप में, मुझे शैक्षणिक क्षेत्र से परे अपने ज्ञान क्षितिज के विस्तार का अनुभव करने का सौभाग्य मिला। प्रभु श्री राम के मूल्यों और सिद्धांतों में गहराई से निहित विश्वविद्यालय के लोकाचार ने मुझमें समाज के प्रति कर्तव्य की गहरी भावना पैदा की। उन्होंने कहा कि अयोध्या धार्मिक महत्व के साथ-साथ हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, हमारी सामूहिक चेतना का प्रमाण है। प्रभु श्री राम की शिक्षाओं ने पर्यावरण वैज्ञानिक, नौकरशाही और न्यायपालिका में मेरे करियर के प्रति मेरे दृष्टिकोण को आकार दिया है। लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की मेरी खोज में उन्होंने मेरा मार्गदर्शन किया है।

गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक और ट्राले मौत को दे रहे दावत

अवधनामा संवाददाता

गोसाईंगंज- अयोध्या। अम्बेडकरनगर मिझौडा चीनी मिल के शुरू होते ही सड़क पर ओवरलोड वाहनों की बाढ़ सी आ गई है। गन्ना के ओवरलोड लदे वाहन दुर्घटना का सबब बने हुए हैं।

ओवरलोडेड गन्ना लादे जब ट्रक और ट्राले जब रास्ते से हिलते डुलते हुए निकलते हैं तो राहगीर डर बस इधर-उधर खिसक जाते हैं। इन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। दिन भर धड़ल्ले से ओवरलोड ट्रक और ट्राले निकल कर डर पैदा करते रहते हैं। इन्हीं की वजह से रोड़ पर सड़क जाम की काफी समस्या भी हो रही है। इन ओवरलोड वाहनों से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। गन्ने का सीजन शुरू होते ही ओवरलोड ट्रक ही नहीं ट्रैक्टर ट्राली भी सड़कों पर धड़ल्ले से चल रहे हैं। परिवहन विभाग की अनदेखी इनके हौसले बढ़ा रही है।अंबेडकर नगर जनपद में चीनी मिल के सेंटर बने हुए हैं जहां से गन्ना लाद कर ट्रकें मिलों को जाती हैं। इन ट्रकों और ट्रालो के चालको द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक गन्ना लादकर ओवरलोड कर दिया जाता है। जब यह ट्रकें और ट्राले सड़क से निकलती है तो हिचकोले लेती रहती हैं।यातायात माह के बावजूद इन ओवरलोड वाहनों पर लगाम नही लग रही है।

एक तरफ यातायात माह के दौरान डीएम का आदेश है कि बिना रिफ्लेक्टर कोई भी ट्रक या ट्राली नहीं चलेगी लेकिन दूसरी तरफ गन्ने की ढुलाई में ऐसे ट्रक लगाये जा रहे हैं जिनके बीमा वा फिटनेस,प्रमाण पत्र तक नही है और अकबरपुर चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों से चीनी मिल को भेजा जाता है। सोचनीय विषय है कि बाइक सवार को आसानी से रोक लेने वाली पुलिस को गन्ने से भरे ओवरलोड वाहन दिखाई ही नही देते या फिर उन वाहनों पर ध्यान ही नहीं दिया जाता है। परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा भी इन ओवरलोड वाहनों पर यातायात माह में भी कोई कार्रवाई नही की गई है।

दो बाइकों की टक्कर एक की मौत दूसरा घायल

रामपुर भगन -अयोध्या। तारुन बाजार कस्बे के पशु अस्पताल के सामने मंगलवार की दोपहर दो बाइको की टक्कर में एक युवक की जान चली गयी जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवकों को इलाज को तारुन सीएचसी ले जाया गया था। जहाँ मौके पर मौजूद ड़ा0 नन्हकू राम ने घायलों का प्रथम उपचार करने के उपरांत उन्हें इलाज को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया गया था। लेकिन जिला अस्पताल पहुँचने पर बाजार निवासी सफाई कर्मी परशुराम उर्फ नंगू का बेटा अर्जुन निषाद 32 बर्ष की मौत हो गयी।जबकि दूसरे बाजार के ही ब्यापारी बेटे निखिल पुत्र चच्चू गुप्ता 17 बर्ष गम्भीर रूप से घायल है।जिसका पैर फैक्चर होना बताया गया हैं। बताया गया कि अर्जुन निषाद अपनी प्लाटिना बाइक संख्या यूपी 42 AY 55 37 लेकर ब्लाक में किसी कर्मचारी से मिलने की बात कहकर घर से गया था।

लखनऊ की महिला डॉक्टर पालीचलपुर के आईपीएस अधिकारी मनोज यादव की दुल्हनिया बनी

अवधनामा संवाददाता

तारुन -अयोध्या। लखनऊ होम्योपैथ महिला चिकित्सा विभाग की एमडी कुमारी ड़ा0 प्रियंका सक्सेना नेशनल पुलिस अकादमी हैदराबाद में दस माह की ट्रेनिंग पूरी करने वाले तारुन ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पाली अचलपुर निवासी आईपीएस अधिकारी मनोज यादव की दुल्हनिया बन गयी हैं। 27 नवम्बर को लखनऊ में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में गोसाईगंज सपा विधायक अभय सिंह भी अपने दलबल के साथ वर कन्या को आशीर्वाद देने को मौजूद रहे। इसके अलावा वैवाहिक कार्यक्रम में पुलिस महकमे के आला अफसरों के अलावा आईपीएस अधिकारी के परिजन रिश्तेदार सहित तमाम सभ्रान्त लोग मौजूद रहे। शहरी डॉक्टर दुल्हनिया लेकर पैतृक गांव पहुँचने पर नव दम्पति को आशिर्बाद देने वालो का तांता लगा हुआ है। 28 नवम्बर को पैतृक गांव में आयोजित किये गये बहु भोज में बड़ी संख्या में राजनैतिक दलों से जुड़े लोगो के अलावा ग्राम प्रधान व बड़ी संख्या में सभ्रान्त लोग मौजूद रहे। पुलिस महकमे के कुछ आला अफसर भी गांव जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था।

आइपीएस अधिकारी को एक सरकारी वाहन तथा चार पुलिस के सुरक्षा जवान दिये गये थे। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग होने वाली हैं। इनके बड़े भाई अजय कुमार यादव पीसीएस अधिकारी है।जिनकी शादी पहले हो चुकी है।उनके एक बेटा भी हैं।मुरादाबाद में चल रही उनकी ट्रेनिंग पूरी होने वाली हैं। इस मौके पर सपा नेता हृदयराम यादव, प्रधान राम शंकर यादव, भाजपा नेता राम कुमार राव, ब्रह्मदीन तूफानी पत्रकार राम जी सोनी नेहरू युवा केंद्र के जिला प्रभारी रहे आर के यादव सहित कई बरिष्ठ लोग रहे मौजूद।

खेल में प्रतिभाग करने से सामूहिकता का भाव आताः सांसद लल्लू सिंह

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। सांसद खेल प्रतियोगिता की पूरा ब्लॉक के पुरसाएं रामलीला मैदान रसूलाबाद में बुधवार को शुरुआत हुई। लोकसभा के सभी ब्लाकों में प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जिसमें 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ तथा कबड्डी का आयोजन हुआ। गुरुवार को प्रतियोगिता का समापन होगा । अंतिम दिन खो खोखो वॉलीबॉल रस्साकसी जैसी प्रतियोगिताएं होगी। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी रही। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन का प्रयास लगातार दर्शक कर रहे थे।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खेल में प्रतिभाग करने से सामूहिकता का भाव आता है। यही भविष्य में मद्द करता है। टीम भावना व्यक्ति को काफी आगे ले जाती है।

आयोजित समिति के ब्लाक अध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में निर्भय सिंह सराय राशि प्रथम, अविनाश वर्मा महेशपुर द्वितीय, अभय सिंह कर्मा तृतीय रहे। 100 मी बालिका वर्ग दौड़ में जूली कछौली प्रथम, खुशी गौड़ जानापुर द्वितीय व शालिनी खजुवांवा तृतीय रही ।कबड्डी में सरायराशि व कछौली के बीच में प्रतियोगिता में सरायराशि विजयी, रामपुर हलवारा व आरपी के बीच हुई प्रतियोगिता में रामपुर हलवारा विजयी, जानापुर पूराबाजार के बीच हुई प्रतियोगिता में पूरा बाजार विजयी, मड़ना ए और मड़ना बी के बीच हुई प्रतियोगिता में मड़ना ए विजयी, ग्रामोदय ए व बी के बीच हुई प्रतियोगिता में ग्रामोदय ए विजयी, रसूलाबाद व गंगौली के बीच हुई प्रतियोगिता में गंगौली के ना आने से रसूलाबाद को विजयी घोषित कर दिया गया।

पुरसाएं ए और बी में पुरसाएं ए जीती । राजेपुर व नरियावां के बीच हुई प्रतियोगिता में राजेपुर विजई रहा। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सांसद लल्लू सिंह का 51 किलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर सतीश सिंह पिंटू, अरुण तिवारी, हरिशंकर तिवारी, नीरज राणा, रामसुख वर्मा, प्रधान सुमित तिवारी व ध्रुव पाण्डेय, रामजीत निषाद, रामप्रीत वर्मा, एसके तिवारी फौजी, कुलदीप पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

यातायात माह के तहत गोष्ठी का हुआ

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। नवंबर में चल रहे यातायात माह को लेकर सक्रियता व जागरूकता फैलाने की कोशिश जारी है। अलग बात है कि वास्तविकता में शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र यातायात पटरी से उतरा हुआ है। बुधवार को पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक, उत्तरी द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए जनपद के मैरिज लॉन/होटल के मालिकों व प्रबन्धकों के साथ गोष्ठी की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

किशोरी समेत दो की अस्वाभाविक मौत, गहरा तनाव बनी वजह

बाराबंकी। दो अलग अलग घटनाएं अस्वाभाविक भी हैं और तनाव के बढ़ते स्तर की गवाही भी देती हैं। मजदूरी न मिलने से घर लौट रहा व्यक्ति साइकल से गिरा और उसकी मौत हो गई। वहीं एक किशोरी का शव कुएं में मिला। इसे मां ने डाटा था। जानकारी के अनुसार आरती रावत (188 पुत्री राम सजीवन बसंतपुर थाना देवा गत को 26 नवम्बर की दोपहर तीन बजे माँ मीना देवी ने घर के काम के लिए डांट लगाई थी।

एसडीएम ने किया प्राथमिक विद्यालय टिकरा के स्मार्ट क्लास का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। प्राथमिक विद्यालय टिकरा शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर अयोध्या जे.बी.टी.सी ट्रस्ट के सहयोग से मुख्य अतिथि मिल्कीपुर उप जिलाधिकारी राजीव रतन सिंह व विशिष्ट अतिथि ऋचा सिंह ने फीता काटकर स्मार्ट क्लास का किया शुभारंभ मिल्कीपुर एसडीएम राजीव रतन सिंह ने कहा कि विद्यालय के पाठ्यक्रम से ही बच्चों को मूलभूत ज्ञान मिलता है। राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो बच्चों को ऊपर ले जा सकती है गांवों के सरकारी स्कूल अब हाइटेक हो रहे है।अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों की तरह शिक्षा ग्रहण कर प्रतियोगिताओं का मुकाबला करेंगे। विद्यालयों में प्रोजेक्टर, स्मार्ट क्लास, यू ट्यूब आदि के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है जिससे बच्चों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह की तारीफ करते हुए कहा इनके द्वारा विद्यालय में शिक्षा के स्तर बहुत अच्छा रखा गया

है।विद्यालय को जब भी मेरी जरूरत होगी मैं हमेशा साथ खड़ा रहूंगा । वही विद्यालय में बच्चों ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत के माध्यम मुख्य अतिथि का स्वागत किया इस मौके पर एसडीएम ने कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को नकद पुरस्कार भी दिया।रिचा सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार बच्चों को स्मार्ट क्लास से शिक्षा देना है। इस दौरान बच्चों से कुछ प्रश्न भी पूछा गया और सही जवाब देने पर उनकी पीठ थपथपाई और शिक्षकों का भी मनोबल बढ़ाया। आपको बताते चले की प्राथमिक विद्यालय टिकरा में मौजूद प्राथमिक विद्यालय जनपद का मॉडल विद्यालय है जहां बच्चे आत्मविश्वास से भरे हैं प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह ने बताया कि उनके द्वारा व उनके सहायक अध्यापकों के द्वारा बच्चों के लिए बहुत मेहनत की जाती है ताकि बच्चे कहीं पीछे ना रह जाए इसलिए उन्हें प्रतिदिन वैकल्पिक माध्यम से भी सामाजिक ज्ञान नैतिक ज्ञान व संस्कार दिए जाते हैं इस विद्यालय में बच्चे बहुत ही प्रतिभावान है उन्होंने बताया कि विद्यालय में कुल 235 बच्चों का नामांकन है और प्राथमिक विद्यालय टिकरा से वर्ष 2017 में मानस श्रीवास्तव सैनिक स्कूल झांसी में चयन हुआ लकी गौड 2015 विद्याज्ञान स्कूल सीतापुर आयुष दुबे 2015 झांसी विद्याज्ञान स्कूल सीतापुर आलोक तिवारी 2021 विद्याज्ञान स्कूल सीतापुर धनंजय सिंह 2021 विद्याज्ञान स्कूल सीतापुर आयुषी यादव 2021 विद्याज्ञान स्कूल सीतापुर में सिलेक्शन हुआ।

रामपुर धाम के दस दिवसीय महोत्सव में पर्यावरण प्रेमी का हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के रामपुर धाम मे चल रहे रमता राम चतुर्भुज के दस दिवसीय महोत्सव में मेला

कमेटी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री एवं पर्यावरण प्रेमी आशीष कुमार वर्मा को पर्यावरण क्षेत्र में अतुलनीय योगदान करने पर सम्मानित किया गया। पूर्व सांसद ने श्री वर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।बताते चले क्षेत्र कि ग्राम पंचायत करपिया निवासी आशीष कुमार वर्मा इस मॉर्डन जमाने मे जंहा लोग शुभ अवसरों पर अनेको तरह के गिफ्ट पैक देना पसंद करते है। वही आशीष वर्मा पर्यावरण की हिफाजत के लिए अपनी अनोखी मुहिम के तहत जन्म दिन, शादी विवाह जैसे मौकों की तलाश करके उन्हें तरह तरह के पौधे भेंट करके धरती को हरा भरा बनाना चाहते है। दोस्त हो या रिस्तेदार, अपने हो या पराये सबके जीवन में हरियाली का चटक रंग घोलना उनका अब मकसद बन चुका है।

उनका कहना है कि धरती पर जीवन प्रदान करने वाली ऑक्सीजन और पानी प्रदान करने वाला मुख्य साधन पेड़ ही है। हमारे दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं में पेड़ों का बहुत महत्व है। ये बात हमे लोगो के जहन में बैठाना है। आशीष वर्मा की पर्यावरण के प्रति लगन को देख जिला प्रशासन ने पर्यावरण समिति का सदस्य मनोनीत किया है। रामपुर महोत्सव मेला कमेटी से जुड़े आशीष वर्मा को अवध गौरव सम्मान से भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने सम्मानित किया।

हुआ आदेश, दो शातिरों की 86 लाख की संपति की होगी कुर्की

बाराबंकी। पुलिस, प्रशासन द्वारा धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना व सक्रिय सदस्यों की करीब 86 लाख रुपए के कीमत चल, अचल सम्पत्ति कीमत के जब्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। थाना टिकैतनगर पर पंजीकृत यूपी गैंगस्टर एक्ट अभियुक्त/गिरोह सरगना देशराज पुत्र मेड़ीलाल निवासी ग्राम सोनिकपुर मजरे सुर्रा थाना टिकैतनगर द्वारा अपने गिरोह के सक्रिय सदस्यों विनोद कुमार पुत्र मेड़ीलाल मन्ना लाल पुत्र मेड़ीलाल निवासी ग्राम सोनिकपुर मजरे सुर्रा थाना टिकैतनगर के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बनाकर विगत 05-08 वर्षों से आर्थिक, भौतिक व दुनियावी लाभ हेतु धोखाधड़ी करते हुए भूमि अपने नाम दर्ज कराकर भूमि को विक्रय करने एवं विक्रय की गई। भूमि पर कब्जा न देकर पैसा हड़पने जैसे आपराधिक कृत्य कर अवैध रूप से धनोपार्जन कर स्वयं के नाम पर चल अचल सम्पत्ति अर्जित की गई।

अलग अलग सड़क हादसों में एक की मौत, 5 लोग घायल

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। अलग अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हुई जबकि 5 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

इनमे एक की पहचान नही हो सकी है। जानकारी के अनुसार राम स्वरूप मिश्रा (47) पुत्र विश्राम मिश्रा निवासी ग्राम पिपरी थाना रामनगर बीती शाम रानीगंज बाजार सब्जी खरीदने साईकिल से गए थे।

बाइक सवार अज्ञात युवक ने कुचल दिया, घायल होने पर सूरतगंज सीएचसी से रेफर किया गया। वहां से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। उधर एक 35 वर्षीय घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। काफी प्रयास के बाद भी उसकी शिनाख्त नही हो सकी। मसौली प्रतिनिधि के अनुसार लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बघौरा ओवरब्रिज के निकट हुई दुर्घटना मे ट्रैक्टर ट्राली पर सवार दो लोग सहित चार लोग घायल हो गये जिन्हे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

रामसनेही घाट थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर भिटरिया निवासी ट्रैक्टर चालक गंगाराम गाव के ही संजय के साथ सफदरगंज से घर की ओर वापस जा रहा था कि बघौरा के निकट पीछे टेंट हाउस का सामान लाद कर आ रही बिना नम्बर की टाटा 407 ने टककर मार दी जिससे टाटा पिकप मे बैठे दो लोगो के आलावा ट्रैक्टर चालक गंगाराम व संजय गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

तेज रफ्तार गाड़ियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें परिवहन व पुलिस विभाग द्वारा दुर्घटनाओं एवं समन्वित कार्यवाही, मालवाहक वाहनो की ओवरलोडिंग, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने, दो पहिया वाहन हेतु हेलमेट का प्रयोग नहीं जैसे बिंदुओं पर संबंधित विभागों के साथ समीक्षा चर्चा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट व नशे की हालत में वाहन चलाने, दो पहिया वाहन पर दो से अधिक लोगों के होने जैसे मामलों में प्रवर्तन कार्यवाही की जानकारी ली और निर्देश दिया कि ओवरलोडिंग करने वाले स्कूली वाहनों के विरुद्ध तथा तेज चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही का निर्देश दिया। जिला अस्पताल के सामने वाहनों के अवैध पार्किंग पर कड़ाई के साथ नियंत्रण लगाने और

उनके पार्किंग हेतु वैकल्पिक स्थल सुनिश्चित करने हेतु पुलिस विभाग को निर्देशित किया। साथ ही सर्विस लेन में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सक्सेना चौक के पास हेलमेट स्टॉल लगवाने और बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वालों से हेलमेट खरीदवाने एवं सड़क सुरक्षा उपायों को अपनाने हेतु जागरूक करने का निर्देश दिया। पीडब्ल्यूडी विभाग को सड़कों पर स्पीड ब्रेकर के स्थान पर रिपीटेड बार के प्रयोग का निर्देश दिया और इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए कहा। साथ ही सड़कों के किनारे एंबुलेंस के टोल फ्री नंबर 1033 का होर्डिंग लगवाने के लिए भी कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को सड़क सुरक्षा नियमो का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन बढ़ाने का निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी ने ट्रैक्टर-ट्राली के पीछे अनिवार्य रूप से रिफलेक्टर लगवाने हेतु परिवहन विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने एनएचएआई से गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर एंबुलेंस की उपलब्धता की जानकारी ली और एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा की सभी संबंधित विभाग सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए कार्यवाही करें। ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग, सड़कों के अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें, साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएं। बैठक में एक्सईएन पीडब्ल्यूडी जीएस यादव, एआरटीओ, एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्यपाल के हाथों 123 स्वर्णपदक पाकर छात्रों के चेहरे खिले

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 28 वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल व कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के हाथों स्वर्णपदक पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। दीक्षांत समारोह में कुल 123 स्वर्णपदक प्रदान किए गए। जिसमें 30 कुलपति स्वर्णपदक, 76 कुलाधिपति स्वर्णपदक एवं दानस्वरूप के रूप में 17 स्वर्णपदक छात्र-छात्राओं को दिए गए। इसमें 79 स्वर्णपदक के साथ छात्राओं का प्रतिशत 64 रहा। वही 44 स्वर्णपदक छात्रों को मिला इनका प्रतिशत 36 रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक संगठन के विस्तार पर हुई चर्चा

महराजगंज। भ्रष्टाचार निरोधक संगठन की जिला स्तरीय बैठक परतावल में आयोजित किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव नागेन्द्र तिवारी ने संगठन की विस्तार के लिये पदाधिकारियों से चर्चा की। संगठन के विस्तार का चर्चा करते हुये संगठन के जिलाध्यक्ष रत्नेश पाण्डेय ने कहा कि जिले मे

संगठन अब काम करने लगी है जिसको विस्तार देते हुये दिवाकर पांडेय को जिला उपाध्यक्ष,सिसवा ब्लाक अध्यक्ष राकेश यादव,कुशीनगर जिलाध्यक्ष महेंद्र दुबे,जिला उपाध्यक्ष हरिकेश दुबे संगठन को मजबूत करने के क्रम मे जुड़ चुके हैं। इस दौरान जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष के लिये भी सत्यभामा सिंह से चर्चा की गई। इस दौरान बैठक मे पूर्वांचल अध्यक्ष जितेन्द्र दत्त पाण्डेय, पूर्वांचल उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह,पूर्वांचल सचिव उमेश शुक्ला, कुशीनगर जिला मीडिया प्रभारी अखिलेश तिवारी, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यालय पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर बुधवार को विधानसभा कपिलवस्तु एवं शोहरतगढ़ के क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग में वक्ताओं ने प्रदेश में केंद्र सरकार की उपलब्धियां को बताते हुए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के विषय में बताया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री डॉक्टर सतीश चंद्र द्विवेदी ने करते हुए केंद्र एंव प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को बताते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए कहा आज हर पात्र व्यक्ति सरकार के हर योजना का लाभ पा रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा सभी पंचायत प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक समय से पहुंचाने का कार्य करें एवं अपनी दायित्व का निर्वहन करें। इसी क्रम में द्वितीय सत्र में क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी ने भाजपा के इतिहास एवं विकास पर विस्तृत चर्चा कर अपना संबोधन दिया तृतीय सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने जनप्रतिनिधि, कार्यालय, सोशल मीडिया पर अपना संबोधन दिया अंतिम एवं समापन सत्र में भाजपा जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा ने सफल कहानियां अनुभव प्रश्नउत्तर एंव समापन भाषण पर अपना विषय रखा। कार्यक्रम का संचालन मंगल चौरसिया, सौरभ त्रिपाठी, उदय पाल वर्मा, फूल चंद जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री विपिन सिंह, मधुसूदन अग्रहरि, साधना चौधरी ब्लॉक प्रमुख श्रीश चौधरी मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, सचिदानंद चौबे, पंकज चौबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवानिवृत होने के तीन वर्ष बाद भी पेंशन न मिलने से कर्मचारी परेशान

अवधनामा संवाददाता

बांसी, सिद्धार्थनगर। आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी के एक सेवानिवृत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के 3 वर्ष बाद भी पेंशन, ग्रेजुएटी, बीमा आदि का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे सेवानिवृत कर्मचारी बुरी तरह परेशान है और आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन को भेजे अपने शिकायती पत्र में नगर पालिका परिषद बांसी के सेवानिवृत कर्मचारी गणेश प्रसाद मौर्य ने कहा है कि वे नगर पालिका कार्यालय में पंप अटेंडेंट चतुर्थ श्रेणी पद पर वर्ष 1988 से कार्यरत थे। माह जून 2021 में सेवानिवृत हो गए। नगर पालिका परिषद बांसी की लापरवाही से अभी तक पेंशन, ग्रेजुटी बीमा की राशि न मिलने से उनके समक्ष आर्थिक रूप से समस्या पैदा हो गई है तथा पारिवारिक बीमारी होने पर दवा कराने में पूरी तरह असमर्थ हैं। गणेश प्रसाद मौर्य ने कहा है कि इसके संबंध में उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, जिलाधिकारी, मंडल आयुक्त बस्ती मंडल, मुख्यमंत्री पोर्टल सहित कई जगह शिकायती पत्र भेजा है, परंतु अब तक उनके प्रार्थना पत्र पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। जिससे वह काफी परेशान हैं।

आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर डीएम ने ज़ाहिर की कड़ी नाराज़गी

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय मिशन के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों यथा- जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, मातृ मृत्यु, परिवार कल्याण, दवाओं की उपलब्धता, टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, कायाकल्प, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आदि की समीक्षा की गयी है। आयुष्मान कार्ड की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जाहिर की गई, उन्होंने यह भीद्ध कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी,अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड को बनाना सुनिश्चित किया जाए। सभी एमओआईसी को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि संचालित सभी योजनाओं का डी पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए, एमओआईसी सहित सभी चिकित्सकों को समय से चिकित्सालय में बैठने को निर्देशित किया गया एवं पोर्टल पर फीड होने वाले सभी आंकड़ों को ससमय फीड कराए जाने का भी निर्देश दिया गया, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में उपस्थित सभी डॉक्टरों को उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मरीजो के बेहतर चिकित्सीय सुविधा देने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समीक्षा में दवाओ की उपलब्धता ठीक पाई गई। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान कहा की आशाओं के कार्यों की समीक्षा की जाएगी, बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले आशा बहनों को सम्मानित भी किया जाएगा।

एक महिला शिक्षा मित्र के सहारे चल रही पढ़ाई

कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता। कुदरहा विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सुअरहा द्वितीय में लंबे समय से शिक्षक की तैनाती न होने से गुणवत्तायुक्त शिक्षण कार्य नहीं हो पा रहा है। एक महिला शिक्षा मित्र के सहारे ही पठन पाठन चल रहा है। शिक्षक की तैनाती के लिए भाजपा नेता व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र देकर शिक्षक के तैनाती की मांग की है। भाजपा नेता व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुवरहा गांव निवासी रवि पांडे ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि लंबे समय से शिक्षक नहीं है। महज एक महिला शिक्षामित्र हैं। जो अस्सी बच्चों को पढाती है। जिससे गुणवत्ता युक्त शिक्षा बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। जब कि सरकार परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। फिर भी जिम्मेदार मुख्य दर्शक बने हुए हैं। शीघ्र शिक्षक की तैनाती की मांग की है।

उपनिरीक्षक के ग़ैर जनपद स्थानांतरित होने पर विदाई

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। जिले के थाना कोतवाली जलालपुर से गैर जनपद स्थानांतरित हुए उप निरीक्षक महेंद्र पाल शर्मा को पुलिसकर्मियों ने बिदाई समारोह आयोजित कर रवाना किया। प्रभारी कोतवाल हीरालाल यादव ने कहा कि स्थानांतरण विभाग की एक प्रक्रिया है लेकिन काफी समय साथ काम करने से एक लगाव हो जाता है। विदाई समारोह के दौरान उप निरीक्षक महेंद्र पाल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग की बदौलत इतने दिनों का कार्यकाल सुकून से बीत गया। सभी ने एस आई महेंद्र पाल शर्मा को माला पहनाने के साथ ही मोदक खिलाकर भावभीनी विदाई दी।

मनचाहे ठेकेदार को कार्य आवंटित करने का मामला सामने आया

किछौछा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में मनचाहे ठेकेदार को कार्य देने के लिए फर्जीवाड़ा किया गया। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी जिसमें ठेकेदारों ने ऑनलाइन आवेदन किया। मूल दस्तावेज जमा करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई ठेकेदारों ने मूल दस्तावेज जमा किए जिसमें अपने मनचाहे ठेकेदार को कार्य आवंटन के लिए शकील अहमद नामी ठेकेदार के पंजीकृत डाक द्वारा भेजे गए मूल अभिलेख को लेने से इनकार कर रजिस्ट्री वापस कर दी गई और बाद में दिखा दिया गया कि शकील अहमद द्वारा अभिलेख प्राप्त नहीं कराए गए इसलिए उनकी निविदा खारिज कर दी गई। जबकि श्री शकील अहमद ने साक्ष्य प्रस्तुत किया कि उन्होंने पंजीकृत डाक द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को मूल अभिलेख भेजे थे जिसे कार्यालय द्वारा (रिफ्यूज) लेने से इनकार कर दिया गया। ठेकेदार का कथन है कि नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में खुलेआम धांधली चलती है किसी का भी वर्क आर्डर कभी भी कैंसिल कर दिया जाता है और कोई भी निविदा कभी भी बिना कारण बताएं खारिज कर दी जाती है। निविदा के साथ ठेकेदारों द्वारा जमा की गई जमानत राशि को भी वापस नहीं किया जाता।

नपा कार्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

बांसी। नगरपालिका कार्यालय बांसी में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नपा अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाएं के संबंध में विभागीय अधिकारियों ने किया जागरूक

नगर पालिका के क्षेत्र सभी वार्डो के सभासदों सहित बांसी और बसन्तपुर अस्पताल के डाक्टरों और जिले से आये अधिकारीयों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम किया गया । जिसमें उपस्थित अधिकारीयो ने विभागीय योजनाओं की जानकारी नपा के सभासदों को दी गयी।

आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने पी एम किसान सम्मान निधि,स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, ग्राम विकास विभाग से विधवा पेंशन शौचालय अवास खाद्यान्न, गोल्डन कार्ड से मिलने वाले लाभ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान डा.आरके सिंह ने सभी सभासदों को बताया की आप लोगों अपने अपने वार्डो मे स्वयं जानकारी दे ताकी कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजनाओं से वंचित न रहे और हर पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाया जा सके।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के डीएसटीओ द्वारा सरकार के योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने ने बताया की सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है सभी विभाग के लोग मौजूद है। जो भी समस्या आ रही हो तो अवगत करा सकते है। इस मौके पर उपस्थित अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी बीएस यादव, डा.जमील अहमद, डा. जैद ऐ अब्बासी, मिशन प्रबंधक राम सजीवन, जमील अहमद, सभासद श्याम बाबू, सत्यनारायण मौर्य, निलेश निशाद, रविअग्रहरी, धुर्व चंद्र, पप्पू मौर्य, रमाकांत, दीपक चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

भाजपा किसान मोर्चा ने आयोजित की नमो कबड्डी प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। प्रधानमंत्री खेलो इंडिया को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को शाहिद सत्यवान सिंह स्टेडियम में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने की।

पहला मैच आर आर बैकर्स कप्तानगंज बनाम वीके एकेडमी कुदरहा के बीच खेला गया। दूसरा मैच ब्लैक पैंथर कुदरहा बनाम वीके एकेडमी कुदरहा के बीच, तीसरा जय अम्बे मित्र मंडल दुबौलिया बनाम बस्ती फाइटर कुरह पट्टी के बीच खेला गया। जिसमे आर आर बैंकर, ब्लैक पैंथर कुदरहा, जय अम्बे मित्र मंडल दुबौलिया विजेता रही।

मुख्य अतिथि बस्ती सांसद हरीश द्विवेदी ने फीता काट एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। वही खेल के माध्यम से भी अपने करियर बनाकर आगे बढ़या जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा समाज के सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। वही खेल एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को लेकर भी काफी सजग हैं। आज उसी का परिणाम है कि भारत अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में एक सौ से अधिक पदक प्राप्त करने में सफलता हासिल की है।

सीएचसी नगपुर के नेतृत्व में विद्यालय में छात्रों का किया गया परीक्षण

जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर जलालपुर की चिकित्सकों की टीम ने नवजोत इंटर कॉलेज सुरेंद्रनगर हजपुरा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के लगभग 200 छात्रों का परीक्षण किया तथा उन्हें स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई डॉक्टर पीके सिंह वह डॉक्टर अजीत सिंह ने विभिन्न बीमारियों के विषय में छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता एवं सावधानी से विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है उन्होंने कहा कि तेजी से फैल रहे वायरल बुखार जुखाम खांसी से बचने के लिए मच्छरों की रोकथाम का उपाय करना चाहिए तथा इसकी जानकारी और लोगों को देना चाहिए डॉक्टर ने कहा कि मौसमी फलों वताजी सब्जियों के प्रयोग से शरीर को स्वस्थ बनाया जा सकता है उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि साफ सफाई शुद्ध पानी एवं भोजन लेने से गंभीर से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर एएनएम रामवती ने छात्रों का वजन लिया तथा शारीरिक परीक्षण भी डॉक्टरों द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक हृदय मणि मिश्र प्रधानाचार्य रीना मिश्रा राजेंद्र प्रसाद पाल ललित नारायण मिश्र कृष्ण कुमार उपाध्याय सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक उपस्थित रहे।

बीडीओ ने विकसित भारत के योजनाओं की दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को विकास खण्ड लोटन बाजार के ग्राम पंचायत बघेली में किया गया। जिसमें उपस्थित अधिकारीयो ने विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग से आये पी एम किसान सम्मान निधि, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, ग्राम विकास विभाग से विधवा पेंशन सौचालय अवास खाद्यान्न गोल्डन कार्ड से मिलने वाले लाभ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

राष्ट्रीय आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग सहित आदि विभागों के द्वारा स्टाल लगाये गये ग्रामीणों की समस्यायों के समाधान के लिए सचिव विनोद कुमार चौधरी बैठे रहे ताकी कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजनाओं से वंचित न रहे। हर पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाया जा सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राम कृष्ण मिश्रा द्वारा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई उन्होंने ने बताया की सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है सभी विभाग के लोग मौजूद है ।जो समस्या हो तो अवगत करा सकते है। उसी दौरान ग्रामीणों ने रास्ते के विवाद को मौजूद बी डी ओ लेखपाल सचिव जाकर मौके पर पहुंचे।नोडल अधिकारी व सचिव विनोद कुमार चौधरी द्वारा विकसित भारत संकल्प की शपथ भी ग्रामीणों को दिलाई गई। स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।इस दौरान सचिव विनोद कुमार चौधरी, एडीओ कापरेटिव युनूस अंसारी, ग्राम प्रधान दिनेश कुमार , शिवकुमार, डा सुप्रीया मद्धेशिया द्वारा गार्भावती महिलाओं को जांच कर उनके खाने पीने की सलाह दी गयी और कुपोषित बच्चों को भी उनके खाने पीने के बारे मे सलाह दी गयी क्या खाएं।सी एचओ अनुराधा द्वारा मरीजों का सुगर बीपी जांच करके उनके खाने पीने के साथ साथ दवा भी दिया गया। जनार्दन मणि त्रिपाठी, चांद रानी राय,नीतु, एल टी राजेश गुप्ता, ब्लाक प्रबन्धक ग्रीश चन्द पाण्डेय,चुन्नू कुमार गौड़,कृषि विभाग से विनय कुमार वर्मा, नीरज कुमार गुप्ता, राहुल सिंह, राजस्व विभाग से लेखपाल मनोज कुमार कुमार, अखिलेश कुमार यादव, आंगनबाड़ी इंदु मती, राज किशोरी, सुमित्रा दुर्गावती, पुष्पा, नीलम, राम बृक्ष वर्मा, श्याम करन, मुकेश, टीकोरी, उजरा, पदुम पंथ मिश्रा, सफाई ध्रुव नरायन चौरसिया, सम्भु यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

रेप की पीड़िता दर-दर भटकने को मजबूर

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। वर्तमान सरकार में महिला सशक्तिकरण का हर समय दावा किया जाता है परंतु जब पीड़ित महिला न्याय के लिए शासन प्रशासन से अपनी गुहार लगाती है तो वहां पर महिला सशक्तिकरण का दावा नजर नहीं आता, सिस्टम फेल दिखता है। खबर अंबेडकरनगर जनपद के कोतवाली टांडा क्षेत्र के थाना अलीगंज का है, जहां पर रेनू यादव पत्नी सेवाराम यादव निवासी आसोपुर पूरब का पुरवा टांडा, के साथ पति के दोस्तों ने बहला फुसलाकर दिनाँक 31 अक्टूबर को धोखे से टांडा से कार में बिठाकर हाईवे पर ले जाकर एकांत में बारी-बारी से दोनों दोस्त रेप करते हैं और पीड़िता को असलहे के बल पर धमकी देते हुए एकांत स्थान पर भटकने के लिए छोड़ देते हैं ।

पीड़िता का कहना है कि मुझे धोखे से बिस्वास में लेकर मेरे पति के केस में सुलह समझौता कह कर ले कर गए थे और एकांत स्थान पर ले जाकर रिवाल्वर को कनपटी पर लगाकर बारी-बारी से अंकित श्रीवास्तव और विजय यादव दोनो ने रेप किया हैं और बाल बच्चों सहित जान से मारने की धमकी देते हुए एकांत स्थान पर छोड़कर भाग गए। मैं किसी तरह से गिड़गिड़ा कर लोगों के सहयोग से अपने मकान पर पहुंची और आप बीती अपने परिजनों को सुनाया। तत्पश्चात मैं थाने अलीगंज गई जहां पर मेरी एक न सुनी गई। मजबूर होकर मैं पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर के पास तहरीर देकर आप बीती सुनाई। पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर ने मुझे विधिक कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुए कहा की उनके खिलाफ कार्यवाही होगी। कुछ दिन बाद कार्यवाही न होने पर मैं जब पुनः पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर के पास गई तो उन्होंने टांडा क्षेत्राधिकारी के पास भेजा और जब मैं आपबीती क्षेत्राधिकार महोदय को बताई तो उन्होंने भी विधिक कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुए मुझे थाना अलीगंज भेज दिया। मैं बार-बार थाना अलीगंज का चक्कर लगा रही हूं परंतु मेरी एक न सुनी जा रही है। जब भी मैं थाना अलीगंज जाती हूं तो मुझे त्योहार में व्यस्तता और अधिकारी का ना होना कह कर अगले दिन बुलाया जाता है। मैं बार-बार चक्कर लगाकर पूर्ण रूप से थक चुकी हूं अब मैं अपने साथ हुए अत्याचार के न्याय के लिए कहां जाऊं किसके पास जाऊं मैं बिल्कुल थक हार गई हूं। मैं शासन, प्रशासन और मुख्यमंत्री से अपने साथ हुए अत्याचार और शोषण के लिए न्याय की गुहार करती हूं।

दूषित जल पीने को मजबूर है लोग

राम जानकी चौड़ीकरण के पाइप लाइन टूटने से पेयजल की आपूर्ति ठप्प

अवधनामा संवाददाता

कुदरहा, बस्ती। कुदरहा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत छरदही में बना पानी की टंकी जल निगम विभाग के अधिकारियों व राम जानकी मार्ग के चौड़ीकरण कर रही कार्यदायी संस्था की भेट चढ जाने से विगत तीन वर्षों से जलापूर्ति ठप्प है। जिससे लोग दूषित जल पीने को मजबूर है।

नीर निर्मल परियोजना के तहत 800 किलो लीटर की क्षमता वाले वाटर टैंक का निर्माण 4.98 करोड़ की लागत से जल निगम विभाग द्वारा ग्राम पंचायत छरदही में हुआ था। जिससे ग्राम पंचायत छरदही, जिभियाव, कुदरहा, उजियानपुर व बैसिया कला में मिलाकर 37 किलोमीटर लंबी पाईप लाइन बिछाकर 2200 कनेक्शनधारी उपभोक्ताओ को पेयजल शुरु हुआ और ग्रामीण शुद्ध पेयजल का उपयोग कर रहे थे। आपूर्ति शुरू हुये सात माह बीता नही कि राम जानकी मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया। जिससे सड़क के किनारे पड़ी मुख्य पाइपलाइन छरदही, जिभियाव, कुदरहा व बैसिया कला में जगह जगह टूट गया और तभी से जल आपूर्ति ठप्प हो गई है। तभी से ग्रामीणों मजबूरन दूषित पी रहे है। जब कि एक वर्ष पूर्व राम जानकी मार्ग का निर्माण कार्य कर रही कार्यदायी संस्था ने पाइप लाइन के मरम्मत कार्य का काम भी किया था। उस समय ग्रामीणों ने गुणवत्ता विहिन कार्य कराने का आरोप भी लगाया था। उसके बाद भी जिम्मेदार नही चेते और आधा अधूरा कार्य कर छोड़ कर चल दिए। टेस्टिंग के दौरान गुणवत्ता युक्त कार्य न होने से जगह-जगह लीकेज हो गया था। इसके बाद न तो पुनः कार्य हुआ और न ही कोई जिम्मेदार झाकने ही आया। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई कर्मचारी व अधिकारी इसे संज्ञान में नही लिया। जिससे आपूर्ति ठप्प है और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीण वीरेंद्र दूबे ने बताया कि पेय जल आपूर्ति शुरु हुआ तो बड़ी खुशी हुई कि अब शुद्ध पेयजल मिलेगा। लेकिन राम जानकी चौड़ीकरण के दौरान पाइप लाइन टूटने से आपूर्ति ठप्प है। जिभियांव गांव निवासी इमाम अली ने बताया कि जब से राम जानकी मार्ग का निर्माण कार्य शुरु हुआ तो मशीन से सड़क के किनारे पड़ी पाइपलाइन टूट गई थी। जिसे कार्यदायी संस्थान ने सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद पाइपलाइन का काम कराया लेकिन आज तक पेयजल आपूर्ति शुरु नही हो पाया। कुदरहा निवासी रवींद्र अग्रहरी ने बताया कि शुद्ध पेय जल मिलने से जल जनित बीमारी कम हो गया था लेलिन दूषित जल पीने से बीमारी का भय सता रहा है। क्षेत्र के सगुन अग्रहरी, दुर्गा अग्रहरी, बिजली गोस्वामी, रब्बाक अली, तसौवर, अनिल अग्रहरि, सजन अग्रहरी, दिनेश अग्रहरी, जियालाल यादव, मनोज, श्याम सुंदर, पंकज गुप्ता सहित ग्रामीणों ने बताया कि राम जानकी मार्ग के निर्माण कार्य कर रही कार्य संस्था व जल निगम विभाग के मिली भगत से मरम्मत कार्य का रुपया डकार गए और पाइपलाइन का कार्य आधा अधूरा कर छोड़ दिए। कार्य करने के बाद जब पाइप लाइन टेस्ट हुआ तो जगह जगह लीकेज हो गया। इसके बाद करवाई संस्था के लोग कार्य छोड़ चले गए। तीन वर्ष बीत गए लेकिन शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हुआ। मजबूरन दूषित जल पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन व प्रशासन से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

रमाबाई महाविद्यालय में मना सड़क सुरक्षा सप्ताह

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। अकबरपुर दिनांक 28 नवंबर 2023 को रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा के अंतर्गत तीन प्रकार की प्रतियोगिता ,क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शुभा सिंह, रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर, द्वितीय स्थान मानसी पांडेय पंडित राम लखन शुक्ल राजकीय राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज आलापुर तथा तृतीय स्थान कुमारी जबीन खान बी.एन.के.बी कॉलेज पी जी कॉलेज अकबरपुर ने प्राप्त किया। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में निष्ठा मिश्रा रमाबाई राजकीय महिला पीजी कॉलेज अकबरपुर में प्रथम स्थान, इशिका मिश्रा बी.एन.के.बी. पीजी कॉलेज अकबरपुर ने द्वितीय स्थान तथा मान्या तिवारी रमाबाई राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज अकबरपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में जबीन खान बी.एन.के. बी. पी.जी. कॉलेज अकबरपुर ने प्रथम स्थान, साक्षी विश्वकर्मा बी.एन.के. बी. पी.जी. कॉलेज अकबरपुर ने द्वितीय स्थान तथा मानवी वर्मा रमाबाई राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज अकबरपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चुनाव का सेमी फाइनल

2023 में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को पर्यवेक्षक 2024 को होने वाले आम चुनाव का सेमी फाइनल मान रहे है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस की सरकार है, मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। इन तीनो राज्यों में कांग्रेस और भाजपा में आमने सामने की टक्कर है। 2018 में कांग्रेस ने राजस्थान छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश का चुनाव जीता था पर 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को नगण्य बना दिया। 2024 के आम चुनाव में भाजपा हैट्रिक बनाने के लिये पूरा जोर लगा रही है। अगर कांग्रेस अभी होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा में अगर अपने तीनो शासित राज्यों में फिर अपने को दोहरा सकती है तो उसका नैतिक साहस बढ़ जायेगा। 2024 के आम चुनाव में कुछ अतिरिक्त उत्साह से उतर सकेगी। पर अगर सन्तोषप्रद नतीजे नहीं ला पाती यानी मिनिस्ट्री भले न बना पाये पर मुख्य विरोंधी पार्टी बन कर असरदार संख्या में जीते विधायकों के बदौलत चुनाव में मजबूती दिखा सकती है। वह विरोधी गठबन्धन का नेता भी बन सकती है। अगर उसका प्रदर्शन मामूली होगा तो और नीचे खिसक सकती है। 2023 के नतीजे उसके भविष्य के संकेतक बनेगे। भाजपा के पास चुनाव के पक्ष में प्रशिक्षित कार्यकर्ता ग्रास रूट तक फैले हुये है। लगातार चुनाव जीतते जाने से उनकी कुशलता भी बढी उत्साह भी बढ़ा है। वे अति उत्साह से अभी से अपने क्षेत्रों में लगे हुये है। इन लोगो ने चुनाव को बहुत प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया है इनकी तुलना में कांग्रेस कही नहीं दिखती है। चूकि कांग्रेस ग्रैन्डओल्ड पार्टी है उनके पास अनुभवी योग्य नेता भी है पर आपसी विद्रोह भी बहुत है एक परिवार के नेतृत्व से ग्रसित है अगर वह मुख्य विरोधी पार्टी में अपने को नहीं ढाल पाती तो उसके भविष्य को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हुआ जा सकता। राहुल की पदयात्रा से राहुल और कांग्रेस का कद बढ़ा है। राहुल सीधे मोदी पर आक्षेप लगा कर टकरा रहे है, उन्होंने मीडिया वालो में अब जुझारू लोगो के ले आये है जो सरकार और उनकी नीतियों के खिलाफ सख्त टिप्पणियां कर रहे है। राहुल पप्पू से बाहर आते दिख रहे है। इन सबके बावजूद उनका रास्ता अभी बहुत लम्बा है और कटंक पूर्ण भी है।

कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ दो चुनाव जीते है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक का। अब इस चुनाव में कांग्रेस की परीक्षा होगी की उपरोक्त दोनो चुनाव इत्तफाक से जीत गये है या पार्टी के दमखम पर जीते है। सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार के जीत से सबक लेते हुये कांग्रेस अब स्थानीय लोगो को तरजीह दे रही है और क्षेत्रीय नेताओं को आगे कर रही है। गांधी परिवार के मोह से अब मुक्त करने में लगी है। यही वजह है मध्यप्रदेश में कमलनाथ को राजस्थान में फिर अशोक गहलोत को छत्तीगढ़ भूपेश बघेल को और तेलंगाना में रेड्डी को उभार रही है। प्रचार पोस्टरों में भी स्थानीय नेताओं को राष्ट्रीय नेताओं के साथ शामिल कर रहे है। प्रचार भी उत्साह के साथ जोरशोर से कर रहे है। तेलंगाना कांग्रेस का आक्रमक प्रचार क्षेत्रीय पार्टियों जैसे बीआरएस के घेरे को तोड़ने के लिये चल रहा है। इधर राहुल ने अपनी पुरानी इमेज तोड़ी है तो उनकी बहन प्रियंका आक्रमक प्रचार करते हुये महिलाओं को जोड़ रही है कांग्रेस की ओर से चुनावी गिफ्टों की भी ऐलान कर रही है। कुल मिलाकर इस बार कांग्रेस का प्रचार जो पहले बहुत ढीला ढाला चल रहा था उसमें चुस्ती आ गयी है। वैसे रेवड़ियां तो सभी पार्टियां बांट रहे है। लगता है चुनाव रेवड़ी बांट में भी साथ-साथ चल रही है।

कांग्रेस जीत के लिये हर तरह से अपने को मजबूत करने में लगी है। कभी चुनाव के रणनीतिकार के रूप में प्रशान्त कुमार को बनाया था। पर नतीजे सन्तोषप्रद नही मिले, उल्टे पार्टी में प्रशान्त को लेकर बहुत असन्तोष भी बढ़ गया था। क्योंकि वे सभी को डामीनेट कर अपनी छवि बढ़ने में ज्यादा लग रहे थे। इस बार कांग्रेस ने चुनाव रणनीतिकार के रूप में सुनील कन्नूमोलू को रक्खा है जो बहुत तेज तर्राक और कुशल माने जाते है। नतीजा आने के बाद इसकी पुष्टी होगी। सुनील भाजपा के साथ भी रह चुके है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया के लोगो को बदल कर अग्रेसिव लोगो को जगह दी है जो भाजपा की तीखी आलोचना करने में लगे है भाजपा का बिन्दुवार जवाब दे रहे है। भाजपा के खिलाफ पोस्टर, कार्टून वगैरह भी उसी अनुसार प्रदर्शित कर रहे है। कांग्रेस ने एंकरों ने कन्नी काट ली है। नतीजा देखने को मिल रहा है। भाजपा को अपने वेलफेयर स्कीम को रेवडी से अलग बताने में जोर लगाना पड़ रहा है। कांग्रेस ऐसे सवाल उठा रही है जिसका जवाब भाजपा को देना पड़ रहा है। अब उसके बयानों का भाजपा अनदेखी नही कर रही है। पर भाजपा के पास अपने स्पोर्ट में बहुत कुछ है, चन्द्रयान तीन, जी 20 की अध्यक्षता महिला बिल सबके ऊपर मोदी का पर्सनाल्टी कल्ट कांग्रेस की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी एक परिवार पर निर्भरता है। खरगे पार्टी अध्यक्ष है। पर बार-बार हर बात के लिये सोनिया के पास पहुंचते है किसी से छिपा नही है। इन सब परिप्रेक्ष में पांच राज्यों के असेम्बती चुनाव में कांग्रेस दो में अपनी जीत दिख सकती है। तो उसे अपने पक्ष में कुछ अधिक कहने का मौका न मिल जायेगा। पर इसका यह मतलब नही कि भाजपा 2024 का आम चुनाव गवां देगी। उसकी सीटे कुछ कम हो सकती है। हालात उसी के सरकार की ओर इशारा कर रहे हे। भाग्य वीरो का ही साथ देता है।

हिंदी भाषा की पवित्रता, व्यापकता ही हिंदी को वैश्विक फ़लक प्रदान करती है

संजीव ठाकुर

हिंदी भाषा न सिर्फ करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है बल्कि विदेशों में भी करोड़ों लोगों के मध्य संवाद की भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है।

हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों, शक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

सुरंग में मजदूरों के फंसने की घटनाएं देश ही नहीं दुनियाभर में होती रहती हैं। कभी पहाड़ के धंसने से और कभी खदानों में पानी भरने से भीषण हादसे होते रहते हैं। जहां विकास की गंगा बहती है, वहां विनाश की संभावना से नकारा नहीं जा सकता। लेकिन हमें संभावित खतरों पर अधिक गंभीर होने की अपेक्षा है। मैदानी इलाकों में ही नहीं, उच्च हिमालयी क्षेत्र में भी सड़क, रेल और जलविद्युत परियोजनाओं तक के लिए सुरंगों का जाल बिछाया जा रहा है, क्योंकि सुरंगों को बहुत अच्छा विकल्प माना जाता है। क्या सुरंगें वाकई बेहतर विकल्प हैं? कैसे हो रहा है उनका निर्माण?

सिलक्यारा की रोशनी से सबक लेने की जरूरत

दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन, उम्मीद, सकारात्मकता और हौसले की ताकत ने मिलकर आखिर प्रकृति के साथ लड़ी 17 दिन की जंग में जिन्दगी को विजयी बना दिया। सिलक्यारा सुरंग में आठ राज्यों के 41 मजदूरों को सकुशल जिन्दा निकाल लेने के 400 घंटों तक चले संघर्ष में जीत इंसान के चट्टानी हौसले के नाम दर्ज हुई। उत्तरकाशी टनल में फंसे इन सभी मजदूरों को जब मंगलवार रात सुरक्षित निकाला गया, तो देश ने राहत की सांस ली और दीपावली मनाई। यह बचाव अभियान प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय बना है।

ललित गर्ग

जिसमें विज्ञान में विश्वास एवं आस्था ने मनोबल दिया। दीपावली के दिन से टनल में फंसे मजदूरों का सुरक्षित बाहर आना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जा सकता। बचाव अभियान में हर मोड़ पर आती बाधाओं से बार-बार निराशा एवं नाउम्मीदी के बादल छाए जरूर लेकिन बचाव दल के अथक प्रयास आखिर में रंग ले ही आए। बजाव कार्य में जुटे जाम्बाज राहत कर्मियों का भरोसा, केन्द्र एवं राज्य सरकार की पूरी ताकत एवं पूरे देश की प्रार्थनाओं का ही असर था जो डर, निराशा और दुश्चिंताओं को दूर करने का हौसला बराबर देता रहा।

17 दिन तक संकटकालीन स्थितियों में मजदूरों को जीवित रखने की चुनौती वाकई बहुत बड़ी थी, जिस पर पूरी दुनिया की नजरें लगी थीं। मजदूरों तक ऑक्सीजन और भोजन पानी पहुंचाना भी आसान नहीं था। तरह-तरह की बाधाओं एवं तकलीफों के बीच जिन्दगी बचाने की मुहिम निश्चित ही एक रोशनी बनी। इसमें सुरंग में फंसे मजबूरों ने जहां हर तरह से जिजीविषा एवं बहादुरी का परिचय दिया, वहीं बचाव कार्य में जुटे वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, तकनीकी जानकारों एवं कर्मियों ने दिनरात एक करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह बचाव अभियान एवं इसकी सफलता ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय उदाहरण बनकर प्रस्तुत हुआ है। दुविधा एवं मौत की सुरंग में कैद हुए मजदूरों को संकट से आजादी मिली, लेकिन सिलक्यारा की इस घटना ने अनेक सवाल भी खड़े किए हैं। सवाल यह है कि एक प्लान के विफल होने पर दूसरा और आगे के विफल होने पर ही तीसरा, चौथा, पांचवां प्लान क्यों बना? क्या पांच प्लान पहले ही तैयार नहीं हो सकते थे? बीते दो दशकों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क-क्रांति ने विकास की नई इबारत लिखी है, चारधाम सड़क परियोजना, पहाड़ी क्षेत्रों एवं दुर्गम्य स्थलों में भी यातायात सुगम करने के लिए पहाड़ खोदकर टनल बनाए जा रहे हैं, जिनमें दुर्घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रश्न है कि संभावित दुर्घटनाओं से बचने के आवश्यक उपकरण क्यों नहीं जुटाये गये? मलबा हटाने के लिए अमरीका से क्यों मशीन मंगवानी पड़ी, भारत में ऐसी मशीनों की उपलब्धता क्यों नहीं है? ऐसी विपत्तियों एवं संकटों से उबरने की हमारी तैयारी आत्म-निर्भर एवं स्वावलम्बी क्यों नहीं बनायी जाती? क्यों नहीं अपने देश में जगह-जगह बढ़ती

सुरंग परियोजना को देखते हुए एक ऐसे राष्ट्रीय संस्थान खड़ा किया जाता जो बिना भ्रष्टाचार एवं कौताही में लिप्त हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं का हर वर्ष तकनीकी ऑडिट करे, जैसा कि सरकारी संस्थानों में वित्तीय ऑडिट होता है। तब हम ऐसे हादसों को रोक पाएंगे।

हिमालय जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी बड़ी सड़क परियोजनाओं एवं अन्य निर्माण कार्यों की इजाजत देने से पहले उस पर व्यापक मंथन-अनुसंधान-जांच एवं शोध की अपेक्षा है। किस तरह के निर्माण कार्यों की इजाजत दी जाए और किस तरह के काम को नहीं, यह भी समझना एवं एक रोडमैप बनाना होगा। पर्यावरणविद और भूविज्ञानी ऐसे निर्माण कार्यों को पर्यावरण के लिये गंभीर खतरा मानते रहे हैं, ऐसे लोग लंबे समय से कहते आ रहे हैं कि हिमालय एक कच्चा पहाड़ है, वहां बड़ी परियोजनाओं को अनुमति देने से पहले सब तरह की जांच कर लेनी चाहिए। संभावित खतरों पर संवेदनशीलता से चिन्तन करना चाहिए। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में बन रही सुरंग में भी यह बात सामने आई है कि इस जगह के आसपास दो स्थानीय फॉल्टों की उत्तर से दक्षिण तक कटान है। क्या इस सुरंग को बनाने से पहले इसका अध्ययन नहीं किया गया था? बचाव कार्य के लिए यहां आए विदेशी सुरंग विशेषज्ञों ने शेयर जोन की बात कही। शेयर जोन उसे कहते हैं, जिसके आसपास से दो नदियां एक-दूसरे को क्रॉस करती हैं। भूकंप जोन होने से भी ऐसे इलाकों में भू-धंसान की समस्या आती है। खुदाई करने वाले कई मजदूरों ने भी इस बात को रेखांकित किया एवं चेताया कि सुरंग से बार-बार धसकते मलबे की समस्या है, मगर उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्रश्न है कि कौन लोग इस उपेक्षा के लिये जिम्मेदार है। इसलिए यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर संवेदनशीलता की जरूरत है।

खान या सुरंग में मजदूरों के फंसने की घटनाएं देश ही नहीं दुनियाभर में होती रहती हैं। कभी पहाड़ के धंसने से और कभी खदानों में पानी भरने से भीषण हादसे होते रहते हैं। जहां विकास की गंगा बहती है, वहां विनाश की संभावना से नकारा नहीं जा सकता। लेकिन हमें संभावित खतरों पर अधिक गंभीर होने की अपेक्षा है। मैदानी इलाकों में ही नहीं, उच्च हिमालयी क्षेत्र में भी सड़क, रेल और जलविद्युत परियोजनाओं तक के लिए सुरंगों का जाल बिछाया जा रहा है, क्योंकि सुरंगों को बहुत अच्छा विकल्प माना जाता है। क्या सुरंगें वाकई बेहतर विकल्प हैं? कैसे हो रहा है उनका निर्माण? इन प्रश्नों पर व्यापक मंथन की अपेक्षा है। ऐसा नहीं है कि भारत में ऐसी परियोजनाएं हर जगह ऐसी दुर्घटनाओं की शिकार हुई है। कोंकण रेलवे और दिल्ली मेट्रो की कई जटिल सुरंगों पर सफलतापूर्वक काम हुआ है। उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के डायरेक्टर एंड प्लानिंग बृजेश मिश्रा के अनुसार, सुरंग परियोजना में सबसे अहम जियो टेक्निकल इंवेस्टिगेशन होता है, इसी से तय होता है कि सुरंग खुदाई के बाद कितनी देर तक टिक पाएगी। निर्माण के दौरान कोई बड़ा अवरोध या खतरा तो नहीं होगा। साथ ही, इसे किस तरह के ट्रीटमेंट की जरूरत है, पर दुर्गम पहाड़ में कई बार जांच उपकरण अधिक ऊंचाई तक ले जाना मुश्किल हो जाता है और जियो टेक्निकल इंवेस्टिगेशन पर समग्रता से कार्य नहीं होता। कई बार राजनीतिक कारणों से जल्द काम निपटाने के दबाव में सुरंग के मुहाने पर किए गए अध्ययन के आधार पर ही काम शुरू कर दिया जाता है, जो बाद में बहुत भारी पड़ता है। ऐसे मामलों में बहुत कारगर कथन है कि सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। उत्तराखंड सुरंग हादसे में शायद ऐसा ही हुआ।

सिलक्यारा की घटना से एक तथ्य और सामने आया है कि ऐसे बचाव कार्य के लिए कोई पक्की योजना हमारे पास नहीं है। इसी वजह से विदेश से मदद लेनी पड़ी। अच्छा यही होगा कि इस घटना से सबक लेकर इस तरह के बचाव कार्य की पुख्ता प्रक्रिया और सामर्थ्य देश के पास हो ताकि आने वाले वक्त में इस तरह का बचाव कार्य जल्द से जल्द और बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सके। इस हादसे से सबक लेते हुए आपदा प्रबंधन कार्यों को आधुनिक रूप देने के लिए हर संभव उपाय किए जाने चाहिए। विदेशों से हम तकनीक के मामले में मदद लेते रहते हैं।

मरती संवेदनायें - दम तोड़ते रिश्ते

तीन वर्ष पूर्व महाराष्ट्र से एक समाचार आया कि एक वृद्ध महिला अपने फ़्लैट में न जाने कितने दिनों से मरी पड़ी थी। उसके शरीर का कंकाल उसके बेड के पास पड़ा था। कई दिनों बाद पड़ोसियों को संदेह हुआ तो दरवाज़ा तोड़ा गया तो वृद्धा का कंकाल बरामद हुआ। वृद्धा का एक पुत्र था जो अमेरिका में रहता था। जब उसे उसकी मां की मौत की सूचना दी गयी तो वह आया और दो चार दिनों के भीतर ही फ़्लैट बेचकर चलता बना।

बात 1998 की है। चंडीगढ़ में पी जी आई के मुख्य द्वार के बाहर एक अति वृद्ध बुज़ुर्ग फ़ुटपाथ पर कई दिनों से एक ही जगह पर बैठा रहा। लोगों ने जब उससे उसके बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि -एक सप्ताह पहले पंजाब के किसी गांव से वह अपने बेटे के साथ इलाज कराने पी जी आई आया था। उसके बाद मेरा बेटा मुझे इसी जगह पर बिठा कर चला गया और आज तक मुड़ कर नहीं आया। उस वृद्ध की हालत देखकर लोगों को यह समझने में देर नहीं लगी कि उसका बेटा अपने बुज़ुर्ग पिता की बीमारी और तीमारदारी से ऊब कर उसे पी जी आई में इलाज के बहाने लाकर

निर्मल रानी

यहां छोड़ कर चला गया। जब लोगों ने उस बुज़ुर्ग को वापस उसके घर पहुँचाने की बात की तो वह राज़ी नहीं हुआ। वह कहता कि जब मेरा बेटा ही मुझसे दुखी होकर मुझे छोड़ गया तो मैं फिर उसे दुखी करने के लिये घर जाकर क्या करूँगा? आख़िरकार कुछ समाजसेवियों की मदद से उसे किसी अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। 25 वर्ष पूर्व की यह घटना देखकर यह अहसास होने लगा था कि शायद मानवीय संवेदनाओं ने कराहना शुरू कर दिया है। परन्तु यह एहसास क़तई नहीं था कि मानवीय संवेदनाओं के दरकने का यह सिलसिला तथाकथित संभ्रांत परिवारों यहां तक कि सेलेब्रिटी स्तर के लोगों के परिवार में भी जा पहुंचेगा? तीन वर्ष पूर्व महाराष्ट्र से एक समाचार आया कि एक वृद्ध महिला अपने फ़्लैट में न जाने कितने दिनों से मरी पड़ी थी। उसके शरीर का कंकाल उसके बेड के पास पड़ा था। कई दिनों बाद पड़ोसियों को संदेह हुआ तो दरवाज़ा तोड़ा गया तो वृद्धा का कंकाल बरामद हुआ। वृद्धा का एक पुत्र था जो अमेरिका में रहता था । जब उसे उसकी मां की मौत की सूचना दी गयी तो वह आया और दो चार दिनों के भीतर ही फ़्लैट बेचकर चलता बना। वैसे भी आप यदि शहरों में वृद्धाश्रम में जाकर देखें तो तमाम कथित संभ्रांत परिवार के लोग वहां अपनी ज़िंदिगी की आख़िरी दिन अपने परिवार से दूर रहकर गुज़ारते दिखाई जायेंगे। संभव है कि कुछ बुज़ुर्गों को अपने अड़ियल व रूढ़िवादी सोच विचार के चलते यह दिन देखने पड़ते हों। परन्तु अधिकांश मामलों में यही देखा गया है कि बच्चों व उनके परिवार का स्वार्थपूर्ण रवैय्या और मां बाप के प्रति उनकी बेरुख़ी ही मां बाप जैसे पवित्र व मज़बूत रिश्तों में भी दरार पैदा कर देती है।

रेमंड ग्रुप के चेयरमैन पद्मभूषण विजयपत सिंघानिया को देश दुनिया में आख़िर कौन नहीं जानता। 37 मंज़िला जेके हाउस, प्राइवेट जेट,अंतराष्ट्रीय स्तर के हॉट बैलून फ़्लाइंग विशेषज्ञ, हज़ारों करोड़ की संपत्ति, देश के नामी ग्रामी उद्योग पतियों की सूची में नाम, इज़्ज़त-मान-सम्मान क्या नहीं था विजयपत सिंघानिया के पास। विजयपत सिंघानिया ने अपने बेटे

गौतम सिंघानिया को लगभग 12000 करोड़ रूपये का व्यवसायिक साम्राज्य सौंप दिया था । रेमंड साम्राज्य पर क़ब्ज़ा होते ही गौतम सिंघानिया ने अपने मां बाप की तरफ़ से आँखें फेर लीं। इतनी बड़ी शख़्सियत के मालिक पिता को उसी के आलिशान घर से बेटे गौतम ने बाहर निकाल दिया। कंपनी के सारे अधिकार पिता के हाथों से छीन लिए।और उन्हें दर दर भटकने के लिये छोड़ दिया। ख़बर है कि अब यह बुज़ुर्ग दंपत्ति किसी किराये के मकान में अपना वक़्त गुज़ार रहा है।

इसी तरह पिछले दिनों सहारा ग्रुप के संस्थापक व स्वामी सुब्रत राय सहाराश्री का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। देश के मीडिया में जितनी चर्चा उनके देहांत की हुई उतनी ही चर्चा इस बात की भी रही कि सहारा श्री के अंतिम संस्कार में न तो उनकी पत्नी शामिल हुई न ही उनके दोनों बेटे। बल्कि उनके एक पौत्र हिमांक ने मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया। सहारा श्री की व्यावसायिक अनियमिततायें क्या थीं क्या नहीं इससे मेरा सरोकार नहीं परन्तु सहाराश्री के मानवीयता पूर्ण चरित्र का हर एक क़ायल था। 2004 में सहारा श्री ने जब अपने दोनों बेटों सीमांतो और सुशांतो की शादी लखनऊ स्थित सहारा शहर में की थी उस समय 500 करोड़ की यह शादी देश की सबसे मंहगी शादी के रूप में चर्चित हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर सोनिया गांधी, शरद पवार, मुलायम सिंह यादव, अमर सिंह, राजनाथ सिंह, पूर्व पीएम चंद्रशेखर, लालू प्रसाद यादव, प्रमोद महाजन, मायावती, शिबू सोरेन, सुरेश कलमाड़ी जैसे राजनीति के अनेक दिग्गज व फ़िल्म व खेल जगत के तमाम नामी लोग शरीक हुये थे। मेहमानों की अगुआनी स्वयं सुपर स्टार अमिताभ बच्चन और उद्योगपति अनिल अंबानी जैसे लोग कर रहे थे।

परन्तु इसी शादी का सबसे बड़ा मानवीय पक्ष यह था कि अपने पुत्रों के इसी भव्य विवाह समारोह के साथ ही सहारा इण्डिया परिवार ने समाजोपयोगी कार्यक्रम के तहत एक 'सामूहिक विवाह समारोह' का भव्य आयोजन लखनऊ के इसी सहारा शहर में किया। इसमें समाज के ग़रीब तबक़े की 101 कन्याओं का विवाह कराया गया। एक ही जगह एक साथ हिन्दू, मुस्लिम, सिख व ईसाई धर्म से जुड़े लोगों का विवाह उनके धार्मिक रीति रिवाजों के अनुसार सम्पन्न कराकर सामाजिक सद्भाव व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की गयी। इस ख़बर ने पूरे देश के लोगों में सहारा श्री के प्रति स्नेह व सम्मान का भाव पैदा किया। और सहारा श्री को सम्मान की नज़रों से देखने वाला वही वर्ग आज इस बात को लेकर चिंतित भी नज़र आया कि जिसने अपने बेटे की शादी में न केवल भव्यता में कीर्तिमान बनाया बल्कि साथ ही 101 ग़रीब जोड़ों की भी शादी कराकर हज़ारों लाखों लोगों के दिलों की दुआयें भी लीं,वही महान व्यक्ति आख़िर किन परिस्थितियों में अपने जीवन के अंतिम समय में अपने उन्हीं बेटों और जीवन संगिनी पत्नी तक को न देख सका?

शायद समाज में मरती संवेदनाओं की इसी नब्ज़ को पहचानते हुए अब इसे व्यवसायिक रूप देने के भी प्रयास शुरू हो गए हैं। अब कुछ कंपनियां अंतिम संस्कार का व्यवसाय करने जा रही हैं। हमारे देश के मानवीय मूल्यों को शर्मसार करने वाली ऐसी ही एक कंपनी का सदस्यता शुल्क रु. 37500/- है। इन पैसों में पुजारी, नाई, कन्धा देने वाले, साथ चलने वाले, राम के नाम पर सत्य बोलने वाले, सब शामिल होंगे। ऐसी ही एक एक नई स्टार्टअप कंपनी ने 50 लाख रुपये का मुनाफ़ा कमा भी लिया है। संचालकों को उम्मीद है कि भविष्य में उनकी कंपनी 2000 करोड़ रुपये तक के कारोबार तक पहुंच सकती है। क्योंकि कंपनी संचालकों को भी मालूम है कि हमारे देश में किसी के पास रिश्ते निभाने का समय नहीं है। क्योंकि अब रिश्ते भी दम तोड़ रहे हैं और मानवीय संवेदनायें भी मरती जा रही हैं।

भाजपा के दांव और कांग्रेस के एम फैक्टर में उलझे ओवैसी

ओवैसी के राष्ट्रीय राजनीति में उभार के बाद से मुसलमान राजनीतिक हाशिए पर जा रहे हैं। वजह साफ है कि सेक्युलर दल मुसलमानों को टिकट देने से डरने लगे हैं।क्यों कि वह हर उस सीट से अपना प्रत्याशी उतार देते हैं,जहां मुसलमान प्रभावी होते हैं। ओवैसी की मजलिस की मंशा पर बार बार सवाल इस लिए भी खड़े होते हैं कि वह यूपी में 95, बिहार में बिहार में 20 और गुजरात में 13 उम्मीदवार मैदान में उतारते हैं,लेकिन अपने गढ़ तेलंगाना में 119 सदस्यीय विधानसभा में 9-10 उम्मीदवार लड़ाते हैं। जबकि तेलंगाना की कुल 3.51 करोड़ आबादी में 13 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं।

देश भर में घूम घूम कर मुस्लिम हितों की बात करने और अपने को मुसलमानों का मसीहा बताने वाले असद उद्दीन ओवैसी से मुस्लिम राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ा है,ये यक्ष प्रश्न है। वह अपने को कहते तो सेक्युलर हैं, लेकिन उनकी पहचान तीखे भाषणों और लगभग एकपक्षीय नजरिये की है।जिसके केंद्र बिन्दु में केवल और केवल मुसलमान रहते हैं।मुसलमान आधारित राजनीति करने वाले बदरूद्दीन अजमल या इंडियन मुस्लिम लीग ने अपने को एक दायरे में बांध रखा है।इस लिए उनका राष्ट्रीय स्तर पर उनका कोई असर नहीं दिखाई देता है। लेकिन एआईएमआईएम की चाहत उत्तर भारत के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भी फैलने की है।ये

शाहिद नकवी

देश साझी संस्कृतिक विरासत वाला है।जहां सूफी संतों ने समाज पर गहरे तक प्रभाव डाला है,वहां एक पक्षीय या यूं कहें कि एक समुदाय को लेकर राजनीति या किसी क्षेत्र में लम्बी दूरी तय नहीं की जा सकती है।

ये साझी विरासत का ही नतीजा था कि बहुसंख्यक समाज ने भी कई बार अपना प्रतिनिधि एक मुसलमान को चुना। अज़ीज़ कुरैशी,बैरिस्टर गुलशेर अहमद, न्याज़ हसन खां, सईद अहमद जैसे बहुत से नाम हैं,जो अधिक बहुसंख्यक आबादी से चुनाव जीते।वहीं 52 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले रामपुर से भाजपा के आकाश सक्सेना विधानसभा तो राम सिंह लोधी लोकसभा चुनाव जीत जाते हैं।तो ये दोनों समुदायों के वोट से ही सम्भव हुआ था।मुझे ये कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि बिना हिंदू मतों के कोई मुसलमान,अपनी बड़ी आबादी वाले क्षेत्रों से भी चुनावी सफलता हासिल नहीं कर सकता है।देश में पिछले सात साल में आये तमाम बदलाव के बाद पुरातन साझी विरासत सम्प्रदाय वाद पर भारी है।एक उदाहरण देखिए उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले की रूदौली विधानसभा क्षेत्र के मवई ब्लाक के रजनपुर गांव में हाफ़िज अजीम उद्दीन ने प्रधानी का छोटा चुनाव जीता।लेकिन खास ये है कि वह गांव के एक लौते मुस्लिम हैं,पूरे गांव की 99.9 फीसदी आबादी हिंदू है।फिर भी बहुसंख्यक आबादी ने अपना प्रतिनिधि एक मुसलमान को चुनना पसंद किया।

ओवैसी के राष्ट्रीय राजनीति में उभार के बाद से मुसलमान राजनीतिक हाशिए पर जा रहे हैं। वजह साफ है कि सेक्युलर दल मुसलमानों को टिकट देने से डरने लगे हैं।क्यों कि वह हर उस सीट से अपना प्रत्याशी उतार देते हैं,जहां मुसलमान प्रभावी होते हैं।ओवैसी की मजलिस की मंशा पर बार बार सवाल इस लिए भी खड़े होते हैं कि वह यूपी में 95, बिहार में बिहार में 20 और गुजरात में 13 उम्मीदवार मैदान में उतारते हैं,लेकिन अपने गढ़ तेलंगाना में 119 सदस्यीय विधानसभा में 9-10 उम्मीदवार लड़ाते हैं।जबकि तेलंगाना की कुल 3.51 करोड़

आबादी में 13 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं। राज्य की करीब 46 विधानसभा सीटों पर मुस्लिमों का खासा प्रभाव है। इनमें से हैदराबाद की 10 सीटों पर 30 से 50 फीसदी के बीच मुस्लिम हैं,जबकि 20 सीटों पर 15 फीसदी से 30 फीसदी के बीच हैं।इसके अलावा 15 सीटों पर 10 से 15 फीसदी के बीच मुस्लिम वोटर्स हैं।अगर राज्य की सभी सीटों का आकलन करें, तो हैदराबाद की 10 सीटों पर औसतन 40 फ़ीसदी मुसलमान प्रभावी रूप से न सिर्फ मतदाता हैं,बल्कि हार-जीत उनके वोट पर ही निर्भर करती है।

ओवैसी एक तरफ तो भाजपा पर मुस्लिमों के सियासी बहिष्कार का आरोप लगाते हैं,लेकिन खुद हैदराबाद में दूसरा मुस्लिम नेता नहीं खड़े होने देते।हैदराबाद लोकसभा सीट पर 39 साल से ओवैसी परिवार का कब्जा है।मजलिस में उनके बाद,भाई अकबरूद्दीन ओवैसी का जलवा है। पार्टी में ही किसी दूसरे मुस्लिम नेता को पनपने नहीं दिया। वह मुसलमानों के कितने हम दर्द हैं? हैदराबाद की जुबली हिल्स के मौजूदा चुनावी माहौल से भी समझा जा सकता है।इस बार उन्होंने जुबली हिल्स से मुस्लिम प्रत्याशी उतारा, क्योंकि कांग्रेस ने पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मो.अजहरुद्दीन को टिकट दिया है।जबकि मजलिस ने 2018 में यहां चुनाव नहीं लड़ा,वहीं 2014 में हिंदू को टिकट दिया था।वहीं उन्होंने इस बार हैदराबाद की ही गोशा महल विधानसभा सीट से भाजपा के टी राजा के खिलाफ अपना प्रत्याशी नहीं उतारा।उधर वह भाजपा पर साम्प्रदायिक राजनीति का आरोप लगा कर,उत्तर भारत के राज्यों में समय समय पर तीन तलाक़, हलाल और हिजाब का मुद्दे उठा कर खुद सियासत के भाईजान बनना चाहते हैं।ओवैसी तेलंगाना में पांच साल अघोषित रूप से सत्ताधारी दल के साथ रहे हैं,लेकिन वह विकास के नाम पर वोट नहीं मांगते हैं।उनके पक्ष में मतदान के लिए उलमा अपील कर रहे हैं।कर्नाटक के मुसलमानों तक ओवैसी की पहुंच विफल रही हैं।लेकिन तेलंगाना में 2014 के बाद से चुनावों में एआईएमआईएम के समर्थन ने केसीआर को भरपूर लाभ दिया है।2023 में केसीआर की हैट्रिक की कोशिश काफी हद तक औवेसी के समर्थन पर निर्भर है। लेकिन मुस्लिम मतदाताओं का राजनीतिक मिजाज इस बार पहले की तरह बदलता दिख रहा है,जिससे ओवैसी और केसीआर के आकर्षण का काम करना मुश्किल हो गया है।उसकी एक बड़ी वजह भाजपा के खिलाफ एक योद्धा के रूप में केसीआर की साख विश्वसनीय नहीं रही है।

मुंबई विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के पूर्व प्रोफेसर जहीर अली ने सन 2019 में एक वेबसाइट से कहा था कि एआईएमआईएम सत्ता में कभी नहीं आ सकती है।वह केवल राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों की चुनावी संभावनाओं को कम करेगी।उनका कहना था कि यह मुसलमानों के लिए एक आत्मघाती विकल्प है।बहरहाल दक्षिण भारत के गेटवे वाले इस राज्य में इस बार सियासी माहौल कुछ अलग सा है। खास कर गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रैलियों के बाद भाजपा ने जहां खुलकर राज्य में मुसलमान को दिए गए चार फीसदी आरक्षण को समाप्त करने का एलान किया है।वहीं कांग्रेस ने अलग से मुसलमानों के लिए जारी किए गए घोषणा पत्र से एम फैक्टर को साधने की एक बड़ी सियासी चाल चली है।सियासी जानकारों का मानना है कि इस राज्य में चुनावी परिणाम जो भी हों,लेकिन एम फैक्टर के लिहाज से देश के अलग-अलग हिस्सों में तेलंगाना को एक बड़ी राजनीतिक प्रयोगशाला के तौर पर देखा जा रहा है।अमित शाह के आरक्षण संबंधी सटीक दांव,कर्नाटक फतह के बाद कांग्रेस के नए जोश ने तेलंगाना के बेहद साक्षर मतदाताओं के सामने इस बार नये विकल्प पेश किए हैं।तेलंगाना के नतीजों का असर लोकसभा चुनावों के साथ आने वाले विधानसभा चुनावों में भी पड़ने की सम्भावना है।

डीपीएस में मनाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

रोड सेफ्टी तब याद आती है जब आप किसी अपने को खो देते हैः संजय कुमार वर्मा

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। दिल्ली पब्लिक स्कूल में बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय कुमार वर्मा एवम विशिष्ट अतिथि एआरटीओ बृजेश यादव के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात प्रिंसिपल भावना सिंह ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में इटावा यातायात पुलिस के टीएसआई सूबेदार सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों की विस्तार से जानकारी देते हुए सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई। जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि, हमारे देश में प्रति वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लाखों लोग अपनी जान गंवा देते है जिसमे से 70 प्रतिशत लोग बाइकर्स ही होते है और सड़क दुर्घटनाओ में हुई मौत के मुख्य कारणों में शराब पीकर गाड़ी चलाना, सीट बेल्ट न बांधना, मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाना और हाई स्पीड के साथ बाइक पर हेलमेट न पहनना ही मुख्य कारण भी होते है। उन्होंने सभी बच्चो से आग्रह किया कि वो अपने अपने घरों में अपने मां बाप भाई बहनों को भी अवश्य जागरूक करे और सड़क पर गलती करने पर अवश्य ही टोकें क्यों कि, आपके टोकने से ही सड़क पर किसी की अमूल्य जिंदगी भी बचाई जा सकती है। एसएसपी सर ने सभी बच्चों को पढ़ाई में मन लगाकर पढ़ने के टिप्स देते हुए मोटिवेट किया और कहा कि, जीवन में आप कभी भी दूसरों से ऐसा कोई भी बुरा व्यवहार न करें जो आप अपने साथ नही होने देना चाहते है। अतःसड़क पर कभी भी गलत साइड से गाड़ी को ओवरटेक बिल्कुल भी न करें। विशिष्ट अतिथि एआरटीओ बृजेश यादव ने कहा कि, आज कल प्रत्येक 54 सेकेंड में एक सड़क दुर्घटना घटित होती है और दो से तीन मिनट में एक मौत होती है। स्कूल ड्राइवर भी ध्यान रखें कि, सभी बच्चे बस से सुरक्षित उतर गए है या नहीं साथ ही यू टर्न पर कभी भी स्पीड में गाड़ी को न मोड़ें और साइड लाइट के संकेतों का पालन करें। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने सभी बच्चो को रोड सेफ्टी की शपथ भी दिलाई और दिल्ली पब्लिक स्कूल को यह जानकर बधाई दी की उनके यहां कोई भी 18 वर्ष से कम उम्र का बच्चा कभी भी बाइक लेकर स्कूल पढ़ने नही आता है। अंत में प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी अतिथियों का बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए आभार प्रकट किया।

अभिजीत ने पिता का सपना किया साकार, लेफ्टिनेंट पद पर हुआ चयन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा, उदी। पिता के सपने को साकार करने के लिए एक बेटे ने दिन रात मेहनत करके अपने बड़े भाई सर्वजीत सिंह भदौरिया के सहयोग से अपने पिता स्वर्गीय कौशल सिंह भदौरिया का सपना साकार करके दिखाया है। बता दे कि अपने मूल निवासी जनपद इटावा के उदी से मुरैना मध्य प्रदेश पुलिस लाइन में रहने वाले 25 वर्षीय युवक अभिजीत सिंह भदौरिया का भारतीय थल सेना आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ है। अभिजीत सिंह भदौरिया ने इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून ऑल इंडिया में 11 वीं रैंक हांसिल की है। उदी गांव मूल निवासी अभिजीत सिंह भदौरिया के पिता कौशल सिंह भदौरिया का सपना था कि उनका बेटा देश सेवा के लिए किसी बड़े पर आसीन हो। पिता का देहांत नौकरी के दौरान हो गया था। जिसके बाद अभिजीत के बड़े भाई सर्वजीत सिंह भदोरिया जो कि आज मध्य प्रदेश पुलिस में पदस्थ हैं उन्होंने पूरी जिम्मेदारी संभाली और पूरा सहयोग किया जिससे दिन-रात मेहनत करके अपने छोटे भाई को लेफ्टिनेंट के पद पर पहुंचाया है।

वहीं बड़े पद पर चयन होने पर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी इस उपलब्धि पर समस्त परिवार जनों व अभिजीत को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही इस खुशी के मौके पर उनके परिवारजन, शिक्षक एवं इष्ट मित्रों के द्वारा माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया है। अभिजीत सिंह का कहना है कि अगर कोई भी व्यक्ति हौसला बुलंद कर ले तो मंजिल उसके कदमों में रहती है और उसे कोई भी दुनिया की ताकत रोक नहीं सकती है। खुशी के इस अवसर पर अभिजीत सिंह भदौरिया ने सहयोगी शिक्षक दीपक कुलश्रेष्ठ एवं पिता तुल्य अंकल बालिस्टर सिंह तोमर का भी अपने गृह निवास इटावा बढ़पुरा पारपटी उदी गांव बड़े बुजुर्गों सहित आभार व्यक्त किया है।

कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। उप कृषि निदेशक रामकुमार माथुर ने अवगत कराया है भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत विकास खण्ड-फरह की ग्राम पंचायत भाहई में प्रथम पाली एवं ग्राम पंचायत धर्मपुरा में द्वितीय पाली में कार्यक्क्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रचार वैन के माध्यम से भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की वीडियो उपस्थित कृषकों एवं ग्रामीणों को दिखायी गयी। उप कृषि निदेशक, मथुरा ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी तथा कृषकों को कृषि सम्बन्धी नवीनतम तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गयी। जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड द्वारा विभागीय योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। अग्रणी जिला प्रबन्धक केनरा बैंक द्वारा बैंको के गाध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित कृषकों / ग्रामीणों की बैंक सम्बन्धी जिज्ञासाओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग का स्टाल लगाकर पी0एम0-किसान, पी0एम0 प्रणाम, एफ0पी0ओ0, गौ-आधारित (प्राकृतिक खेती), श्री अन्न (मिलेट्स) आदि के विषय में सम्बन्धित क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा जागरूक करते हुए प्रचार-प्रसार हेतु पम्पलेट्स का वितरण किया गया। साथ ही दोनों ही गाँव से पी0एम0-किसान योजना के 05-05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इफको द्वारा गाँव-भाहई एवं धर्मपुरा में कृषकों के प्रक्षेत्र पर ड्रोन प्रदर्शन किया गया।

सैनिक सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर भारती को शिविर आयोजित होंगे

मथुरा। जिला मथुरा के समस्त विकासखंड कार्यालय (ब्लॉक) में दिनांक 05 दिसंबर से 16 दिसंबर -2023 तक सैनिक सुरक्षा जवान और सैनिक सुरक्षा सुपरवाइजर के लगाए जाएंगे भर्ती शिवर। मथुरा जिले के समस्त ब्लॉक लेवल पर एस0आई0एस0 सिक्युरिटी इण्डिया लिमिटेड न्यू दिल्ली के द्वारा सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र मे अपना भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर है। उक्त जानकारी भर्ती अधिकारी पी एन मल्लिक जी ने देते हुए बताया है कि भर्ती हेतु सुरक्षा जवान की शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट, लम्बाई- 167.5 सेमी0 और सुरक्षा सुपरवाइजर की लम्बाई- 170 सेमी0 व उम्र-21 से 37 वर्ष एवं वजन- 56 से 90 किग्रा होना चाहिए।

सर्वजन सुखाय पार्टी की विशाल सामाजिक न्याय रैली 24 दिसम्बर को इटावा में

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। बुधवार को सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में पार्टी के प्रधान कार्यालय अड्डा निहाल, मानिकपुर मोड़ पर इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, कन्नौज, मैनपुरी और आगरा जनपद के सर्वजन सुखाय पार्टी के जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की गई, जिसमें पार्टी की तमाम गतिविधियों पर चर्चा हुई, पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार कैसे किया जाये इस बात पर चर्चा हुई और बाद में 24 दिसम्बर 2023 दिन रविवार को पार्टी की विशाल सामाजिक न्याय रैली जोकि इटावा रामलीला मैदान, रामलीला रोड, इटावा पर आयोजित की जायेगीइसको कैसे सफल बनाया जाये इन बातों पर भी चर्चा हुई और सभी जिले के जिलाध्यक्षों को रैली की जिम्मेदारी, रैली की व्यवस्था, भीड़ जुटाने की व्यवस्था, गाड़ियों की व्यवस्था एवं उसके लिये आर्थिक प्रबन्धन करने की व्यवस्था सौंपी गयी। उक्त जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को बहुत अच्छे वातावरण के साथ पार्टी की मीटिंग सम्पन्न हुई।

संक्षिप्त समाचार

सर्दी में गर्म कपड़े पहनाकर निकाले बच्चों को, सर्द हवाओं से करें बचावः डॉ.एस.सी गुप्ता

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। बदलते मौसम में छोटे बच्चों के लिए बरते सावधानी। जिन बच्चों की इमनुटी कम होती है उनको निमोनिया, फेफड़ों में जकरड़ की समस्या हो सकती है सर्दी के मौसम में बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर रखें, गर्म चीज़ों का इस्तेमाल करें जैसे गुड़, मूगफली, मैथी, बथुआ इत्यादि का इस्तेमाल करें। बच्चों को ठंडी हवाओं से बचाव करें। उक्त बात आई एम ए के अध्यक्ष डॉ.एस.सी.गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि बच्चें फ़ास्ट फूड, कोल्ड्रिंक से परहेज करें। आगे उन्होंने कहा कि फास्ट फूड में केमिकल और नमक की अधिकता होने के कारण आंतो व लिवर पर असर पड़ता है जिससे खून की कमी और पेट की बीमारियां अथवा पाचन की समस्याये बनी रहती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए स्वस्थ्य भोजन स्वस्थ्य लाइफ स्टाइल। अंत में उन्होंने कहा कि सुबह का टहलना और व्यायाम अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक

हरदोई। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने मंडी सचिव की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग को लक्ष्य के अनुरूप अंडा उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। श्रम विभाग को कन्या विवाह सहायता योजना के लंबित आवेदनों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार के सभी लंबित आवेदनों के निस्तारण के निर्देश उद्योग विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि समस्त विभाग फ्लैगशिप स्कीमों से संबंधित सूचनाएं अपने विभागीय पोर्टल पर ससमय फीड कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्थाएं कार्य प्रगति संबंधी सूचना संबंधित पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष के सामने उठाया निष्ठावान कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का मुद्दा

मथुरा। भाजपा में निष्ठावान कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का मुद्दा प्रदेश अध्यक्ष तक पहुंच गया है। ब्रज क्षेत्र सहसंयोजक मीडिया विभाग भाजपा इंजीनियर वीरभान सिंह चौधरी पार्टी संगठन से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की एवं उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र को अवगत कराया। भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र से लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात की। संगठन में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को स्थान देने की बात की एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं का समय समय पर अपमान होता है। किसी भी वीआईपी के मथुरा आगमन पर कर्मठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी का पास तक नहीं बनाया जाता एवं उनका शोषण किया जाता है। उस पर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित कराया। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह जी ने बताया संगठन में जिला मंडल सेक्टर एवं बूथ स्तर से पार्टी का नेतृत्व काम करता है। कुछ अवसरवादी प्रोफेशनल लोग संगठन के लोगों को गुमराह करके संगठन में प्रवेश कर जाते हैं। मगर समय आने पर उनका भंडाफोड़ हो जाता है। इसलिए आप संगठन का काम करिए संगठन मजबूत करने के लिए कार्य करिए पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करिए कौन अच्छा है, कौन अच्छा नहीं है।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी करेंगे अनिश्चित कालीन हड़ताल

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के साथ गठित पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच के अंतरगत पुरानी पेंशन बहाली हेतु वर्ष 2023 संघर्ष वर्ष के रूप में घोषित किया गया था। इस वर्ष चरणवद्ध तरीके से धरना प्रदर्शन, बाइक रेली, मशाल जुलूस, पुरानी पेंशन बहाली हेतु रथ यात्रा के साथ गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

इन सभी चरणवद्ध कार्यक्रमों के उपरांत भी केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। ऐसी स्थिति में पुरानी पेंशन बहाली मंच द्वारा हड़ताल पर जाने के लिए सहमति पत्र भरवाए जाने का बृहद कार्यक्रम किया गया प्रदेश भर के कर्मचारियों के साथ केंद्रीय कर्मचारियों एवं रेलवे कर्मचारियों द्वारा शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा सहमति पत्र भरवाए गए। देशभर के रेलवे कर्मचारी द्वारा पुरानी पेंशन बहाल न होने की स्थिति में हड़ताल पर जाने का सहमति पत्र गुप्त मतदान करा कर 90 प्रतिशत से अधिक रेलवे कर्मचारी द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से हड़ताल पर जाने का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव, कार्यवाहक अध्यक्ष रिजवान अहमद, वरिष्ठ उपाध्याय पूरन सिंह, प्रशान्त पोरवाल, ऑडिटर राम तेज यादव, संरक्षक रामवीर सिंह यादव, प्रदीप सक्सेना, राकेश यादव आदि ने प्रेस वार्ता के दौरान अवगत कराया केंद्र व राज्य सरकार कर्मचारियों की विगत लंबे समय से एक सुत्रिय मांग पुरानी पेंशन बहाली पर कोई निर्णय नहीं ले रही है। अब समय आ गया है जब केंद्रीय प्रदेश स्तरीय एवं रेलवे कर्मचारियों के साथ मिल कर माह जनवरी में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा किया जाना प्रस्तावित है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद् पुरानी पेंशन बहाली मंच ने केन्द्रीय एवं राज्य सरकार से अपील की है कि समय रहते हुए केन्द्र व राज्य सरकार 1अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त अधिकारीयों एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली कर दे अन्यथा की स्थिति में देश भर के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल कर प्रदेश एवं देश की सारी व्यवस्थाएं जाम कर देंगें और निकट भविष्य में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी सरकार को इसका खामियाजा भुगतान होगा। पुरानी पेंशन बहाली होने की स्थिति में हड़ताल पर जाने के सहमति पत्र भरवाने में मुख्य रूप से समीउद्दीन, ब्रजलाल, गायत्री, सौरव, दुर्गेश अग्रवाल, राजकुमारी, डॉक्टर शैलेन्द्र यादव, अनूप कांत यादव, रेखा आर्य, उपासना, ललित यादव, देवेश यादव, अरूण सोनी, विश्व विजय, राखी मित्तल आदि सभी साथियों का सहयोग रहा।

गोवर्धन में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

मथुरा। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में 29 नबम्बर को ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत थाना गोवर्धन क्षेत्रान्तर्गत बाबूलाल डिग्री कॉलेज गोवर्धन मथुरा पर श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मथुरा के नेतृत्व में श्रीमान क्षेत्राधिकारी गोवर्धन मथुरा व यूनिसेफ के प्रतिनिधि श्री राजेश सैनी व अमरेन्द्र सिंह एवं काउंसलर चारू शर्मा व विपिन दीक्षित तथा थाना गोवर्धन पुलिस टीम द्वारा ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर अध्यापको, आशा कार्यकर्ता, प्रधान, पूर्व प्रधान, स्वयमं सहायता ग्रुप की महिलाए, ग्राम के सम्भ्रान्त व्यक्तियों को ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रियान्वयन उद्देश्य एवं अभियान को सफल बनाने के संबंध में साइबर अपराध, बालिकाओं को साइबर हिंसा/यौन शोषण से बचाव हेतु जागरूक व सचेत करना, पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरूक व सचेत करना, किशोरियों के साथ हेल्दी रिलेशनशिप व जीवनशैली पर अभिभावकों को जागरूक करना, महिलाओं/ बालिकाओं को अपने अधिकारों व सुरक्षा के बारे में समझ व जागरूकता पैदा करना।

युवा संसद में छठी से नवीं कक्षा के छात्रों ने लिया भाग

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। मलिहामउ स्थित पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय स्कूल में छात्रों ने युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया।

युवा संसद में छठी से नवीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने देश की संसद की तरह पक्ष विपक्ष की भूमिका में बहस की। स्कूल के प्राचार्य श्री मोहम्मद राशिद जी का स्वागत अध्यक्ष अंशिता तथा प्रधानमंत्री बने कृष्णम किया । प्रधानाचार्य ने युवा संसद के अच्छे आयोजन के लिए विद्यार्थियों और आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्ज्वलन तथा स्वागत गान से हुआ। युवा संसद कार्यक्रम में सबसे पहले युवा सांसदों द्वारा शपथ ग्रहण किया गया। उसके बाद दिवंगत नौसेना जवानों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। विपक्ष की भूमिका में छात्रों ने सत्ता पक्ष पर बढ़ती महंगाई को रोकने के उपाय पर सवाल पूछे। मंत्रियों ने प्रधानमंत्री की भूमिका निभा रहे कृष्णम शुक्ला के नेतृत्व में देश में हो रहे चहुंमुखी विकास के बारे में अलग-अलग क्षेत्रों के विकास की जानकारी संसद को उपलब्ध कराई। युवा संसद कार्यक्रम के आयोजक शिक्षक श्री राजेश आर्य (टीजीटी, सामाजिक विज्ञान) तथा श्री संजीव कुमार (पीजीटी कंप्यूटर साइंस) ने सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। डा. अर्चना सिंह (पीजीटी इंग्लिश) द्वारा मंच संचालन किया गया। श्री आदेश(लाइब्रेरियन), श्री साहिल, गुलफिशा, श्री आमिर खान इत्यादि ने भरपूर सहयोग दिया। राष्ट्रगान के साथ युवा संसद का समापन हुआ।

हाईवे पर बारातियों से भरा टेंपो ट्रेवलर दुर्घटना ग्रस्त

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। देर रात्रि थाना कोसीकलां की बठैन गेट पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारातियों से भरे टेंपो ट्रेवलर की दिल्ली की तरफ जा रहे ट्रक से भीषण भिड़ंत हो गयी। भिंडत इतनी जबर्दस्त थी कि ट्रेवलर के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। इस भीषण हादसे में चार बरातियों की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। जानकारी के अनुसार गत दिन हरियाणा के पलवल के दीघोट औरंगाबाद से बरात छाता के गांव उमराया नि. गिर्राज के यहां बारात आई थी। उसमें शामिल होने के लिए 15 बाराती एक टैंपो ट्रैवलर से पहुंचे। यहां से ट्रैवलर सवार बराती देर रात खाना खाकर पलवल जा रहे थे। ट्रैवलर गाडी जैसे ही राजमार्ग पर बठैन गेट चौकी के समीप पहुंची तो आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गये। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना को देख राजमार्ग पर दौड़ रहे वाहनों की गति धीमी हो गयी। इसी दौरान अन्य वाहन स्वामी अपने वाहनों को रोककर बचाव की ओर दौड़ पड़े। इसी दौरान सूचना मिलते ही राजमार्ग प्राधिकरण की पेट्रोलिंग टीम एवं पुलिस फोसे मौके पर पहुचे गए। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से घायलों को ट्रेवलर से बाहर निकाल उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार बालियान ने बताया कि उपचार के दौरान पलवल के औरंगाबाद गोपालगढ़ निवासी ध्रुव पुत्र रोहताश, चुन्नी लाल पुत्र कल्लू, श्याम पुत्र भुले, दलवीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह की मौत हो गई जबकि मोहित, रोहन, उनके पिता रोहताश, नवीन घायल हो गए। चार घायलों को उपचार के लिए केडी मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने वाहनों को किनारे कर आवागमन सुचारू कराया।

चतुः सम्प्रदाय द्वारा शचिनन्दन दास बाबा को दी गई महन्ताई

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। चतुः सम्प्रदाय विरक्त वैष्णव परिषद् द्वारा श्री शचिनन्दन दास बाबा महाराज को महन्ताई दी गयी इस अवसर पर दो सौ से अधिक आश्रमों, तीनों अनी अखाड़ों के महन्तों ने मिलकर चादर प्रदान की। यह आयोजन चतुः सम्प्रदाय के श्रीमहन्त श्री फूलडोल बिहारी दास जी की अध्यक्षता में श्री बंशीधारी मंदिर केशी घाट, वृन्दावन में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर वृन्दावन, मथुरा, गोवर्धन, राधाकुण्ड़ आदि स्थानों के लगभग 275 आस्थानों, अखाड़ों के महन्त, श्रीमहन्त ने उपस्थित रह कर श्री शचिनन्दन दास बाबा महाराज को महन्ताई दी तथा बाबा को सम्मान स्वरूप चादर भी प्रदान की। इस अवसर पर चतुः सम्प्रदाय की छड़ियों (ध्वजों) को उक्त स्थान पर स्थापित किया गया था। इस सम्बन्ध में गिरधारी कुटीर गौरा नगर वृन्दावन के पुर्षोत्तम दास कोतवाल ने बताया कि तीनों अनी अखाड़ों के महन्तों ने मिलकर शचिनन्दन दास बाबा को चादर प्रदान किया तथा उन्हें महन्ताई दी गई, इस अवसर पर रामानुज सम्प्रदाय, विष्णुस्वामी सम्प्रदाय, निम्बार्क सम्प्रदाय, तथा गौडीय सम्प्रदाय के महन्तों की उपस्थिति में यह कार्य किया गया।

स्कूल संचालक की लाठियों से पिटाई

मथुरा। कस्बा नौहझील के मथुरा रोड़ पर अज्ञात बदमाश द्वारा एक स्कूल संचालक को जमकर लाठीयों से पीटने का मामला प्रकाश में आया है। स्कूल संचालक द्वारा अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। कस्बा नौहझील निवासी मनीष पाठक मथुरा रोड पर ब्रजवासी जूनियर हाईस्कूल के नाम से स्कूल चलाते हैं। लगभग दो बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर लौट रहे थे तभी नौहझील मथुरा रोड पर एक बदमाश झाड़ियों में छुपा बैठा था वहीं दूसरा बदमाश बाइक स्टार्ट कर खड़ा था। झाड़ियों में छुपे बदमाश ने बाइक के आगे आकर बाइक रोकने को कहा संचालक ने बाइक रोक ली।

जनपद में विद्युत विभाग का उपभोक्ताओं पर 442 करोड़ रुपये का बकाया

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। विद्युत विभाग की ओटीएस योजना में बकायेदार रुचि ले रहैं। अब तक 11 हजार से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। प्रदेश में पहली बार बिजली चोरी के बकायेदों के लिए ओटीएस योजना लागू की गई है। इसमें 65 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यह योजना 30 नवम्बर तक योजना लागू रहेगी। इसके बाद क्रमशः छूट कम होती जाएगी। चोरी के प्रकरणों वाले उपभोक्ता इस योजना का अधिक लाभ ले रहे हैं।

15 दिसम्बर तक 40 प्रतिशत तथा इसके बाद 50 प्रतिशत धनराशि एवं समन जमा कराना होगा। इसके लिए संबंधितों को विभिन्न माध्यमों से नोटिस भी भेजे जा रहे हैं। टीमें प्रचार प्रसार में लगी हैं। जिस समय योजना लागू हुई तब तक मथुरा जोन में बिजली चोरी के 19 हजार 600 से अधिक मामले थे और बिजली चोरी करने वालों पर 72 करोड़ 65 लाख का जुर्माना लगाया गया था। अगर सभी बिजली चोरी के प्रकरणों से जुड़े बकायेदार इस योजना का लाभ उठाते हैं तो उन्हें 25 करोड़ रुपये ही जमा कराने होंगे। 25 नवम्बर तक ओटीएस स्कीम में जनपद भर में 10 हजार 991 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। प्रथम चरण में 35 प्रतिशत छूट के साथ यह योजना 30 नवम्बर तक जारी है। शहरी क्षेत्र में 2024 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। शेष दिनों में रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या में तेजी आने की संभावना है। जनपद में विद्युत उपभोक्ताओं पर पर कुल 442 करोड़ रुपये बकाया चल रहा है। अब तक इस योजना के तहत 10 करोड 76 लाख रुपये की वसूली हो चुकी है। चोरी के मामलों 65 प्रतिशत की छूट दी गई है। इस तरह की योजना पहली बार लागू हुई है। अधिकतम 12 किश्त बनेंगी। दो बार डिफाल्ट की छूट हो सकती है।

- अब तक ओटीएस में 11 हजार से अधिक लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन
- 30 नवम्बर तक लागू है स्कीम, इसके बाद छूट क्रमशः कम होती जाएगी

इस्टीमेट न मिलने से नाराज युवक ने आरटीआई से मांगा इस्टीमेट

अवधनामा संवाददाता

हरादोई। बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला कासूपेट में बाबा मंशानाथ कालेज के गेट से बदले मियां के कुआं तक आरसीसी रोड तथा जयनारायण अवस्थी के बाग के पास आरसीसी द्वारा पुलिया निर्माण बिलग्राम कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार द्वारा बनाया जा रहा हैं जिसमे मानक विहीन निर्माण होने के शक में मोहल्ला कासूपेट निवासी अमन यादव ने इस संबंध में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी प्रेमनाथ से संबंधित रोड एवम पुलिया के निर्माण का इस्टीमेट मांगा तो अमन यादव से बिलग्राम नगर पालिका के चर्चित अधिशाषी अधिकारी प्रेमनाथ ने अमन यादव से कहा कि इस्टीमेट ठेकेदार के पास मिलेगा उसके बाद जब ठेकेदार से इस्टीमेट मांगा तो उन्होंने जवाब दिया कि नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक रूपेश खन्ना के पास मिलेगा उसके बाद जब अमन यादव ने नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक रूपेश खन्ना से इस्टीमेट के लिए संपर्क किया तो वरिष्ठ लिपिक ने कहा कि तुम इस्टीमेट का क्या करोगे.?? जब आज तक हम इस्टीमेट को नहीं समझ पाए तो तुम क्या समझोगे .?? इस्टीमेट न मिलने से नाराज अमन यादव ने सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस्टीमेट मांगा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब इस बात की जानकारी ठेकेदार को हुई तो ठेकेदार ने सड़क का निर्माण कार्य को पूरा कराने के लिए तेजी से कार्य करवा रहे हैं एक अन्य व्यक्ति ने नाम न लिखने की शर्त पर बताया कि बिलग्राम नगर पालिका में पांच लोगो के बीच कमीशनबाजी का खेल जमकर होता है।

यमुना महारानी की चुनरी महोत्सव का कार्यक्रम संपन्न

मथुरा। जैसा कि पुराण वेदों में उल्लेख किया गया है कि यमुना महारानी की चुनरी पहनो प्रथा जो व्यक्ति महोत्सव करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। इसी आयोजन को लेकर प्रोफेसर ज्योति पाल गिर्राज महाराज कॉलेज में शिक्षण कार्य करते हुए अपनी मनोकामना परिवार सहित यमुना महारानी की चुनरी महोत्सव संपन्न कराया। काफी हर्षोल्लास के साथ पूरे परिवार सहित यह कार्यक्रम विश्राम घाट पर संपन्न हुआ। जहां पर समस्त परिवरीजन माता श्रीमती पुष्पा देवी, चाचा श्रीमती शकुन पाल, श्रीमती रमादेवी, श्रीमती रजनी देवी, श्रीमती लाल पाल आदि समस्त परिवार उपस्थित रहा।

बीबीसी ने विश्व कप के बाद लिया बड़ा फैसला, राहुल द्रविड़ बने रहेंगे टीम के हेड कोच, सपोर्ट स्टाफ का कॉन्ट्रेक्ट भी बढ़ा

इसके साथ ही अंदेशा जताया जा रहा था कि नेशनल क्रिकेट अकादमी के चीफ वीवीएस लक्ष्मण को चीफ कोच की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। बता दें कि वीवीएस लक्ष्मण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों टी20 सीरीज में बतौर कोच जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इसी बीच बीसीसीआई ने प्रस्ताव पेश किया कि राहुल द्रविड़ का अनुबंध बढ़ाया जाए जिसको मंजूर कर दिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ से पिछले हफ्ते संपर्क कर उनसे कार्यकाल बढ़ाने के संबंध में बात की थी। यह भी माना जा रहा है कि राहुल द्रविड़ ने टीम को लेकर एक संरचना बनाई है, जिसमें आगे की वर्षों पर काम करने को लेकर चर्चा की गई है। राहुल द्रविड़ के साथ भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ के लिए कॉन्ट्रैक्ट को भी आगे बढ़ा दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ के कार्यकाल की तारीफ की है। इस संबंध में बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि भारतीय टीम को मिली महत्वपूर्ण सफलताओं में राहुल द्रविड़ की दूरदर्शिता और दृढ़ प्रयासों का बेहद अहम रोल रहा है। भारतीय टीम के कोच के तौर पर राहुल द्रविड़ ने सिर्फ चुनौतियों को स्वीकार नहीं किया है बल्कि उनमें आगे बढ़ाने के लिए भी उनकी सराहना की जाती है। राहुल द्रविड़ का राजनीतिक मार्गदर्शन बेहद शानदार है जिसका नमूना भारतीय टीम के प्रदर्शन में देखने को मिलता है। इसी के साथ उन्होंने हेड कोच बने रहने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया है।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया महिला टीमों के भारत दौरे पर प्रशंसकों को स्टेडियम में निशुल्क प्रवेश

पहला वनडे 28 दिसंबर को खेला जाएगा, दूसरा 30 दिसंबर को और तीसरा दो जनवरी 2024 को होगा। यह सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जायेंगे। दोनों टीमें इसके बाद डी वाई पाटिल स्टेडियम में पांच, सात और नौ जनवरी को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में एक दूसरे का सामना करेंगी।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम के आगामी मुकाबलों के दौरान यहां के वानखेड़े स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम में प्रशंसकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। इंग्लैंड की महिला टीम का भारतीय दौरा छह दिसंबर को तीन मैचों टी20 श्रृंखला के साथ शुरू होगा। इसके दो अन्य मैच नौ और 10 दिसंबर को खेले जायेंगे।

इससे पहले भारत 'ए' महिला टीम इंग्लैंड 'ए' के खिलाफ बुधवार को शुरू होने वाले तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में भिड़ेगी। यह सभी मैच शाम सात बजे से वानखेड़े स्टेडियम में खेले जायेंगे।

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के सचिव अजिंक्य नाइक ने कहा, एमसीए अध्यक्ष अमोल काले और शीर्ष परिषद ने महिला क्रिकेट के

समर्थन को प्रोत्साहन देने के लिए सर्वसम्मति से यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा, प्रशंसकों के लिए निःशुल्क प्रवेश रखने से स्टेडियम भरे रहेंगे और यह टी20 क्रिकेट के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को भी दर्शाएगा।

भारतीय टीम इसके बाद 14 से 17 दिसंबर तक इंग्लैंड के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम मेंटेस्ट मैच खेलेगी। भारत, ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ अपनी घरेलू श्रृंखला की शुरुआत 21 से 24 दिसंबर तक वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट से करेगा, जिसके बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला होगी।

पहला वनडे 28 दिसंबर को खेला जाएगा, दूसरा 30 दिसंबर को और तीसरा दो जनवरी 2024 को होगा। यह सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जायेंगे। दोनों टीमें इसके बाद डी वाई पाटिल स्टेडियम में पांच, सात और नौ जनवरी को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में एक दूसरे का सामना करेंगी।

बुमराह के 'खामोश' स्टेटस पर लग रही अटकलें

यह स्टेटस उनकी डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) से जुड़ी है। 'इंस्टाग्राम स्टोरी' आमतौर पर 24 घंटे तक रहने के बाद अपने आप हट जाती है। बुमराह को भावनाओं पर काबू रखने और कम बोलने वाले क्रिकेटर के तौर पर जाना जाता है।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली जिसके बाद से सोशल मीडिया पर उसके बारे में कई अनुमान लगाये जा रहे हैं। बुमराह ने अपनी 'इंस्टाग्राम स्टोरी' पर पोस्ट किया, कभी-कभी खामोशी सबसे अच्छा जवाब होता है।'

'यह स्टेटस उनकी डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) से जुड़ी है। 'इंस्टाग्राम स्टोरी' आमतौर पर 24 घंटे तक रहने के बाद अपने आप हट जाती है। बुमराह को भावनाओं पर काबू रखने और कम बोलने वाले क्रिकेटर के तौर पर जाना जाता है।

उन्हें अपनी गेंदबाजी से जवाब देना ज्यादा पसंद है। वह भारतीय टीम की किसी भी श्रृंखला के दौरान मैच से पहले या बाद की कुछ बातचीत के अलावा मीडिया से बचते रहे है। वह सोशल मीडिया पर भी ज्यादा सक्रिय नहीं रहते हैं।

इस 'इंस्टाग्राम स्टोरी' पर प्रतिक्रिया को लेकर बुमराह से संपर्क नहीं हो सका। बुमराह ने चोट के कारण लगभग एक साल तक मैदान से दूर रहने बाद खेलों में शानदार वापसी की है। वह हाल ही में एकदिवसीय विश्व कप में 11 मैचों में 20 विकेट के साथ चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

रोहन-अश्विनी की जोड़ी सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन के दूसरे दौर में पहुंची

इस युगल ने ताइवान के ह्वान-यी वू और चू युन की जोड़ी को 21-14, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह पक्की की। इस बीच वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन की जोड़ी मिश्रित युगल क्वालीफायर में ताइवान के चिएन-वेई चियांग और मेंग चेन वू से हार गयी। अनुभवी अश्विनी पोनप्पा और उनके जोड़ीदार रोहन कपूर ने मंगलवार को यहां सैयद मोदी इंडिया अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के शुरुआती दिन मिश्रित युगल में दूसरे दौर में प्रवेश किया।

भारतीय जोड़ी ने पेंग सून चान और यी सी चीह की मलेशिया की जोड़ी की चुनौती को सीधे गेमों में 21-12, 21-18 से खत्म किया। बी सुमित कुमार रेड्डी और सिक्की रेड्डी की मिश्रित जोड़ी ने भी सफलता का स्वाद चखा।

इस युगल ने ताइवान के ह्वान-यी वू और चू युन की जोड़ी को 21-14, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह पक्की की। इस बीच वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन की जोड़ी मिश्रित युगल क्वालीफायर में ताइवान के चिएन-वेई चियांग और मेंग चेन वू से हार गयी।

पुरुष एकल वर्ग के क्वालीफायर में चिराग सेन ने 21-7, 12-21, 21-17 से रवि की कड़ी चुनौती को समाप्त कर मुख्य दौर में प्रवेश किया। सेन मुख्य दौर में ध्रुव रावत के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल में विमलराज अन्नादुराई और नवीन प्रशांत ईश्वरमूर्ति को22-24, 21-13, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे।

आर्थर फिल्स और लुका वान एशे नेस्ट जेन टेनिस फाइनल्स में जीते

नेक्स्ट जेन फाइनल्स बेस्ट आफ फाइव प्रारूप में खेले जा रहे हैं जिसमें चार अंक का हर सेट होगा। राउंड रॉबिन ग्रुप में फ्लावियो कोबोली ने डोमिनिक स्ट्रिकर को 4 . 2, 3 . 4, 4 . 1, 4 . 2 से हराया।

आर्थर फिल्स और लुका वान एशे ने पहली बार सउदी अरब में हो रहे नेक्स्ट जेन फाइनल्स टेनिस के राउंड रॉबिन चरण में अपने अपने मुकाबले जीते। शीर्ष वरीयता प्राप्त 19 वर्ष के फ्रेंच खिलाड़ी फिल्स ने लुका नार्डी को 2 . 4, 4 . 3, 4 . 2, 1 . 4, 4 . 2 से हराया।

नेक्स्ट जेन फाइनल्स बेस्ट आफ फाइव प्रारूप में खेले जा रहे हैं जिसमें चार अंक का हर सेट होगा। राउंड रॉबिन ग्रुप में फ्लावियो कोबोली ने डोमिनिक स्ट्रिकर को 4 . 2, 3 . 4, 4 . 1, 4 . 2 से हराया।

वहीं एशे ने वाइल्ड कार्डधारी अब्दुल्ला शेलबाय को 4 . 3, 3 . 4, 4 . 1, 4 . 1 से मात दी। हमाद एम ने एलेक्स मिशेलसेन को 4 . 2, 4 . 3, 3 . 4, 3 . 4, 4 . 3 से हराया। यह टूर्नामेंट एटीपी टूर पर 21 वर्ष या उससे कम उम्र के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेला जाता है। पहली बार 2017 में खेला गया यह टूर्नामेंट अब तक इटली के मिलान में होता आया है।

क्या सच में सितारों के साथ सेल्फी लेने के लाखों वसूलते हैं ओरी? खुद उठाया सच्चाई से पर्दा

बता दें कि ओरी अक्सर सेलेब्स की पार्टी में शिरकत करते नजर आते हैं। सितारों के साथ उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं। ओरी ने हाल ही में बताया कि वे सितारों के साथ सेल्फी के लाखों रुपये लेते हैं। ओरी उर्फ ओरहान अवात्रामणि इन दिनों सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 में नजर आ रहे हैं। शो में ओरी ने वाइल्ड कार्ड एंट्री की है। ओरी के साथ शो में सलमान खान काफी दिलचस्प बातचीत करने नजर आए। इस दौरान अभिनेता ने ओरी से उनके प्रोफेशन के बारे में भी पूछ लिया कि वे पैसा कहां से कमाते हैं। सलमान के सवाल का ओरी ने ऐसा जवाब दिया, जिसे सुनकर खुद सलमान भी हैरान रह गए। बता दें कि ओरी अक्सर सेलेब्स की पार्टी में शिरकत करते नजर आते हैं। सितारों के साथ उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं। बिग बॉस में सलमान ने ओरी से पूछा कि पार्टी में जाने के अलावा ओरी क्या करते हैं?

इस पर ओरी ने बताया कि वे सेलेब्स के साथ फोटो खींचने के 20 से 30 लाख रुपये लेते हैं। ओरी का जवाब सुनकर सलमान भी चौंक गए और कहने लगे, कुछ सीख सलमान, दुनिया कहां से कहां पहुच गई। हालांकि, हाल ही में एक मीडिया बातचीत के दौरान जब ओरी से इस बारे में पूछा गया कि क्या वे सेल्फी के जरिए वाकई इतनी रकम कमा लेते हैं? इस पर ओरी ने जवाब दिया, सेल्फी को लेकर मैंने जो बयान दिया, वह मुझे पसंद आया। हालांकि, यह अतिशियोक्ति है और जिस तरह यह वायरल हो रहा है और खबरों में छा गया है, वह मुझे काफी पसंद आ रहा है। ओरी ने कहा कि अगर सच में उन्होंने पिक्सर्स के जरिए इतना पैसा कमाया होता तो वे किसी आयलैंड पर होते। ओरी ने आगे कहा, मैं प्रति सेल्फी इतना पैसा कमाना चाहता हूं। ओरी का कहना है, काश मैं प्रति सेल्फी इतना पैसा कमा पाता कि आप मुझे एक द्वीप पर आलीशान अंदाज में जिंदगी गुजारते देख सकें। फिर आप मुझे मुंबई में इस कदर मेहनत और काम करते हुए नहीं देखते। मैं आज जैसी जिंदगी जी रहा हूं, उससे बेहतर जी रहा होता। अगर मुझे सेल्फी के 20 से 30 लाख रुपये मिल रहे होते तो मैं बेहद लकी होता।

रणबीर कपूर की एनिमल पहले दिन 75 करोड़ रुपये से कर सकती है ओपनिंग, ट्रेड एक्सपर्ट ने की भविष्यवाणी

रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म एनिमल इस समय काफी चर्चा में है। इंडियाटुडे के साथ एक्सक्लूसिव बात करते हुए। ट्रेड एक्सपर्ट रमेश बाला ने बताया कि फिल्म अपने पहले दिन 75 करोड़ रुपये की कमाई कर सकती है। इसके बाद उन्होंने भारत और दुनिया भर में एनिमल के नंबरों को डिकोड करना शुरू किया। रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म एनिमल इस समय काफी चर्चा में है। इंडियाटुडे के साथ एक्सक्लूसिव बात करते हुए। ट्रेड एक्सपर्ट रमेश बाला ने बताया कि फिल्म अपने पहले दिन 75 करोड़ रुपये की कमाई कर सकती है। इसके बाद उन्होंने भारत और दुनिया भर में एनिमल के नंबरों को डिकोड करना शुरू किया।

पिछले हफ्ते ट्रेलर रिलीज होने के बाद से फिल्म को लेकर चर्चा दस गुना बढ़ गई है। ऐसा फिल्म की एडवांस बुकिंग में देखने को मिल रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, इसने शुरुआती दिन के साथ-साथ सप्ताहांत में भी किसी बॉलीवुड फिल्म की अब तक की सबसे अधिक प्री-सेल में से एक दर्ज की है।

फिल्म की अग्रिम बुकिंग के बारे में बोलते हुए, रमेश ने कहा, मुझे लगता है कि एनिमल की बुकिंग असाधारण है। यह एक जन शैली से संबंधित है और दूसरी ओर, विक्की कौशल की सैम बहादुर एक अलग शैली की है यह अधिक विशिष्ट है ऐसे में एनिमल को बॉक्स

ऑफिस पर अच्छी शुरुआत करनी चाहिए। साथ ही, उत्तर और दक्षिण के बाजारों में भी काफी हलचल है, इसलिए इसे बड़ी संख्या में खुलना चाहिए। मुझे लगता है कि एडवांस बुकिंग पहले ही हो चुकी है, कुछ तक पहुंच रही है 10 करोड़ रुपये। मुझे लगता है कि पहले दिन (हिंदी) कलेक्शन 30 करोड़ रुपये एनबीओसी (नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन) होगा। लेकिन, अगर आप तेलुगु और तमिल को शामिल करें, तो इसे लगभग 40 करोड़ रुपये का कारोबार करना चाहिए। दुनिया भर में, इसे 30 करोड़ रुपये का कारोबार करना चाहिए।

यह पूछे जाने पर कि क्या एनिमल जवान, पठान और गदर 2 का रिकॉर्ड तोड़ देगी, रमेश ने कहा, मुझे लगता है कि यह केवल रणबीर कपूर के पिछले रिकॉर्ड तोड़ेगी। यह उनकी सर्वश्रेष्ठ फिल्म हो सकती है, और कलेक्शन निश्चित रूप से ब्रह्मास्त्र से बेहतर होगी। लेकिन कहीं भी यह जवान या पठान के कलेक्शन के आसपास नहीं होगी। हालांकि, यह सलमान खान की टाइगर 3 के शुरुआती दिनों के आंकड़ों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकती है। कहा जा रहा है कि, यह रणबीर का सबसे बड़ा एडवांस कलेक्शन है उनके करियर में। एनिमल का ट्रेलर वाकई अच्छा लग रहा है। गाने, हिंसा और निर्देशक-सब कुछ इसके पक्ष में दिख रहा है। साथ ही, अगर कंटेंट और वर्ड ऑफ माउथ अच्छा है तो बड़ी संख्या की उम्मीद है। पहले शो में, हम विश्वास के साथ बता सकते हैं कि भाग्य क्या होगा।

विक्की कौशल की सैम बहादुर के साथ क्लैश के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, कुछ हद तक एनिमल के कारण सैम बहादुर का कलेक्शन प्रभावित होगा। सैम बहादुर को काफी अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। फिल्म भी अच्छी है। अपने तरीके से। यह एक देशभक्तिपूर्ण फिल्म है, इसलिए यह लंबे समय तक चलेगी। मुझे उम्मीद है कि अगर फिल्म अच्छी है तो यह लगातार लंबे समय तक चलेगी। इसके कुछ अच्छे शुरुआती आंकड़े भी होने चाहिए। हालांकि, एनिमल सैम बहादुर के सामने तूफान जैसा होगा।

कबीर सिंह के बाद एनिमल निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की दूसरी बॉलीवुड फिल्म है। यह फिल्म रणबीर कपूर, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना और बॉबी देओल के साथ उनका पहला सहयोग है। यह फिल्म 1 दिसंबर को हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होने वाली है। विक्की कौशल और निर्देशक मेघना गुलज़ार की सैम बहादुर भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर एक बायोपिक है। फिल्म में फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही नीरज काबी, एडवर्ड सोनेनब्लिक और मोहम्मद जीशान अय्यूब भी सहायक भूमिकाओं में हैं।

डीपफेक का नया शिकार बनीं आलिया भट्ट, बेडरूम में अश्लील हरकत करतें विडियो हुआ वायरल

एक्ट्रेस आलिया भट्ट का एक डीपफेक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया है। इससे पहले एक्टर्स रश्मिका मंदाना और काजोल से जुड़े ऐसे ही वीडियो सामने आए थे। वीडियो ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग पर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

बॉलीवुड अभिनेत्रियों रश्मिका मंदाना और कैटरीना कैफ के डीपफेक वीडियो के कुछ हफ्तों बाद देश में हलचल मच गई, अब ऐसा लगता है कि बी-टाउन की एक और प्रमुख अभिनेत्री नवीनतम शिकार है। प्रशंसित अभिनेत्री आलिया भट्ट अपने एक डीपफेक वीडियो के इंटरनेट पर आने के बाद फिर से खबरों में हैं। कथित वीडियो में भट्ट के चेहरे को कम कपड़े पहने एक महिला के चेहरे में बदल दिया गया है, जो कैमरे की ओर देखते हुए तरह-तरह के इशारे करती नजर आ रही है।

डीपफेक की समस्या वास्तविक है क्योंकि अगर इसे अनियंत्रित किया गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। हालाँकि उनमें अंतर पहचानना हर किसी के लिए आसान प्रतीत होता है, लेकिन ऐसे वीडियो व्यक्तियों और व्यवसायों की प्रतिष्ठा और सद्भावना पर कहर बरपा सकते हैं। भले ही बताने योग्य संकेत हों, लाखों ऐसे इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं जो वास्तविक और काल्पनिक के बीच अंतर बताने में असमर्थ होंगे। डीपफेक का मुद्दा एक बार फिर लाखों सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए गोपनीयता और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को सामने ले आया है। ऐसे हेरफेर किए गए वीडियो के सामने आने के बाद से, उन सभी लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है जो शॉर्ट-फॉर्म वीडियो सामग्री साझा करते हैं। यहां कुछ युक्तियां दी गई हैं जो किसी को अपने वीडियो और छवियों को डीपफेक बनाने वाले शरारती तत्वों के जाल में फंसने से बचाने में मदद कर सकती हैं।

वीडियो में आलिया का चेहरा एक अलग महिला का रूप दिया गया है। वीडियो में महिला को कैमरे की ओर देखते हुए और अश्लील इशारे करते हुए दिखाया गया है। कुछ दिनों पहले काजोल का एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो वास्तव में एक ब्रिटिश सोशल मीडिया प्रभावशाली व्यक्ति का था, जिसने तथ्य-जांच प्लेट फार्मों के अनुसार, गेट रेडी विद मी ट्रेंड के हिस्से के रूप में इस क्लिप को टिकटॉक पर साझा किया था।

पीएम मोदी ने एआई, विशेष रूप से डीपफेक द्वारा उत्पन्न खतरों पर भी चिंता व्यक्त की है, उन्होंने कहा, हमें लोगों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीपफेक के बारे में शिक्षित करने की जरूरत है, यह कैसे काम करता है, यह क्या कर सकता है, यह क्या चुनौतियां ला सकता है और जो कुछ भी हो सकता है इससे बना है। इससे पहले रश्मिका ने अपने डीपफेक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था, ईमानदारी से कहूं तो यह बेहद डरावना है, न केवल मेरे लिए, बल्कि हममें से हर एक के लिए जो आज प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग के कारण बहुत अधिक नुकसान की चपेट में है।

पंकज त्रिपाठी की फिल्म मैं अटल हूं जनवरी 2024 में होगी रिलीज

श्री अटल बिहारी वाजपेयी की कहानी मैं अटल हूं 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म निर्माता रवि जाधव ने इस फिल्म का निर्देशन किया है जो 'नटरंग' और 'बालगंधर्व' जैसी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने मंगलवार को घोषणा की है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित उनकी आगामी फिल्म मैं अटल हूं 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता त्रिपाठी ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर यह घोषणा करते हुए फिल्म के एक नए पोस्टर का भी अनावरण किया। त्रिपाठी ने लिखा, दिलदार, फौलादी, एक बहुमुखी कवि, नए भारत का स्वप्नदृष्टादूरदर्शी व्यक्ति।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी की कहानी मैं अटल हूं 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म निर्माता रवि जाधव ने इस फिल्म का निर्देशन किया है जो 'नटरंग' और 'बालगंधर्व' जैसी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

इसकी पटकथा उत्कर्ष नैथानी ने लिखी है। मैं अटल हूं फिल्म का निर्माण विनोद भानुशाली, संदीप सिंह और कमलेश भानुशाली ने किया है। वहीं, भावेश भानुशाली और सैम खान फिल्म के सह-निर्माता हैं।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, आय से अधिक संपत्ति मामले में वापस लेंगे मुकदमा

बंगलूरू। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को आय से अधिक संपत्ति मामले में हाईकोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने शिवकुमार को हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली अपील वापस लेने की अनुमति दे दी। शिवकुमार ने सीबीआई को दी गई सरकारी मंजूरी को रद्द करने से इनकार करने वाले आदेश को चुनौती दी थी।

उच्च न्यायालय ने बुधवार को शिवकुमार को राहत देने वाला आदेश पारित किया। बता दें कि भाजपा की सरकार के दौरान सीएम येदियुरप्पा ने कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार के खिलाफ सीबीआई केस दर्ज करने को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद डीके शिवकुमार के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की थी। आय से अधिक संपत्ति के कथित आरोप में सीबीआई जांच से राहत

आदेश पारित

उच्च न्यायालय ने बुधवार को शिवकुमार को राहत देने वाला आदेश पारित किया।

पाने के लिए शिवकुमार ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कर्नाटक हाईकोर्ट की पीठ के समक्ष शिवकुमार की पैरवी की। वीडियो कॉन्फ्रेंस से हुई सुनवाई के दौरान सिंघवी ने कहा, जिस सीबीआई जांच की मंजूरी को चुनौती दी गई है, उसे सरकार ने वापस ले लिया है, ऐसे में यह केस बेमानी हो चुका है। उन्होंने अदालत से मुकदमे को वापस लेने की अनुमति मांगी। जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें अपील वापस लेने की अनुमति दे दी।

गौरतलब है कि बीते 23 नवंबर को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता वाली वर्तमान कर्नाटक कैबिनेट ने सीबीआई जांच की सहमति को कानूनी रूप से गलत माना था। इस संबंध में एक सरकारी आदेश जारी किया गया। हाईकोर्ट में शिवकुमार ने इसी आदेश का हवाला दिया। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की खंडपीठ ने दलीलों को सुनने के बाद शिवकुमार के वकीलों को अपील वापस लेने के लिए ज्ञापन दायर करने की अनुमति देते हुए मुकदमे को निस्तारित कर दिया।

हाईकोर्ट ने कहा, सरकारी ज्ञापन के अनुसार 28 नवंबर, 2023 के सरकारी आदेश के बाद रिट याचिका निरर्थक हो चुकी है। अब क्योंकि अपीलकर्ता ने याचिका के साथ-साथ अपील भी वापस लेने की मांग कर रहे हैं, अदालत अपील वापस लेने की अनुमति दे रही है।

हालांकि, शिवकुमार के खिलाफ आंशिक रूप से पूरी सीबीआई जांच और इस मामले में दर्ज एफआईआर का क्या हुआ? इस पर हाईकोर्ट ने कोई टिप्पणी नहीं की। सीबीआई के वकील ने कहा कि इस सवाल को विचार के लिए लंबित रखा जाए। इस पर हाईकोर्ट ने कहा, अपील वापस लेने के आदेश में अदालत सीबीआई जांच और एफआईआर के मुद्दे पर कुछ भी रिकॉर्ड नहीं कर रहा है।

गौरतलब है कि इस मामले में भाजपा नेता और कर्नाटक के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने सिद्धारमैया सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट में उन्होंने एक हस्तक्षेप आवेदन दायर किया था। इसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। बता दें कि 2017 में शिवकुमार के घर और कार्यालयों में आयकर विभाग ने तलाशी अभियान चलाया था। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने उनके खिलाफ अपनी जांच शुरू की थी।

7-20 दिसंबर तक चलेगा शीतकालीन सत्र

विपक्ष बोला- चर्चा करने के लिए 10 दिन बहुत कम

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र सात से 20 दिसंबर के बीच आयोजित किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि परंपरा के अनुसार यह सत्र राज्य की दूसरी राजधानी नागपुर में आयोजित किया जाएगा।

विधान भवन के एक अधिकारी ने कहा, महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र की शुरुआत सात दिसंबर को होगा और यह 20 दिसंबर तक चलेगा। शेड्यूल के अनुसार इस सत्र में कामकाज के 10 दिन होंगे।

इस सत्र में विपक्षी पार्टियों द्वारा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार को मराठा आरक्षण, बेमौसम बारिश, राज्य में निवेश जैसे कई अन्य मुद्दों पर घेरने की संभावना है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने बताया कि इस सत्र का आयोजन नागपुर में कराने को लेकर चर्चा की गई थी।

उन्होंने कहा, विपक्षी पार्टी के नेता होने के तौर पर हम मांग करते हैं कि इस सत्र को तीन सप्ताह के लिए आयोजित किया जाए, लेकिन उन्होंने केवल दस दिन तक का ही काम रखा है। इन दस दिनों में कोई भी सवाल का हल नहीं निकलेगा। महाराष्ट्र के सामने कई मुद्दे है, जिसपर चर्चा करने के लिए 10 दिन बहुत कम है।

कांग्रेस नेता वडेट्टीवार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी होने के नाते वह अभी भी विधानसभा के शीतकालीन सत्र को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

केरल के राज्यपाल और मुख्यमंत्री साथ बैठकर निकालें हल: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट केरल सरकार की उस याचिका पर विचार कर रहा है, जिसमें राजभवन पर विधेयकों को मंजूरी देने में अत्यधिक देरी का आरोप लगाया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को फटकार लगाई और कहा कि पंजाब के मामले में पहले ही बताया जा चुका है कि राज्यपाल की शक्ति का इस्तेमाल विधायिका के कानून बनाने की प्रक्रिया को रोकने के लिए नहीं किया जा सकता।

सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इस बात पर गौर किया कि कार्यवाहियों के बाद राज्यपाल खान ने आठ विधेयकों पर निर्णय लिया है। साथ ही अदालत ने उन्हें विधेयकों पर चर्चा करने के लिए संबंधित मंत्री के साथ मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से मिलने के लिए कहा है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्यपाल

के कार्यालय की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी की इस दलील पर गौर किया कि आठ विधेयकों में से सात को राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखा गया है जबकि एक को खान ने मंजूरी दे दी है।

इस बीच, शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को अपनी याचिका में संशोधन करने की अनुमति दे दी ताकि समयबद्ध तरीके से विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने या अस्वीकार करने पर राज्यपालों के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मांग की जा सके। साथ ही पीठ ने कहा कि हम इस बात को रिकॉर्ड पर रखेंगे कि राज्यपाल मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री दोनों के साथ विधेयक से संबंधित मामले पर चर्चा करेंगे।

केंद्र सरकार दिल्ली के वर्तमान मुख्य सचिव नरेश कुमार का कार्यकाल बढ़ाना चाहती है। इसके लिए उसने सुप्रीम कोर्ट के सामने अपनी बात रखी। सरकार ने कोर्ट को बताया कि उसके पास मुख्य सचिव का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ाने का अधिकार है। सरकार ने कहा कि पहले भी कई मुख्य सचिवों का कार्यकाल बढ़ाया जा चुका है। इसके 57 उदाहरण हैं।

केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और केंद्र सरकार का विचार है कि नरेश कुमार, जो 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं, को छह महीने तक पद पर बने रहना चाहिए।

श्रमिकों की सकुशल रिहाई से भाजपा को मिली लाइफ लाइन

प्रधानमंत्री मोदी की श्रमिक हितैषी छवि हुई मजबूत

नई दिल्ली। उत्तरकाशी की सुरंग में दिवाली के दिन से फंसे 41 श्रमिकों को आखिरकार 17 दिनों के बाद सकुशल बाहर निकाल लिया गया। इससे श्रमिकों के परिवारों में दीपावली के त्योहार जैसा खुशी का माहौल है, तो वहीं केंद्र-राज्य सरकार ने भी राहत की सांस ली है। यदि दुर्भाग्य से सुरंग में फंसे श्रमिकों के साथ कुछ गलत हो जाता, तो इससे चुनावी समय में भाजपा को बड़ा नुकसान होता। प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर विपक्ष के निशाने पर होते और उन्हें लेकर विपक्ष की ओर से तमाम बयान दिए जाते। श्रमिकों के सकुशल बचाव के बाद भी वह इसे सरकार की लापरवाही और मानवीय गलती के कारण हुई त्रासदी बताकर भाजपा को निशाने पर लेने की कोशिश कर ही रहा है।

फिलहाल श्रमिकों के सुरक्षित बचाव अभियान ने विपक्ष को यह अवसर नहीं दिया है। उलटे बचाव अभियान को जिस कुशलता के साथ आगे बढ़ाया गया, उससे केंद्र

सक्रियता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों को बाहर निकालने के ऑपरेशन में जिस तरह की सक्रियता दिखाई है

और राज्य सरकार की प्रशासनिक कुशलता सामने आई है। प्रधानमंत्री ने इस पूरे अभियान में अपनी जो सतर्कता दिखाई है, उससे उनकी श्रमिक हितैषी छवि मजबूत हुई है। जाहिर है कि इससे वे गरीबों, विशेषकर श्रमिकों के बीच और अधिक लोकप्रिय होंगे। इसके पहले कोरोना काल में भी वे गरीबों-श्रमिकों के साथ डटकर खड़े रहे और उन्हें सकुशल उनके घर पहुंचाने और पूरे कोरोना काल में राशन उपलब्ध कराने का काम किया था। इस मिशन में उन्होंने एक बार फिर अपनी उसी छवि को मजबूत किया है, जिसमें वे गरीबों-श्रमिकों के लिए हर समय डटकर खड़े रहते हैं। जाहिर है कि भाजपा को इसका लाभ मिल सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों को बाहर निकालने के ऑपरेशन में जिस तरह की सक्रियता दिखाई है, उस तरह की सक्रियता इस तरह के मामलों में किसी प्रधानमंत्री के स्तर पर कभी नहीं देखी गई। उन्होंने न केवल अपने केंद्रीय मंत्रियों नितिन गडकरी और वीके सिंह को इस ऑपरेशन में लगातार मोर्चे पर सक्रिय रखा, बल्कि प्रधानमंत्री कार्यालय से दो विशेष अधिकारी नियुक्त कर दिए, जो इस पूरे ऑपरेशन पर बहुत करीब से निगाह रख रहे थे। उन्होंने हर पल सतर्कता अभियान का जायजा लिया और केंद्र से हर संभव सहायता तुरंत उपलब्ध कराई। विदेश से विशेषज्ञों को बुलाने का मामला रहा हो या श्रमिकों की रिहाई के बाद उनका बचाव करने का काम, पीएमओ इस मिशन में पूरी तरह डटा रहा।

स्वयं प्रधानमंत्री लगातार इस मामले में सतर्क रहे। वे प्रधानमंत्री कार्यालय के अपने अधिकारियों के साथ-साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से लगातार मामले की जानकारी लेते रहे। श्रमिकों की रिहाई के बाद भी उन्होंने तुरंत खुशी में ट्वीट किया और उनसे बातचीत की। किसी प्रधानमंत्री की ओर से इस तरह की सक्रियता लोगों के बीच भरोसा पैदा करती है। इस ऑपरेशन ने भी एक बार फिर मोदी की जनहितैषी छवि को मजबूत करने का काम किया है। माना जा रहा है कि उन्हें इसका भी लाभ मिल सकता है।

यह कोई पहली बार नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने श्रमिकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की हो। इसके पहले भी कुंभ के सफल आयोजन के बाद प्रयागराज में उन्होंने श्रमिकों के पैर धुलकर उनका सम्मान किया था। इसी प्रकार अपने चुनाव क्षेत्र काशी में उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद श्रमिकों के साथ बैठकर भोजन किया था।

9 मई की हिंसा सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को हटाने की साजिश

लाहौर। पाकिस्तान में नौ मई की हिंसा मामले में पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि 9 मई की हिंसा सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को पद से हटाने की कोशिश थी।

पाकिस्तान में करीब छह महीने पहले हुई हिंसा मामले में पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला और अभूतपूर्व हिंसा सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को पद से हटाने की साजिश थी। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का नाम लिए बिना कटाक्ष किया और कहा, अभूतपूर्व हमलों के सूत्रधार राज्य के दुश्मन हैं।

सीरिया में इस्राइली कब्जे को लेकर यूएन में वोटिंग

कब्जा

सीरियाई गोलन दक्षिण पश्चिम सीरिया में एक क्षेत्र है, जिस पर 1967 में इस्राइली सुरक्षा बलों ने कब्जा कर लिया था।

संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा। इस्राइल और हमास के बीच एक महीने से अधिक समय से संघर्ष जारी है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनजीए) में सीरियाई गोलन से इस्राइल के वापस नहीं हटने को लेकर गहरी चिंता जताना वाला एक अहम प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव के पक्ष में भारत समेत 91 देशों ने अपना वोट दिया।

बता दें, सीरियाई गोलन दक्षिण पश्चिम सीरिया में एक क्षेत्र है, जिस पर 1967 में इस्राइली सुरक्षा बलों ने कब्जा कर लिया था।

आठ ने किया विरोध

'पश्चिम एशिया में स्थिति' विषय पर आधारित एजेंडा के तहत 'सीरियाई गोलन' नामक प्रस्ताव पर मंगलवार को 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतदान हुआ। मिस्र ने प्रस्ताव पेश किया, जिसके पक्ष में 91 वोट पड़े और आठ ने इसका विरोध जताया, जबकि 62 सदस्यों ने इससे दूरी बनाई।

इन लोगों ने किया समर्थन

भारत के अलावा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वालों में बांग्लादेश, भूटान, चीन, मलेशिया, मालदीव, नेपाल, रूस, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल थे। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इस्राइल, ब्रिटेन और अमेरिका ने मसौदा प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

प्रस्ताव में इस बात पर चिंता

प्रस्ताव में इस बात पर चिंता व्यक्त की गई है कि प्रासंगिक सुरक्षा परिषद और महासभा के प्रस्तावों के विपरीत इस्राइल सीरियाई गोलन से पीछे नहीं हटा है, जो 1967 से उसके कब्जे में है।

प्रस्ताव में घोषित किया गया कि इस्राइल सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 497 (1981) का पालन करने में विफल रहा है। साथ ही इसमें कहा गया कि कब्जे वाले सीरियाई गोलन हाइट्स में अपने कानून, अधिकार क्षेत्र और प्रशासन को लागू करने का इस्राइल का निर्णय अमान्य और अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रभाव के बिना है।

मंगलवार के प्रस्ताव में 14 दिसंबर, 1981 के इस्राइली फैसले को भी अमान्य घोषित कर दिया गया और कहा गया कि इसकी कोई वैधता नहीं है।

इसने इस्राइल से अपना निर्णय रद्द करने का आह्वान किया। प्रस्ताव में 1967 से कब्जे वाले सीरियाई गोलन में इस्राइली बस्ती निर्माण और अन्य गतिविधियों की अवैधता पर भी जोर दिया गया।

इमरान खान के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने पर रार, पीटीआई के नेता का बयान पार्टी के लिए बना सिरदर्द

इस्लामाबाद। तहरीक-ए-इंसाफ के वरिष्ठ नेता शेर अफजल मारवात के एक बयान ने पार्टी के भीतर राजनीतिक हलचल मच गई है। उन्होंने कहा, इमरान खान अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे। हालांकि पार्टी ने उनके बयान से किनारा किया।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर राजनीतिक गलियारों में तमाम अटकलें लगाई जा रही है। उन्हीं की पार्टी के वरिष्ठ नेता के एक बयान ने हलचल मचा दी है। पार्टी नेता ने कहा कि पार्टी के अंदर होने वाले अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए इमरान खान चुनाव नहीं लडेंगे। इस बयान के बाद पार्टी के भीतर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि वरिष्ठ नेता के बयान से तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने भी किनारा कर लिया है।

वहीं मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीटीआई के अध्यक्ष पद के लिए

गोहर खान उम्मीदवार हो सकती है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर अफजल मारवात ने मंगलवार को कहा, पार्टी आंतरिक चुनावों की ओर बढ़ रही है। इमरान खान अभी रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद है। मारवात के बयान के बावजूद पीटीआई ने दावा किया कि इमरान खान की अपने पद हटने की कोई मंशा नहीं है।

बता दें आठ फरवरी को पाकिस्तान में आम चुनाव है। इससे पहले अपने चुनाव चिन्ह बल्ले को बरकार रखने के लिए चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 20 दिन की समय सीमा के भीतर पार्टी के अंदर चुनाव कराने की तैयारी है। पीटीआई ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए तमाम अटकलों पर विराम लगाया है। जिसमें कहा गया कि पार्टी के भीतर चुनाव कराने के संबंध में सभी मुद्दों पर चर्चा चल रही है। हालांकि इससे पूर्व पार्टी के कई नेताओं ने भी पुष्टि की थी की इमरान खान पार्टी के भीतर हो रहे चुनाव में प्रतिभाग नहीं करेंगे। जिसकी अंतिम घोषणा बाद में की जाएगी।

पार्टी द्वारा तमाम बयानों को खारिज करने के बाद भी वरिष्ठ नेता मारवत अपनी बात पर अड़े हुए हैं। उन्होंने पोस्ट लिखते हुए कहा, पार्टी में होने वाले चुनाव के बारे में जो भी मैंने कहा वह सब सही है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, यदि यह सच है तो यह घटनाक्रम पार्टी के गठन के बाद से प्रमुख पद पर इमरान खान के कार्यकाल का अंत होगा।

जापान के तट पर क्रैश हुआ अमेरिका का ओस्प्रे सैन्य एयरक्राफ्ट, आठ लोग थे सवार

टोक्यो। जापान में अमेरिका का एक विमान हादसे का शिकार हो गया। जापान के कोस्ट गार्ड ने



बुधवार को बताया कि उसे कागोशिमा प्रीफेक्चर में याकुशिमा द्वीप के पास तटीय क्षेत्र में अमेरिका के ओस्प्रे सैन्य विमान के क्रैश होने की सूचना मिली है। बताया गया है कि एयरक्राफ्ट में आठ क्रू सदस्य सवार थे।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, कोस्ट गार्ड को विमान के क्रैश होने की जानकारी स्थानीय समयानुसार करीब 2.45 बजे मिली। कोस्ट गार्ड इस क्रैश की जांच कर रहा है।

जापानी मीडिया ने कहा है कि इस घटना में एक शख्स को स्थानीय मछुआरों ने खोज निकाला। यह मछुआरे फिलहाल सर्च ऑपरेशन में कोस्ट गार्ड्स की मदद कर रहे हैं। हालांकि, बाकियों की खोज अभी जारी है। बता दें कि अमेरिका का ओस्प्रे एयरक्राफ्ट बीते कुछ समय में कई हादसों में शामिल रहा है। इसी साल अगस्त में ऑस्ट्रेलिया में सैन्य अभ्यास के दौरान भी एक ओस्प्रे विमान क्रैश हुआ था। इसमें एक अमेरिकी सैनिक की मौत हुई थी और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। इसके अलावा 2022 में अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक ट्रेनिंग मिशन के दौरान भी एमवी-22बी ओस्प्रे विमान क्रैश हुआ था, जिसमें पांच अमेरिकी मरीन्स की जान चली गई थी। 2022 में ही नॉर्वे में एक ट्रेनिंग अभ्यास के दौरान ओस्प्रे क्रैश में चार अमेरिकी सैनिकों की जान चली गई थी।

सदस्य देशों को सार्वजनिक स्थलों पर धार्मिक चिह्नों पर प्रतिबंध लगाने की छूट, यूरोपीय संघ की कोर्ट का फरमान

इस्तेमाल

राष्ट्रीय कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर तटस्थ प्रशासनिक माहौल बनाने के लिए सरकारी प्रशासन लोगों को उनकी धार्मिक मान्यता दिखाने वाले चिह्नों के इस्तेमाल से रोक सकता है।

लक्जमबर्ग। यूरोपीय संघ (ईयू) की सर्वोच्च अदालत ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि ईयू के सदस्य देश अगर चाहें तो अपने सरकारी प्रशासन के कर्मचारियों को धार्मिक चिह्नों के प्रदर्शन से रोक सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसा तटस्थ

प्रशासनिक माहौल बनाने के लिए अहम है।

यूरोपीय संघ के कोर्ट ऑफ जस्टिस (सीजेईयू) ने कहा कि राष्ट्रीय कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर तटस्थ प्रशासनिक माहौल बनाने के लिए सरकारी प्रशासन लोगों को उनकी धार्मिक मान्यता दिखाने वाले चिह्नों के इस्तेमाल से रोक सकता है। कोर्ट की तरफ से टिप्पणी में यह भी कहा गया कि यह नियम भेदभाव वाला नहीं है और यह सब पर लागू होगा।

कोर्ट का यह फैसला दरअसल उस केस के बाद आया है, जिसमें एक महिला ने बेल्जियम में एक निकाय पर आरोप लगाया था कि उसे उसके दफ्तर में हिजाब न पहनने देकर उसकी धार्मिक स्वतंत्रता में दखल दिया जा रहा है और उसके साथ भेदभाव किया जा रहा है। इस केस के बाद बेल्जियम की निकाय ने अपने नियमों को बदल दिया था और सभी कर्मचारियों के धर्म या वैचारिक चिह्नों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसी मसले पर बेल्जियम के लिएज शहर की कोर्ट ने ईयू की टॉप अदालत से पूछा था कि क्या निकाय का यह फैसला यूरोपीय संघ के नियमों के तहत भेदभाव में आता है। अब इस मामले में ईयू की अदालत ने कहा कि हर सदस्य देश और उसके निकाय को अपने हिसाब से प्रतिबंधों का स्तर तय करने की छूट है। लेकिन यह सख्ती और तटस्थता के साथ हर किसी पर समान रूप से लागू होना चाहिए। उन देशों की अदालतें अपने हिसाब से नियमों की निगरानी कर सकती हैं और अनिवार्य-गैर अनिवार्य पर फैसला दे सकती हैं।

अज्ञात संक्रमण से जूझ रहे बच्चों को नहीं बख्श रहा चीन

बीजिंग। चीन में अजीबो-गरीब तरह के संक्रमण से बढ़ते निमोनिया के प्रकोप के बीच बच्चों में सांस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसके इलाज के लिए उन्हें अस्पतालों में भर्ती किया जा रहा है। इसी बीच बच्चों के पढ़ाई में कोई नुकसान न हो, इसके लिए अस्पतालों में विशेष होमवर्क जोन बनाए गए हैं। यहां बच्चों को पढ़ने या होमवर्क करने के लिए टेबल और कुर्सी की भी व्यवस्था की गई है।

कोविड-19 प्रतिबंध हटने के बाद चीन में यह पहली सर्दी है। इस बीच बच्चों में श्वसन संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही है। इससे राजधानी बीजिंग और आसपास के शहरों के अस्पताल ज्यादा प्रभावित हुए हैं। हालांकि, बढ़ते मामलों को देखते हुए नए वायरस का अंदाजा लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि यह कोई नया वायरस नहीं है।

मतदाता जागरूकता के लिए लगी चुनावी पाठशाला

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा जी के निर्देशन में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विकास खण्ड शाहगंज में लगभग सभी परिषदीय विद्यालयों पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जायसवाल के नेतृत्व में चुनावी पाठशाला आयोजित कर लोगों को मतदाता बनने हेतु जागरूक किया गया। कहीं रैली निकाली, कही संगोष्ठी हुई तो कही चैपाल लगाकर अर्ह लोगों को मतदाता बनाने के लिए जागरुक करने को, लोगों ने संकल्प लिया।

प्राथमिक विद्यालय मेहरांवा, राजेपुर में आयोजित कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज अमरदीप जायसवाल ने कहा कि जो युवा एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं वह अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करायें। उन्होंने लोगों से अपील किया कि स्वयं व दूसरों को जागरूक करें विशेषकर महिलाओं एवं युवा मतदाता जिनकी संख्या जनसंख्या के अनुपात में कम पंजीकृत है उनके लिए पंजीकरण पर विशेष ध्यान एवं दिव्यांग मतदाताओं का पंजीकरण किया जाना है। यदि आप बीएलओ से नहीं मिल पा रहे हैं तो मतदाता

- 'चुनावी पाठशाला में 9 दिसम्बर तक मतदाता बनने हेतु किया जागरूक'
- 'मतदाता सूची निर्वाचन की आत्मा है-चुनावी पाठशाला'

सूची में नाम सम्मिलित करने व चेक करने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर सर्विस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आगे उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील किया कि सभी अपने घर तथा आसपास के लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़वाने हेतु प्रेरित करें। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि मतदाता सूची निर्वाचन की आत्मा है।

यदि मतदाता सूची स्वच्छ एवं पारदर्शी है तो निर्वाचन में कोई कठिनाई नहीं आएगी। इसी मतदाता सूची को पुनरीक्षित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। मतदाता अपने-अपने बी.एल.ओ. से सम्पर्क कर मतदाता सूची देखें। यदि सूची में उनका नाम नहीं है, अथवा नाम गलत है तो बीएलओ के माध्यम से फार्म प्राप्त कर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा सकते हैं। 02, 03 दिसम्बर को सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ बैठेगी। दावे व आपत्ति 09 दिसम्बर तक प्राप्त किया जायेगा। इस अवसर पर नोडल संकुल रुपेश सिंह, संकुल रजनीश सिहं, ए.आर.पी. प्रशांत मिश्र, सुजीत सोनकर, प्रभाकर उपाध्याय, मिथिलेश द्विवेदी, अमरेन्द्र सिंह, नितेश कुमार, विजय बहादुर यादव, प्रियंका सिंह, गिरीश सिंह, हेमलता, श्वेता सिंह, पंकज देव मिश्र, पूनम सिंह, राजकुमार, शकुन्तला देवी, नीरा यादव, आगनबाड़ी, सहायिका आदि उपस्थित रहे तथा शाहगंज ब्लाक के सभी विधलायो पर चुनावी पाठशाला आयोजित करने में सभी शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का योगदान रहा।

नेशनल एनवायरमेंटल यूथ पार्लियामेंट में पीयू के विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। नेशनल एनवायरमेंटल यूथ पार्लियामेंट (एनइवाईपी -2024) जो यूजीसी, मिनिस्ट्री ऑफ़ एनवायरनमेंट एंड फॉरेस्ट, एवं मिनिस्ट्री ऑफ़ यूथ अफेयर-भारत के तत्वाधान में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने गंगा नदी संरक्षण एवं जल संरक्षण विषय पर प्रतिभाग दिनांक 29-11-23 को किया, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ सुधीर उपाध्याय जो पर्यावरण विषय, गंगा संरक्षण एवं जल संरक्षण पर अपने द्वारा किए गए शोध से विख्यात है, डॉ उपाध्याय के नेतृत्व में पिछले कई दिनों से इन प्रतिभागियों को लगातार ट्रेनिंग करने के उपरांत आज प्रतिभाग करने का मौका मिला, इस नेशनल एनवायरमेंटल यूथ पार्लियामेंट में 18 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, बी एच् यू वाराणसी, महात्मा गाँधी कशी विद्यापीठ वाराणसी, दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर, पूर्वांचल विश्वविद्यालय इत्यादि उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयो ने भाग लिया, इस दो दिवशीय आयोजन को चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ ने आयोजित कराया, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रतिभागी गोपाल दुबे, , मेधा, रिन्शिका दुबे, अभिनव कीर्ति पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, , यात्नदीप दुबे, ने गंगा नदी संरक्षण एवं जल संरक्षण के विभिन्न अवधारणाएँ, जैसे जल संरक्षण के प्राचीन साधन, नदी और जल संरक्षण की आधुनिक तकनीकें, विधायी रणनीति का उपयोग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अति आधुनिक सिंचाई तकनीक आदि पर अपने अपने विषय को रखा। सफल चयनित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के नेशनल एनवायरमेंटल यूथ पार्लियामेंट में भाग लेने के लिए नागपुर या दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभा करने का अवसर प्राप्त होगा जहा भारत के सभी राज्यों से चयनित विद्यार्थियों के बिच प्रतियोगिता करने का अवसर प्राप्त होगा।

अभी और खुलेंगे अतीक की संपत्ति के राज

प्रयागराज। माफिया अतीक की संपत्ति को ईडी और पुलिस खंगाल रही है। लगातार कई शहरों में संपत्ति सामने भी आ रही है। जितनी जब्त हुई है। उससे ज्यादा राज और खुल रहे हैं। अतीक-अशरफ हत्याकांड के बाद अब रोज रोज के सनसनीखेज खुलासों से कोई हैरत में तो कोई चुप, कोई खुश तो कोई हैरान है। माफिया की मौत के बाद अब उसकी नामी-बेनामी संपत्तियों का हिसाब पुलिस समेत सभी एजेंसियां कर रही हैं। अतीक की मौत के बाद मिले दस्तावेजों का आंकलन कर टीमें तीन हजार करोड़ के आसपास की संपत्तियों का लेखाजोखा तैयार कर रही हैं। सबसे बड़ी बात तो कुछ नामी संपत्तियां तो अतीक परिवार के नाम हैं और उस पर उनके लोग काबिज हैं लेकिन ज्यादातर संपत्तियां दूसरों के नाम हैं। उन पर कब्जा, पहचान, हिसाब सब दूसरों के पास है। असल में पुलिस-प्रशासन और ईडी को अदालत में अतीक, उसके परिवार, आईएस-227 गैंग मेंबरों की नामी-

- अतीक की 3000 करोड़ की संपत्तियों में 70 फीसद गैरों के नाम

बेनामी संपत्तियों का ब्योरा देते हुए रिपोर्ट दाखिल करनी है। इसके लिए यूपी सरकार की ओर से संपत्तियों की रिपोर्ट के लिए स्पेशल टीम तक बनाई गई है। अब तक पूछताछ, छापामारी, घर, कार्यालय, रिश्तेदारों के यहां से मिले संपत्तियों के दस्तावेज यही बताते हैं कि माफिया के आर्थिक साम्राज्य की कहानी तीन हजार करोड़ से ऊपर है। बवाले जान यह है कि करोड़ों की इस संपत्तियों में 70 फीसद संपत्ति अतीक की पत्नी, बेटों, अशरफ और उसके परिवार वालों के नाम है ही नहीं। तीन हजार करोड़ में 70 प्रतिशत इन संपत्तियों पर दूसरों का कब्जा है। इसमें सबसे ज्यादा जमीन और मकानों की रजिस्ट्रियां हैं। कई कई करोड़ की संपत्तियां अतीक अपने गैंग मेंबर, नौकर, एकाउंट से जुड़े सदस्यों, पुराने जानकारों के नाम करा देते था।

अनियन्त्रित कार ने चार को रौंदा, तीन की मौत, एक की हालात गम्भीर

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (जफराबाद)। स्थानीय कस्बे के ताडतला मुहल्ले में बुधवार की सुबह अत्याधिक रफ्तार से आ रही अनियन्त्रित कार ने चार लोगों को रौंद दिया। घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया है।

क्षेत्र के समैसा गांव निवासी ओमकार यादव के लड़की जया की मंगलवार को शादी थी। बुधवार को सुबह बारात विदा हो गयी। कोई जरूरी सामान छुट गया था। ओमकार का पुत्र देव आशीष यादव अपने एक साथी साथ सिरकोनी धौरहरा से वह सामान देकर लौट रहा था। लोगों ने बताया कि उक्त स्थान पर कार की रफ्तार अत्याधिक तेज थी। कार ने उक्त स्थान पर स्थित एक गोमटी मे कुछ लोग चाय पी रहे थे। कार ने वहां मौजूद तीन लोग तथा एक बाइक से जा रहे युवक को रौंद दिया। कार के चपेट में आये सेवालाल 70 वर्ष निवासी ऊँचवापर थाना जलालपुर, राजदेव यादव 62 वर्ष निवासी बीघही थाना जलालपुर,तथा शहनवाज 26 वर्ष पुत्र आफताब निवासी नैपुरा की मौत हो गई। जवाहिर पाल 23 वर्ष पुत्र बाबा पाल निवासी नैपुरा को अत्याधिक गम्भीर चोट आई है। वह भी जीवन मौत से संघर्ष कर रहा है।

घटना के बाद लोगों ने कार चला रहे देवा आशीष यादव तथा कार में सवार एक अन्य युवक को पीटना शुरू कर दिया। उसी समय कुछ लोगों ने दोनों को एक घर मे घुसा कर बचा लिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी किशोर कुमार चौबे मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सभी को जिला चिकित्सालय भिजवाया। मामला काफी उग्र होने लगा। तब तक सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना स्थल की स्थिति को डेढ़ घण्टे तक सामान्य किया। उसके बाद कार चालक व उसके साथी को निकाल कर अपने कस्टडी में लेकर थाने भिजवाया।

महापौर ने नए मतदाता बनाने हेतु फॉर्म भरे

प्रयागराज। भाजपा युवा मोर्चा मुट्ठीगंज मंडल अध्यक्ष लव कुश केसरवानी के द्वारा आज हीवेट रोड पर नए मतदाता बनाने हेतु वोटर चेतना अभियान का कैंप लगाया। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने नए मतदाताओं के लिए फॉर्म 6 भरे और लोगों से मतदाता बनने की अपील की। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 232 फॉर्म नए मतदाता बनाने हेतु भरे गए इसके अलावा कीडगंज मंडल, सिविल लाइन मंडल के द्वारा वोटर महा चेतना अभियान का कैंप लगाया गया।इस अवसर पर राजेश केसरवानी, अमित गुप्ता, अजय अग्रहरि, ईशान पाठक, सिद्धार्थ पांडे, मनोज मिश्रा, विजय श्रीवास्तव, मधुर माथुर ,हरीश मिश्रा, पद्माकर श्रीवास्तव, कमलेश केशरवानी, अनिल गुप्ता, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

14 दिसंबर को होगा विशाल ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के सौजन्य से 14 दिसंबर 2023 को लखनऊ में विशाल ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिसकी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष पं. अवध नारायण तिवारी ने अपने कार्यालय जगतगंज पर बैठक के दौरान कहीं उन्होंने बताया कि संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी की लगन और मेहनत के बलबूते पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में विशाल ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिसके मुख्य अतिथि जगतगुरु परम पूज्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज होंगे तथा देश के कोने-कोने से साधु संत सहित ब्राह्मण इकट्ठा होंगे जगतगंज कार्यालय पर बैठक के दौरान आयोजन को लेकर गहन वार्ता हुई तथा जिले से अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण पहुंचकर जगतगुरु जी के मुखारविंद से उनके आशीर्वचन को सुने जिस पर रणनीति तैयार की गई। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं.श्रीपति उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष पं. अवध नारायण तिवारी, डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्रा, जिलाध्यक्ष विनय मिश्रा सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आरेस्टिंग इनकाउंटर में दोहरे हत्याकांड के तीन हत्यारोपियों को लगी गोली

- आधा दर्जन बारातियों ने दो सगे भाइयों की कर दी थी निर्मम हत्या
- पुलिस के सँयुक्त ऑपरेशन में सभी छः आरोपित गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (खेतासराय) कस्बे में मंगलवार की बीती रात्रि खुटहन रोड पर चाउमीन की दुकान चला रहे दो सगे भाइयों की चाकू गोदकर निर्मम हत्या करने के मामले में सर्किल की चार थानो की सँयुक्त ऑपरेशन में बुधवार की भोर में पुलिस इनकाउंटर में सभी छः आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें तीन बदमाशों को पैर में गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात्रि में ही पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का दौरा कर गम्भीरता से लिया था। विदित होकि मनेछे गांव निवासी लालचन्द्र के बेटे की बारात मंगलवार की शाम क़स्बे के भभनौटी वार्ड निवासी नाटे बिंद के यहाँ जानी थी। आरोप है कि बारात में शामिल होने जा रहे आधा दर्जन युवक शराब पीने के लिए सगे भाई अजय प्रजापति पुत्र फूलचंद्र प्रजापति 23 वर्ष व अंकित प्रजापति 20 वर्ष की चाउमीन की दुकान पर रुके। दोनो भाई और बारातियों में इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। इस दौरान बारातियों ने उन्हें चाकुओं से गोद डाला। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस के हाथपांव फूल उठे। मृतक के चचेरे भाई ईशान प्रजापति के तहरीर पर छः लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली।

माँ के नही थम रहे है आँसू..

खेतासराय (जौनपुर) नगर में दो सगे भाइयों के लिए मंगलवार मनहूस साबित हुआ। खुटहन रोड पर चाउमीन की दुकान चला रहे अजय और अंकित अपने घर के कमाऊ सपूत थे। एक बहन और बुजर्ग हो चुके माता पिता की जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन कर रहे थे। मा का मनभावती का रोरो कर बुरा हाल है। पिता फूल चन्द्र को यकीन नही हो रहा है। बुढ़ापे के सहारे बेटे अब दुनिया में नही है। बहन कविता की शादी हो चुकी है। अब किसके सहारे इस पहाड़ भरी जिंदगी गुजारेंगे। पूरा क़स्बा शोकाकुल हो उठा। दोनो बहुत शरीफ़ बच्चे थे, फ़ास्टफूड की दुकान खोलकर घर की जिम्मेदारी संभाले थे।

सीओ शाहगंज शुभम तोदी ने बताया कि हत्यारोपियों के लिए पुलिस दबिश पर निकली थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एसओ चन्दन रॉय, सरपतहा थानाध्यक्ष विनोद सिंह, शाहगंज प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी, खुटहन एसओ अरविंद सिंह की सँयुक्त कार्यवाही में मनेछे मंदिर के पास मुठभेड़ में मुकेश बिन्द पुत्र रामसूरत, नीशू बिन्द पुत्र तीरथ बिन्द, सतीश बिन्द पुत्र अवधेश बिन्द, विवेक बिन्द पुत्र जयराम बिन्द, जगदीश उर्फ राम सिंह उर्फ जयराम बिन्द पुत्र लालता बिन्द तथा अमरजीत पुत्र हरिलाल बिन्द को गिरफ्तार कर लिया जिसमें मुकेश, नीशू और सतीश को गोली लगने से घायल हो गए। उन लोगों के पास से तीन तमंचा, तीन खोखा कारतूस व एक चाकू बरामद किया है।

संगठन को गतिशील के साथ कुर्तियां से भी लड़ने की आवश्यकता

आजमगढ़। पूर्वांचल जनमोर्चा का कार्यकर्ता बैठक मोर्चा कार्यालय कलेक्ट्री ,कचहरी नगर पालिका रोड आजमगढ़ पर संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी चंद्रमी गौतम एवं संचालन संजू गौड़ ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवमोहन शिल्पकार ने अपने संबोधन में कार्यक्रम में बताया कि संगठन को गतिशील और मजबूत बनाने के साथ समाज में पहले उन कुर्तियां से भी लड़ने की आवश्यकता है जो समाज को दूषित करती हैं आज की बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है आगामी 30 नवंबर को कलेक्ट्री कचहरी स्थित रिक्शा स्टैंड पर प्रात 10रू00 बजे पूर्वांचल जन मोर्चा का छठवा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा इस कार्यक्रम में माननीय कृष्ण पाल जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी समेत अनेक अतिथिगणों का आगमन होगा।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

प्रयागराज।

यातायात माह नवम्बर 2023 में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संगम लेटे हनुमान जी के निकट यातायात नियमों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के द्वारा यह बताया गया कि किस तरीके से यातयात नियमों का पालन न करने पर दुर्घटना हो सकती है। नुक्कड़ नाटकों का प्रयोग जागरूकता के लिए प्राचीनतम सभ्यता भारत मे रहा है और यातायात जागरूकता प्रभारी पवन कुमार पाण्डेय यातायात के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए नियमों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ साथ प्रयागराज के अंतर्गत के स्कूलों में ट्रैफिक नियमों को प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया जा रहा है क्योंकि बच्चे देश के भविष्य हैं। यह नुक्कड़ नाटक अभिनय संस्थान से कृष्णा मौर्या के टीम ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी नितीश शुक्ल, सन्दीप शुक्ल, प्रदीप दुबे, ओपी पुष्पकार, अनिल रॉय आदि लोग उपस्थित रहे।

यूपी टीम की स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच बनी स्वाति

प्रयागराज। बीसीसीआई द्वारा मुंबई में 10 से 22 दिसंबर तक होने वाली अंडर-23 वूमेन टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने दिल्ली पब्लिक स्कूल की स्पोर्ट्स टीचर और आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी (डीपीएस) में कोच स्वाति सिंह को यूपीसीए टीम का स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच बनाया है। स्वाति इससे वही यूपीसीए सीनियर वूमेन चैलेंजर ट्रॉफी, सीनियर वूमेन टी-20 ट्रॉफी और बीसीसीआई द्वारा नागपुर में आयोजित एक दिवसीय टूर्नामेंट में यूपी टीम की ट्रेनर रह चुकी हैं और इसी साल राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के अंडर-15 कैंप में मैनेजर रही थीं।

चौधरी नौनिहाल क्लब 'सी' को पूरे अंक

प्रयागराज। चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'सी' ने चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'बी' को 19 रन से हराकर प्रो. एपी भटनागर अंडर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। केपी कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'सी' ने 40 ओवर में 170 रन (सैयद कशान अली 51, अमन पटेल 23, अतुल मिश्र 21, आशुतोष पांडेय कमल चौहान, मोहम्मद फैज़ान दो-दो विकेट) बनाकर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'बी' को 36.4 ओवर में 151 रन (देवांश पाठक 50, तेजस्व मिश्र 30, सचिन मिश्र 29, ऋषभ, अर्जुन व सैयद काशान अली दो-दो विकेट) पर समेट दिया। राहुल सिंह व तौसीफ शेख अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

22 सूत्रीय मांगे अगर नही मानी गई तो करेंगे आगामी परिक्षा का करेंगे बहिष्कार

आजमगढ़। महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ आजमगढ़ द्वारा आयोजित अनिश्चितकालीन धरना एवम प्रदर्शन को विश्वविद्यालय परिसर डी ए वी पी जी कॉलेज आजमगढ़ परिसर में प्रोफेसर एस जेड अली (जिम्मी जी) की अध्यक्षता में हुई। डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने कहा जब तक समस्या का समाधान नही होगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर शैलेश पाठक जिला अध्यक्ष स्ववित्तपोषित अनुमोदित शिक्षक संघ ने कहा कि -माननीय कुलपति जी बैठकर सिर्फ समस्या सुनते हैं उस समस्या का समाधान कभी नही करते। डॉक्टर सहजानंद पांडेय ने कहा कि माननीय कुलपति किसी शिक्षक से मिलना नही चाहते मिलने की कोशिश की जाती है तो कहते है कि पहले समय लेकर मिलने आएं यह शिक्षकों का अपमान है।

निर्धन कन्या का विवाह धूमधाम से संपन्न

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। एक निर्धन कन्या और एक साधारण परिवार का लड़का जिसका कोई भी नहीं सहारा था का विवाह अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, महिला व्यापार मंडल, इनर व्हील क्लब इलाहाबाद ईस्ट ने शादी का की पूरी जिम्मेदारी उपहार, होटल, दोपहर का भजन,गृहस्थी का पूरा सामान देकर संपन्न कराया।

शादी सात फेरे पूरे रीति रिवाज के साथ आर्य समाज मंदिर चौक से करवाई। फिर मुट्ठीगंज स्थित होटल रमेश पैलेस में प्रीति भोज का आयोजन करके मेहमानों का आदर सत्कार किया। वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नंदी एवं किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरी छोटी मां पधारी। मुख्य अतिथियों ने अपनी ओर से वर वधु को आशीर्वाद दिया और उपहार स्वरूप गृहस्ती का सामान भी दिया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष लालू मित्तल सपत्नीक श्वेता मित्तल, महिला मंडल अध्यक्ष रतना जायसवाल ने सभी मेहमानों का स्वागत अभिनंदन किया। लालू मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कन्या का छोटी उम्र से ही व्यापार मंडल और इनर व्हील क्लब ईस्ट के द्वारा देखभाल किया गया और वयस्क होने पर उसके विवाह का दायित्व भी पूरे पूरी लगन के साथ संपन्न कराया। पावस जायसवाल ने अपने होटल में विवाह संपन्न करने का सहयोग दिया। जिसमें प्रमुख रूप से रमन गुप्ता जय हिंद, राजेंद्र केसरवानी, प्रतिमा श्रीवास्तव अध्यक्ष इनर व्हील क्लब, सेक्रेटरी रेखा खरे, जोनल हेड रतना जायसवाल, डॉक्टर अभिलाष ,संध्या जायसवाल ,महिला व्यापार मंडल सेद्ध श्वेता मित्तल ,रूबी केसरवानी, अपूर्व चंद्रा , रघुनाथ द्विवेदी अनेक व्यापारी रहे।

श्रेया तिवारी आत्महत्या मामले में दाखिल याचिका खारिज

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। श्रेया तिवारी आत्महत्या के मामले में सत्र न्यायालय ने आरोपियों के रिहाई के विरुद्ध दाखिल में निगरानी खारिज कर दी है।चिल्ड्रेन स्कूल की छात्रा श्रेया तिवारी ने 31जुलाई को विद्यालय की तीसरी मंजिल से कूद कर के आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने विद्यालय के प्रिंसिपल सोनम मिश्रा तथा क्लास टीचर अभिषेक राय को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। बाद में 8 अगस्त को डी आई जी ने मामले की जांच मऊ के सी ओ सिटी धनंजय मिश्रा को सौप दी।जांच को आगे बढ़ाते हुए धनंजय मिश्रा ने कई गवाहों के बयान दर्ज किया तथा इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि सोनम मिश्रा और अभिषेक राय के विरुद्ध मामला नहीं बन रहा है। धनंजय मिश्रा ने 9 अगस्त को 169 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत अपनी रिपोर्ट मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में दाखिल की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इस रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए आरोपी प्रिंसिपल सोनम मिश्रा तथा क्लास टीचर अभिषेक राय की रिहाई की आदेश दिया। इस आदेश से क्षुब्ध श्रेया के पिता ऋतुराज तिवारी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सत्र न्यायालय में सीजेएम के रिहाई के आदेश के विरुद्ध जिला जज की अदालत में निगरानी याचिका दाखिल की थी।इस निगरानी याचिका को पर सुनवाई पूरी करने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 3 ओमप्रकाश वर्मा ने मंगलवार को ऋतुराज तिवारी की तरफ से दाखिल निगरानी को खारिज कर दिया।

रामबृज गौतम बीएसपी जिला कार्यकारिणी में नामित

- कार्यकताओं ने जताई प्रसन्नता दी बधाई

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष आरबी त्यागी ने बताया है कि प्रयागराज एवं मिर्जापुर मंडल के बहुजन समाज पार्टी के मण्डल प्रभारी अशोक गौतम सहित सभी मंडल प्रभारी नेताओ के निर्देश पर बीएसपी के सक्रिय कार्यकर्ता रामबृज गौतम को जनपद प्रयागराज बहुजन समाज पार्टी की जिला कार्यकारिणी में नामित किया जाता है।

बीएसपी जिला अध्यक्ष श्री त्यागी ने बताया कि रामबृज को जिला कार्यकारिणी में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। बीएसपी कार्यकर्ताओ ने रामबृज गौतम को बीएसपी कार्यकारिणी में शामिल किए जाने पर मंडलीय बीएसपी शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए रामबृज गौतम को बधाई दी।

जिलाध्यक्ष अरबी त्यागी और मण्डल प्रभारियों में अभिषेक गौतम, डा. एसपी सिद्धार्थ, मोहम्मद अकरम, विजय सरोज, अतुल कुमार टीटू, रामनिवास गौतम ने माला पहना कर बधाई दी। बधाई देने वालो में मण्डलीय सचिव योगेश्वर कान्त, घनश्याम पटेल, आकाश वर्मा, गुलाब चन्द्र, राकेश पासी बड़ा घराना, पूर्व पार्षद उषा त्यागी, राम किशोर रज्जन, राजू, रामलाल गौतम, हीरालाल बौद्ध, अनिल चंडी, अशोक बौद्ध, समरजीत चौधरी, मनोज कुशवाहा, देशराज बौद्ध आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जिला कृषि अधिकारी डॉ0 गगनदीप सिंह ने बताया है कि किसान भाइयों हेतु जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। उन्होने बताया कि जनपद में यूरिया 20311 मै0टन, डीएपी 3014 मै0टन, एमओपी 708 मै0टन, एनपीकेएस 4248 मै0टन एवं एसएसपी 2395 मै0टन उपलब्ध है।

उन्होने बताया कि उक्त उर्वरक, उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर उपलब्ध है। यूरियाध्डी0ए0पी0 उर्वरक की सतत् रैक जनपद को प्राप्त हो रही है। साथ ही जनपद में इफ्को द्वारा नैनो टैक्नालोजी आधारित नैनो यूरिया की 12,072 बोतल, नैनो डी0ए0पी0 की 1,344 बोतल उर्वरक की बिक्री केन्द्रों पर उपलब्ध है। वर्तमान में पी0एम0 प्रणाम योजना अन्तर्गत यूरिया और डी0ए0पी0 उर्वरक के संतुलित उपयोग एवं उक्त उर्वरकां के पोषक तत्वों को अन्य उर्वरक के माध्यम से पूर्ति किया जाना है, जिससे कि मृदा एवं पर्यावरण की गुणवत्ता बनी रहें। यूरिया एवं डी0ए0पी0 उर्वरक की किसी भी प्रकार की कमी नही है। कृषक भाई अपनी जोत के अनुसार क्रय करें, अनावश्यक भण्डारण न करें तथा फसलों में संस्तुत उर्वरकों का ही प्रयोग करें। किसान भाई उर्वरक खरीदने हेतु आधार कार्ड साथ ले जाए तथा विक्रेता से कैश मेमो अवश्य प्राप्त करें।

उन्होने फसलों हेतु उर्वरक की संस्तुत मात्रा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा कि आलू हेतु संस्तुत एनपीके 150:100:60, यूरिया बैग प्रति हे0 06, डीएपी बैग प्रति हे0 04, गेहू हेतु संस्तुत एनपीके 120:60:40, यूरिया बैग प्रति हे0 05, डीएपी बैग प्रति हे0 03, सरसों हेतु संस्तुत एनपीके 80:40:40, यूरिया बैग प्रति हे0 04, डीएपी बैग प्रति हे0 02, मटर हेतु संस्तुत एनपीके 40:60:20, यूरिया बैग प्रति हे0 01, डीएपी बैग प्रति हे0 03 एवं चनाध्मसूर हेतु संस्तुत एनपीके 20:40:20, डीएपी बैग प्रति हे0 02 आवश्यक है।

जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि यदि किसी उर्वरक विक्रेता के द्वारा उर्वरक के निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य की मॉग करता है अथवा उर्वरक के साथ किसी अन्य गैर प्रचलित उत्पाद को साथ क्रय करने हेतु बाध्य करता है तो उक्त की सूचना तत्काल सहायक विकास अधिकारी (कृषि) को दी जा सकती है, साथ ही जनपद स्तर पर जिला कृषि अधिकारी के मो0 न0 09450753720, 094530724290, 07839882455 तथा सहकारिताध्समिति से संबंधित शिकायत मो0 नं0 08527436613 पर की जा सकती है। साथ ही किसी भी कार्यालय दिवस में साक्ष्यों सहित अपनी शिकायत जिला कृषि अधिकारी कार्यालय व समितियों की शिकायत सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, कार्यालय आजमगढ में उपलब्ध करायी जा सकती है।

टाटा मोटर्स ने चंडीगढ़ में अपनी अत्याधुनिक रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी का उद्घाटन किया

चंडीगढ़। भारत में ऑटोमोबाइल बनाने वाली अग्रणी कंपनी टाटा मोटर्स ने चंडीगढ़ में अपनी चौथी रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी (आरवीएसएफ) का शुभारंभ किया है। कंपनी ने पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखा है। इस फैसिलिटी का नाम 'Re.Wi.Re रीसाइकल विद रेस्पेक्ट' है, जिसका अनावरण टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री शैलेश चंद्रा ने किया। यह अत्याधुनिक फैसिलिटी पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं को अपनाती है और हर साल सुरक्षित एवं स्थायी तरीके से ऐसे 12,000 वाहनों को डिसेम्बल कर सकती है, जिनका जीवन खत्म हो गया हो। आरवीएसएफ का विकास और परिचालन टाटा मोटर्स की पार्टनर दादा ट्रेडिंग कंपनी करती है और यहाँ यात्री एवं वाणिज्यिक, दोनों वाहनों

को स्क्रैप करने की क्षमता है, चाहे उनका ब्राण्ड कुछ भी हो। यह पर्यावरण-हितैषी पहलों को बढ़ावा देने के लिये कंपनी के विज़न से मेल खाती है। यह उपलब्धि जयपुर, भुवनेश्वर और सूरत में टाटा मोटर्स की पिछली तीन आरवीएसएफ की शानदार सफलता के बाद हासिल की गई है।

इस महत्वपूर्ण लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक श्री शैलेश चंद्रा ने कहा, ''आज हमने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, क्योंकि हमने चंडीगढ़ में स्क्रैपेज फैसिलिटी का उद्घाटन किया है। टाटा मोटर्स ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के भविष्य को आकार देने के लिये नवाचार एवं स्थायित्व को अपनाने में हमेशा आगे रही है। यह अत्याधुनिक सुविधा न सिर्फ जिम्मेदारी से उत्पादन करने के लिये हमारी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर देती है, बल्कि एक ज्यादा हरित एवं स्वच्छ वातावरण बनाने के लिये हमारा समर्पण भी दिखाती है। ऐसी चौथी फैक्ट्री की स्थापना कार्बन उत्सर्जन को कम करने, चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रिसाइकल करने की संस्कृति तैयार करने के लिये हमारी अटूट लगन को दर्शाती है।

हम वाहन मालिकों को उनके पुराने और ज्यादा प्रदूषण करने वाले वाहनों को छोड़ देने के लिये प्रोत्साहित कर रहे हैं और ज्यादा स्थायित्वपूर्ण भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहे हैं। इस पहल के माध्यम से हमें अधिक स्वच्छ एवं स्वस्थ धरती के लिये अपने विज़न के अनुरूप नये, ज्यादा सुरक्षित एवं ईंधन बचाने वाले वाहनों को अपनाये जाने में तेजी लाने की उम्मीद है।''

व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल फंड द्वारा व्हाइटओक कैपिटल लार्ज एंड मिड कैप फंड का लॉन्च

लखनऊ। व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल फंड ने आज अपने नए फंड ऑफर व्हाइटओक कैपिटल लार्ज एंड मिड कैप फंड के लॉन्च की घोषणा की। NFO 1 दिसंबर से 15 दिसंबर 2023 तक खुला रहेगा। व्हाइटओक कैपिटल लार्ज एंड मिड कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज कैप और मिड कैप दोनों स्टॉक्स में निवेश करती है।

व्हाइटओक कैपिटल लार्ज एंड मिड कैप फंड मुख्य रूप से लार्ज और मिड कैप स्टॉक्स में निवेश करेगा, जिसका उद्देश्य बॉटम-अप स्टॉक सिलेक्शन पर ध्यान केंद्रित करके हाई एक्टिव शेयर के साथ एक फेक्टर डिवर्सिफाइड बैलेंस्ड पोर्टफोलियो का निर्माण करना है। SEBI द्वारा वर्गीकृत इक्विटी म्यूचुअल फंडों की लार्ज और मिडकैप श्रेणी के व्यापक दायरे में आते हुए, व्हाइटओक कैपिटल लार्ज एंड मिडकैप फंड का लक्ष्य प्रत्येक और बाहरी तरफ 40% से 60% रेंज के बीच संचालित होने वाले लार्ज कैप और मिडकैप शेयरों के लिए लगभग समान एलोकेशन बनाए रखना होगा, यह अवसरवादी रूप से कुछ छोटे कैप शेयरों का मालिक हो सकता है जो सामान्य परिस्थितियों में 10% से अधिक नहीं होंगे।

नए फंड ऑफर के विषय में बोलते हुए, व्हाइटओक कैपिटल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के CEO आशीष पी. सोमैया ने कहा कि, 2022 के मध्य से, व्हाइटओक कैपिटल AMC में, हमारा ध्यान जानबूझकर बैक-टू-बैक NFO लॉन्च करने और संपूर्ण उत्पाद प्राप्त करने पर रहा है, विशेष रूप से निवेशकों और सलाहकारों द्वारा पसंद की जाने वाली प्रमुख श्रेणियों में। इंडस्ट्री बहुत ही मेरिटोक्रेटिक हो गई है और इसलिए यह ज़रूरी है कि बड़े NFO अभियानों को आगे बढ़ाने की कोशिश करने के बजाय, हम सिर्फ उत्पादों को स्थान दें और वे एक ट्रैक रिकॉर्ड बनाना शुरू करें और उनके पोर्टफोलियो, ट्रैक रिकॉर्ड और NAV हमारे कौशल को परखने के लिए हर किसी के लिए उपलब्ध हों। अब तक हमने जितने भी फंड्स का निर्माण किया है, उनके शुरुआती प्रदर्शन के संबंध में उनकी शुरुआत शानदार रही है और हमें निवेशकों और इंडस्ट्री प्रतिभागियों से समान रूप से भारी सराहना मिल रही है। यह शुरुआत से प्राप्त 3 लाख फोलियो और 1.5 लाख SIP पंजीकरण से स्पष्ट है। लार्ज और मिडकैप विकासोन्मुख निवेशकों के लिए एक उत्कृष्ट श्रेणी है क्योंकि इसमें दोनों विश्व का सर्वश्रेष्ठ प्राप्त होता है, एक मैराथन रनर के समान लार्ज कैप की स्थिरता और एक स्प्रिंटर के समान मिड कैप की चपलता।

सोना 750 रुपये उछलकर 63500 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर, चांदी में 800 रुपये की मजबूती

मुंबई। मजबूत वैश्विक रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 750 रुपये की तेजी के साथ 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी भी 800 रुपये उछलकर 79,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच बुधवार को सोना 750 रुपये की तेजी के साथ 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

वैश्विक बाजारों में सोना और चांदी का भाव तेजी के साथ क्रमशः 2,041 डॉलर प्रति औंस और 24.95 डॉलर प्रति औंस हो गया। कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 27 डॉलर की तेजी के साथ 2,041 डॉलर प्रति औंस हो गया।

ExxonMobil ने पहली एफ4 चैंपियनशिप और इंडियन रेसिंग लीग सीजन 2 को पावर देकर भारत के मोटरस्पोर्ट्स सीन को ऊपर उठाया

बेंगलुरु। ExxonMobil इस वर्ष इंडियन रेसिंग फेस्टिवल को पावर देकर भारत के तेजी से बढ़ते मोटरस्पोर्ट्स सेक्टर को ऊपर उठा रहा है, जिसमें देश में पहली बार

एफ 4 इंडियन चैंपियनशिप और चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी) और नए फॉर्मूला रेसिंग सर्किट (एफसीआर) में आयोजित होने वाली इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) का दूसरा सीजन शामिल है।

यह वर्ष पहली बार भारत और दक्षिण एशिया में शहर के केंद्र में द्वीप मैदानों के आसपास स्थित एफसीआर में रात की रेस का एक रोमांचक कैलेंडर शामिल है।

यह रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड (आरपीपीएल) के साथ ExxonMobil की लगातार दूसरे वर्ष की साझेदारी का हिस्सा है, जो देश में मोटरस्पोर्ट्स की लोकप्रियता और पहुँच को बढ़ाने और इसे सभी रेसर्स के लिए अधिक किफायती बनाने की अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। आईआरएल के साथ साझेदारी का जश्न एमआईसी, चेन्नई में आईआरएल प्री - सीजन टेस्ट में मनाया गया।

इस कार्यक्रम में ड्राइवरों ने Mobil 1 TM उत्पादों का प्रदर्शन किया, इसके अलावा Mobil 1 TM ब्रांड को पूरे स्थल पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। उत्कृष्ट इंजन प्रदर्शन जो रेसिंग के लिए केंद्रीय है, उसके लिए असाधारण ट्रैक - रिकॉर्ड वाला Mobil 1 रेसर्स को आत्मविश्वास दे रहा है।

भारत की पहली फ्रैंचाइज़ी - आधारित मोटरस्पोर्ट्स लीग, आईआरएल सीजन 2 शहर आधारित सात टीमों को एक साथ लाती है। प्रतिस्पर्धी मोटर खेल में विशिष्ट मानक लाते हुए भारत की एकमात्र चार पहिया रेसिंग लीग और दुनिया की पहली लिंग के प्रति तटस्थ रेसिंग चैंपियनशिप आईआरएल ने मोटर रेसिंग में पहले वर्ष से ही एक अनूठा स्थान बनाया है।

अकासा ने तारुक के साथ बनाया प्यार और चाहत का अनोखा सफर कलेयाँ



नई दिल्ली। चॉकलेटी बॉय तारुक रैना के साथ सनसनीखेज गायिका अकासा ने बनाया धमाकेदार ट्रैक ÷कलेयाँ÷ जो दर्शकों के दिल को पूरी तरह से रोमांचित करने के लिए तैयार है। अकासा के नए एल्बम कलेयाँ के चार गानों में से एक बड़ी ही मनमोहक रचना है जो प्रेम, तमन्ना और अनगिनत भावनाओं को एक सामंजस्यपूर्ण टेपेस्ट्री में पिरोती है। बेहतरीन जोड़ी, लयबद्ध बीट्स और गाने के सम्मोहित कर देने वाले बोल एक ऐसा अद्भुत, अविस्मरणीय अनुभव पैदा करने का वादा करते हैं, जो कुछ हट कर है। मनमोहक प्रेम गीत कलेयाँ केवल एक गीत ही नहीं है, इसके साथ एक लुभावना संगीत वीडियो भी है जिसमें शानदार जोड़ी अकासा और तारुक लय को पूरी तन्मयता से महसूस कर उसकी गहराई अच्छी वाइब्स के साथ दर्शकों तक पहुंचा रहे हैं। साथ ही खूबसूरती से भरे दृश्यों की एक लड़ी को बड़ी ही सौम्यता से सजाया गया है, जो सकारात्मकता और आकर्षण से भरी है। इसकी संक्रामक मज़ेदार धुन दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देगी, इसके ट्रैक के भावनाओं भरे परिदृश्य की गहराई में दर्शक मानो गुम ही हो जायेंगे। ट्रैक का एक - एक नोट प्यार की गर्माहट और साझा अनुभवों के उल्लास से गुंजायमान है। अपने गीत के बारे में बड़ी भावुकता से बात करते हुए, अकासा ने साझा किया कि कलेयाँ मेरे लिए बहुत ही खास है क्योंकि यह एक ऐसे दोस्त के साथ एक सहयोग है जिसे मैं व्यक्तिगत रूप से जानती हूँ, और वर्षों से उसके साथ गाने गा रही हूँ।

प्रो कबड्डी लीग से ठीक पहले गेम्स24×7 ने हाई-फ्लायर पवन सेहरावत को माय11सर्किल का नया ब्रांड एंबेसडर बनाया

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी ऑनलाइन स्किल गेमिंग कंपनी गेम्स24×7 ने भारतीय कबड्डी के प्रतिष्ठित खिलाड़ी पवन सेहरावत को अपने लोकप्रिय फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। हाई-फ्लायर पवन सेहरावत ब्रांड के नए कैंपेन अब माय11सर्किल बनेगा कबड्डी का नया मैदान में नजर आएंगे, जो आगामी प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के उत्साह को बढ़ाएगा। प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 की शुरुआत 2 दिसंबर, 2023 से होगी और यह 21 फरवरी, 2024 तक चलेगा। प्रतिभाशाली खिलाड़ी पवन सेहरावत के साथ गेम्स24×7 का यह गठजोड़ कबड्डी के दीवानों के साथ प्लेटफॉर्म के जुड़ाव को और मजबूती देगा। अपने लोकप्रिय एंबेसडर और एगेजिंग इनीशिएटिव के साथ नया कैंपेन अब माय11सर्किल बनेगा कबड्डी का नया मैदान न केवल लोगों का मनोरंजन करेगा, बल्कि इससे प्लेटफॉर्म की पहुंच बढ़ेगी और यह एक ऐसे प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित होगा, जहां देशभर के खेल के दीवानों की हर पसंद की झलक

दिखेगी। इस कैंपेन के तहत प्रशंसकों को रोजाना एक एसयूवी जीतने का मौका मिलेगा, साथ ही उनके गेमिंग एक्सीपीरियंस का रोमांच भी बढ़ेगा।

इस गठजोड़ को लेकर गेम्स24×7के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट - ब्रांड एंड मार्केटिंग स्ट्रेटजी श्री अविक कानूनगो ने कहा, कबड्डी हमारी भारतीय विरासत की जड़ों से जुड़ा खेल है और एक सांस्कृतिक पहचान के रूप में हमारे दिलों में इसकी जगह है। इस स्वदेशी खेल में हमारी परंपराओं और लचीलेपन की झलक दिखती है। हमारे नए कैंपेन के चेहरे के रूप में माय11सर्किल से पवन सेहरावत के जुड़ने से हम न केवल उनके शानदार प्रदर्शन का आनंद ले सकेंगे, बल्कि यह कबड्डी की भावना का भी सम्मान होगा। इस साझेदारी के माध्यम से हम इस शानदार खेल के प्रति लोगों के प्रेम को कई गुना बढ़ाने के लिए समर्पित हैं। यहां देशभर के कबड्डी के दीवानों के उत्साह को प्रदर्शित करता हुआ गेमिंग अनुभव मिलेगा। प्रो कबड्डी लीग स्किल और स्ट्रेटजी का उत्सव है तथा माय11सर्किल पर प्रशंसकों को अनूठे तरीके से इस उत्साह का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। ब्रांड का नया कैंपेन शुरू होते ही प्रतिभागी ऐसे शानदार अनुभव से गुजरेंगे, जिसमें न केवल कबड्डी का उत्साह होगा, बल्कि इस खेल को लेकर उनके जोश एवं उनकी प्रतिभा के लिए उन्हें रिवार्ड भी मिलेगा।

पांच वर्षों तक चलती रहेगी गरीब कल्याण अन्न योजना
महिला स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा ड्रोन

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को सरकार की ओर से लिए गए अहम निर्णयों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया है कि गरीब कल्याण अन्न योजना को 1 जनवरी 2024 से अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। अंत्योदय परिवारों को प्रतिमाह 35 किलो खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। योजना से 81 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। आगामी पांच वर्षों में योजना पर 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जाएगा। इस योजना की शुरुआत कोविड 19 महामारी के दौरान की गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 13.50 करोड़ भारतीय गरीबी के स्तर से ऊपर उठे। यह मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

अनुराग ठाकुर ने बताया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने की योजना को भी मंजूरी दी है।

कृषि उपयोग के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने के लिए 2023-24 से 2025-2026 के दौरान 15,000 चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सरकार के इस फैसले की जानकारी दी है।

मंत्रिमंडल के निर्णय अनुसार आगामी तीन वर्षों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की योजना को बढ़ाया गया है। योजना का लक्ष्य अल्पवयस्क बालिकाओं के साथ रेप और यौन शोषण के मामलों में निश्चित समयावधि के भीतर न्याय प्रदान करना है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो वर्षों के लिए 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन उपलब्ध कराने की एक केंद्रीय योजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर सरकार 1,261 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में निर्णय किया गया। ठाकुर ने कहा, '' योजना का मकसद 2024-25 से 2025-2026 के दौरान किसानों को कृषि उद्देश्य के लिए किराए की सेवाएं प्रदान करने के लिए 15,000 चयनित महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करना है।''

आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, योजना के तहत स्वीकृत पहल 15,000 एसएचजी को स्थायी व्यवसाय तथा आजीविका सहायता प्रदान करेगी। इससे वे प्रति वर्ष कम से कम 1,00,000 रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में लाल किले से एसएचजी को ड्रोन प्रौद्योगिकी से सशक्त बनाने की घोषणा की थी।

केंद्रीय कैबिनेट ने 16 वित्त आयोग को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बताया कि कैबिनेट की बैठक में 16वें वित्त आयोग पर भी फैसला लिया गया है।

Sunfeast YiPPee! ने अपने मसाला नूडल्स पोर्टफोलियो का विस्तार किया

लखनऊ। ITC के अग्रणी इंस्टेंट नूडल्स एवं पास्ता ब्रांड Sunfeast YiPPee! ने एक नया वेरिएंट YiPPee! WOW मसाला नूडल्य लॉन्च करते हुए अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार किया है। यह नई स्वादिष्ट पेशकश सिर्फ 10 रुपए प्रति पैक (50 ग्राम) में उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतर मसाला फ्लेवर देने का वादा करती है। YiPPee! ने यह महसूस किया कि उपभोक्ताओं को एक किफायती कीमत पर अच्छी क्वालिटी के मसालेदार नूडल्स की तलाश है। देश के सबसे पसंदीदा नूडल्स ब्रांड में से एक होने के नाते YiPPee! ने उपभोक्ताओं की इस ज़रूरत को पूरा करने के लिए YiPPee! WOW मसाला तैयार किया है। यह नई पेशकश YiPPee! WOW मसाला सिर्फ 10 रुपए की प्रतिस्पर्धी कीमत पर मसालेदार और स्वादिष्ट होने का वादा करती है। इस लॉन्च के बारे में, श्री सुरेश चांद, वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड मार्केटिंग, स्नैक्स, नूडल्स एवं पास्ता, ITC Foods ने कहा, हमारा प्रमुख मैजिक मसाला वेरिएंट अपने लॉन्च के बाद से हमारे बिजनेस को बढ़ाने वाला मुख्य प्रोडक्ट रहा है। अब YiPPee! WOW मसाला के जरिये हम इंस्टेंट नूडल्स के एक अलग और स्वादिष्ट फ्लेवर के साथ उपभोक्ताओं को खुश करना चाहते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि इस मसालेदार नूडल्स को पसंद किया जाएगा और उपभोक्तागण इसका भरपूर आनंद उठाएंगे। YiPPee! WOW मसाला भारत के विभिन्न बाज़ारों में उपलब्ध है, जिनमें महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, कर्नाटक, आसाम, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ शामिल है। यह सभी रीटेल स्टोर्स से खरीदा जा सकता है और जल्द ही ई-कॉमर्स एवं क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर भी मिलने लगेगा।

लखनऊ में एस आर विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु कैबिनेट की मंजूरी

लखनऊ। एस आर विश्वविद्यालय की स्थापना व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण की वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुरूप परंपरागत पाठ्यक्रमों के संचालन के साथ-साथ वर्तमान ट्रेड के अनुसार शिक्षण प्रशिक्षण एवं रोजगान्मुखी पाठ्यक्रम एवं सम्यक विकास की पूर्ति के लिए किया गया है।अब इस निजी विश्वविद्यालय को स्थापित करने के लिए प्रायोजक निजी संस्थान मानक के अनुसार इनका निर्माण कार्य शुरू करेगी। एस आर विश्वविद्यालय आने वाले समय में सीतापुर, शाहजहांपुर,हरदोई, लखीमपुर, खीरी के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं रोजगार पर शिक्षा का सीधा लाभ विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित शैक्षिक एवं शोध कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग ,शिक्षा संकाय, फार्मेसी , चिकित्सा विज्ञान,साइंस ट्रेडिशनल स्कीम, आईटी स्कीम, मैनेजमेंट ,इंजीनियरिंग, जर्नलिज्म, विधि ,पैरामेडिकल, होटल मैनेजमेंट, आदि शाखों में विभिन्न पाठ्यक्रम का अध्ययन अध्यापन शिक्षण प्रशिक्षण एवं शोध आदि कार्यक्रम संचालित करेगी जिन बिंदुओं को लेकर विश्वविद्यालय का गठन किया गया है उसमें अनुसंधान शोध एवं विकास कार्य ,ज्यादा से ज्यादा उत्पादों को पेटेंट का, कार्य भारतीय समाज की प्रतिभा पलायन को रोकना, समाज में भारतीय संस्कृति को पुनः स्थापित करने ,नवीन शोध एवं स्टार्टअप पर जोर, नवीन विधाओं एवं शोध एवं अनुसंधान पर जोर देना,समाज के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े मेधावी छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक एवं रोजगार उन्मुख शिक्षा प्रदान करना तथा स्वावलंबी बनकर भारत के विकास में योगदान देना रहा है। विश्वविद्यालय की संस्थापक पवन सिंह चौहान एवं वाइस चेयरमैन श्री पीयूष सिंह चौहान का संस्था के या विश्वविद्यालय की गठन अतुलनीय योगदान रहा आने वाले समय में विश्व की सर्वोत्तम संस्थान होगा। ऐसा संस्थान के सभी कर्मचारियों में आत्मविश्वास दिखता है की अवश्यंभावी होगा। पवन सिंह चौहान एमएलसी जी ने कहा कलयुग संघे शक्ति सभी सामाजिक वर्गों को जोड़ कर ही किया जा सकता हैं।

भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा योजना जीवन उत्सव का शुभारम्भ

मुंबई। देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी, भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा नागरिकों के लिए अत्यंत आकर्षक योजना जीवन उत्सव का शुभारम्भ दिनांक 29/11/2023 को मुंबई में निगम के चेयरपर्सन श्री सिद्धार्थ महान्ति द्वारा किया गया। यह एक आजीवन योजना है जिसमें बीमाधरक को जीवन बीमा जैसे अन्य लाभों के साथ आजीवन, प्रतिवर्ष बीमाधन के 10% गारंटीड रिटर्न का प्रावधान है। यह योजना 90 दिन की आयु से 65 वर्ष तक के व्यक्तियों को दी जा सकती है। प्रीमियम भुगतान की अवधि 5 वर्ष से 16 वर्ष के बीच में बीमाधरक द्वारा अपनी सुविधानुसार चुनी जा सकती है। योजना पढ़ाई से पेंशन तक की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन सकती है। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसके अंतर्गत देय लाभ पूर्णतया गारंटीड हैं तथा भुगतान के बेहद आकर्षक विकल्प उपलब्ध हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम के लखनऊ मण्डल में योजना का शुभारम्भ हो गया है और नागारिकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है।

रीजेंसी हेल्थकेयर की आधुनिक तकनीकों वाली ब्रेन ऐन्यरिज्म सर्जरी ने मरीज को किया पूरी तरह स्वस्थ

कानपुर। रीजेंसी हेल्थकेयर को यह बताते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि हाल में एक 60 वर्षीय महिला, रामपति की सफल ब्रेन ऐन्यरिज्म सर्जरी की गई। मरीज को गंभीर लक्षणों के साथ अस्पताल लाया गया था। उसे सिर में दर्द और अचानक होश खो देने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। यह सर्जरी जाने-माने न्यूरोसर्जन डॉ. अभिजीत सिंह सचान ने की। माइक्रोस्कोपी तकनीकों से की गई इस सर्जरी में दायें एमसीए (मिडल-सेरेब्रल-आर्टरी) को काटना शामिल था। रामपति का मामला बहुत गंभीर था क्योंकि सीटी स्कैन से सबराक्नोइड हेमोरेज (एसएएच) सामने आया था। यह स्थिति ऐन्यरिज्म को नुकसान पहुंचने से पैदा होती है, जिससे मस्तिष्क के आसपास के हिस्से में खून निकलने लगता है। एसएएच से जानलेवा लक्षण उभर सकते हैं, जिनमें हेमोरेजिक स्ट्रोक्स प्रमुख हैं। डॉ. सचान की सावधानी भरी सोच और माइक्रोसर्जरी में महारत के कारण ऐन्यरिज्म को सफलतापूर्वक काटना संभव हो सका, जिससे और जटिलताएं पैदा न हों।

उल्लेखनीय है कि ब्रेन ऐन्यरिज्म जानलेवा स्थिति होती है। इसमें मस्तिष्क में मौजूद ब्लड वेसल की दीवार पर कमजोर हिस्सा फूल जाता है। यदि इसका इलाज नहीं किया जाए, तो ऐन्यरिज्म को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे मस्तिष्क के आसपास के हिस्से से खून निकलने लगता है। इसके बहुत गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जैसे ब्रेन सेल को नुकसान पहुंचना, लंबे समय तक होने वाली जटिलताएं और शारीरिक अक्षमता। रामपति के मामले में, ऐन्यरिज्म क्लीपिंग सर्जरी में नाजुक प्रक्रियाएं शामिल थीं। इसमें ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप और प्रीसिजन उपकरणों का प्रयोग किया गया। सर्जरी का नेतृत्व कर रहे डॉ. सचान ने खोपड़ी की हड्डी में एक खिड़की खोली और इसके बाद आसपास के ब्रेन टिश्यू से ब्लड वेसल और ऐन्यरिज्म को अलग किया। इसके बाद, बहुत सावधानी के साथ ऐन्यरिज्म की गर्दन के चारों ओर मेटल का क्लिप लगा दिया, जिससे खून का बहना बंद किया जा सके। इस तरह, इस समस्या को सफलतापूर्वक दूर कर दिया गया।

ऐन्यरिज्म क्लिपिंग का प्रभाव श्रीमती रामपति के मामले में साफ देखा जा सकता है। उन्हें न्यूरो संबंधी किसी भी परेशानी के बिना डिस्चार्ज कर दिया गया। बता दें कि ऐन्यरिज्म क्लिपिंग बहुत प्रभावी प्रक्रिया है; खासतौर पर तब, जब बिना नुकसान वाले ऐन्यरिज्म का मामला हो। यह क्षतिग्रस्त ऐन्यरिज्म के मामलों में दोबारा खून बहने से भी बचाता है। हालांकि, यहां उल्लेखनीय है कि इलाज से पहले ब्रेन को पहुंच चुका कोई भी नुकसान लंबे समय तक विकलांगता का कारण बन सकता है।

इस सफल सर्जरी के बारे में डॉ. अभिजीत सिंह सचान ने कहा, रामपति का मामला यह दर्शाता है कि ब्रेन ऐन्यरिज्म के इलाज में समय से उपचार और आधुनिक सर्जिकल तकनीकों का प्रयोग करना कितना महत्वपूर्ण है।

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स नेअपना 335 वां ग्लोबल स्टोर लॉन्च किया

लखनऊ। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने इतिहास बनाया है क्योंकि प्रथम भारतीयज्वेलरी रिटेलर का ग्रेटर टोरंटो एरिया के अंदर हार्टलैंड टाउन सेंटर पर मिसिसॉगामेंअपने नए स्टोर के साथ कनाडा में प्रथम भारतीय ज्वेलरी रिटेलर खुलने के लिए तैयार है। इसके साथ ब्रांड ने यूएई, कतर, कुवैत, ओमान, केएसए, बहरीन, सिंगापुर, मलेशिया, यूएसए, यूके, कनाडा और भारत में स्थित 335 स्टोर्स के साथअपनी व्यापक ब्रांड उपस्थित दर्ज की है। इस समय विश्व के छठे सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेलर का दर्जा प्राप्त मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्सके ग्लोबल ऑपरेशन मैप परकनाडा 12वां देश और नॉर्थ अमेरिका में दूसरा देश बन गया है.मलाबार ग्रुप के चेयरमैन, एमपी अहमद द्वारा वर्चुअलीइस स्टोर का उद्घाटन किया गया। ओंटारियो की एसोसिएट बिजनेस मिनिस्टर, मिस नीनाटंगड़ी द्वारा शामलाल अहमद, मैनेजिंग डायरेक्टर इंटरनेशनल ऑपरेशंस,मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, आमिर सीएमसी,डायरेक्टर फाइनेंस एंड एडमिनिस्ट्रेशन,मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, जोसेफ ईपन, रीजनल हेड नॉर्थ अमेरिका, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स और अन्य मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की मैनेजमेंट टीम के सदस्यों, ग्राहकों और शुभेच्छुकोंकी उपस्थिति में रिबन कटिंग समारोहकिया गया।

औद्योगिक विकास के नए अध्याय का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री योगी

गीडा के स्थापना दिवस पर 800 करोड़ की निजी निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे सीएम

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के स्थापना दिवस पर गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ औद्योगिक विकास के नए अध्याय का शुभारंभ करेंगे। वह निजी क्षेत्र की 800 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे, 500 करोड़ रुपये के निवेश को नए भूखंडों का आवंटन पत्र सौंपेंगे, 150 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे और पहली बार आयोजित होने जा रहे चार दिवसीय गोरखपुर ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे।

इस अवसर पर सीएम योगी के समक्ष स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए नाइलिट और प्लास्टिक पार्क की यूनिट्स को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए गेल के साथ एमओयू का आदान-प्रदान होगा। सीएम गीडा की अति महत्वाकांक्षी कालेसर व्यावसायिक परियोजना को भी लांच करेंगे। इसके अलावा देश और स्थानीय क्षेत्र के प्रमुख

उद्यमियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री उन्हें पूर्वी उत्तर प्रदेश में निवेश के फायदे बताकर उद्यम शुरू या विस्तार करने को प्रेरित करेंगे। गीडा की स्थापना 34 वर्ष पहले 30 नवंबर 1989 को ही हो गई थी लेकिन औद्योगिक विकास को गति मार्च 2017 से, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद मिली। वर्तमान में 33 सेक्टर में विकसित गीडा क्षेत्र में छह सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयां उत्पादनरत हैं और इनके जरिये बीस हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। औद्योगिक इकाइयों के अलावा करीब दो दर्जन शिक्षण संस्थान भी गीडा क्षेत्र में सेवारत हैं। बीते साढ़े छह साल में माहौल बदला तो गीडा निवेशकों के लिए पसंदीदा स्थल बन गया है। फरवरी माह में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में गोरखपुर को पौने दो लाख करोड़ रुपये के मिले निवेश प्रस्तावों के केंद्र में गीडा ही है। बीते एक साल में गीडा में 550 करोड़ रुपये के निवेश वाले अंकुर उद्योग के सरिया प्लांट का उद्घाटन, 1100 करोड़ रुपये के निवेश वाली पेप्सिको जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनी यूनिट का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों हो चुका है। वह 118 करोड़ रुपये के निवेश वाली ज्ञान डेयरी की यूनिट, जल जीवन मिशन में सप्लाई देने वाली तत्वा प्लास्टिक की 110 करोड़ रुपये निवेश वाली पाइप फैक्ट्री का उद्घाटन करने के साथ 1200 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली केयान डिस्टलरी के एथेनॉल व डिस्टलरी प्लांट का भी शिलान्यास कर चुके हैं। निवेश परियोजनाओं की सिलसिलेवार चर्चा करते हुए गीडा की सीईओ (मुख्य कार्यपालक अधिकारी) अनुज मलिक का कहना है कि बीते साढ़े छह साल में गीडा में करीब 12000 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं।

इसी क्रम में सीएम योगी की पहल पर विकसित की जा रही प्लास्टिक पार्क, रेडीमेड गारमेंट पार्क और फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी गीडा का कायाकल्प करने में सक्षम होंगी। गीडा के स्थापना दिवस समारोह के दौरान गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क्षेत्र और देश के बड़े उद्यमियों के साथ बैठक कर उन्हें और अधिक निवेश करने का मंत्र देंगे। इस बैठक में करीब पांच दर्जन उद्यमी व निवेशक शामिल होंगे। इसके लिए बुधवार दोपहर तक पेप्सिको, बर्जर पेंट्स, कोका कोला, लुलू माल, किर्लोस्कर इंजन, रेड टेप, मंटोरा ऑयल्स, खंडेलवाल एडिबल्स, आरएसपीएल, ग्रीन प्लाई, बीकानेरवाला, कपिला कृषि उद्योग, गैलेंट, अंकुर उद्योग, इंडिया ग्लाइकोल्स समेत 54 उद्यमियों या उनके प्रतिनिधियों की तरफ से हामी भरी जा चुकी थी।

प्रगति मैदान में लगने वाले ट्रेड शो जैसा होगा आयोजन

गीडा के स्थापना दिवस पर पहली बार चार दिवसीय गोरखपुर ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। यह पूरा आयोजन दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर होगा। गत दिनों प्रगति मैदान के यूपी पवेलियन में सीएम योगी ने गोरखपुर में भी चार दिवसीय इंडस्ट्री-ट्रेड एक्जीबिशन लगाने की घोषणा की थी। गोरखपुर ट्रेड शो में ढाई सौ स्टाल लगाए जा रहे हैं। इन स्टालों पर स्थानीय से लेकर देश के बड़े उद्योगों के उत्पाद तो दिखेंगे ही, वित्तीय संस्थाओं और विविधतापूर्ण खान-पान के स्टाल भी होंगे।

> 30 नवंबर को गीडा दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सौगातों का गुलदस्ता मिलने जा रहा है। औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार की दृष्टि से गीडा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरुप तेजी से आगे बढ़ रहा है।
>
> **अनुज मलिक, सीईओ, गीडा**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार जनता के द्वार

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ बुधवार को भाटपार रानी विकासखंड के ग्राम भिंगरी बाजार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि जयनाथ कुशवाहा गुड्डन एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा 6 माह से ऊपर के बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं का गोद भराई का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल लगे हुए थे जहां पर लोगों को सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। बाल विकास एवं पुष्ठाहार विभाग के सीडीपीओ गोपाल सिंह ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की चर्चा की तो वहीं राजेश कुमार ए डी ओ आईएसबी ने स्वयं सहायता समूह के बारे में उपस्थित जन को बताया। स्वयं सहायता समूह की श्रीमती इंदू श्रीवास्तव ने समूह के माध्यम से महिलाओं के जीवन में किस प्रकार से परिवर्तन आ रहा है इस पर उन्होंने अपना विचार रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र एवं उत्तर प्रदेश की सरकार जनता के द्वार पहुंचने का कार्य कर रही है। केंद्र की मोदी एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों के माध्यम से आम जन के जीवन में खुशहाली आई है।

योजनाओं व कार्यक्रमों का सही ढंग से करें क्रियान्वयनः डीएम

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए आवश्यक सामग्री उपकरण के क्रय करने स्टाफ की उपलब्धता जन जागरूकता तथा अन्य कार्यक्रम पर हुए व्यय के अनुमोदन हेतु विभिन्न प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीएम ने संस्थागत प्रसव जननी सुरक्षा योजना नवजात शिशु टीकाकरण आशा भुगतान आशा रिपोर्टिंग सहित अन्य योजनाओं कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों को उनके तैनाती स्थल पर ही निवास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी पीएचसी व जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता मरीजों के बैठने के लिए कुर्सी शौचालय पीने हेतु पानी, सफाई बिजली व पंखा आदि सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया के बचाव हेतु निरंतर छिड़काव व फागिंग कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अंशुमान सिंह सीएमएस डा बीपी अग्रवाल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रामप्रसाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा समस्त एमओआईसी मौजूद रहे।

पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर बैठक

अमेठी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विगत 27 अक्टूबर से चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त उप जिलाधिकारियों तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में उन्होंने अभियान के दौरान अब तक बूथवार प्राप्त फॉर्मों की जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को बीएलओ के माध्यम से अधिक से अधिक फार्म भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी युवाओं का फार्म भरवाया जाए इसके लिए ग्राम पंचायत के साथ-साथ विद्यालयों में भी अभियान चलाकर फॉर्म भरवाने की कार्यवाही की जाए साथ ही जो मृतक या शिफ्टेड हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए।

भाजपा सरकार में हर वर्ग को जनकल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा लाभः रविन्दर कुशवाहा

सलेमपुर अवधनामा संवाददाता। सलेमपुर के विकास खण्ड लार में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को योगी-मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर वंदेमातरम से किया। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की गरीब कल्याणकारी योजना एवं शत प्रतिशत क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योगी-मोदी सरकार में हर वर्ग को पात्रता के आधार पर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना को बढ़ा दिया है। सरकार की तरफ से वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन का लाभ लाभार्थियों को समय से मिल रहा है। कार्यक्रम को विजय बहादुर दूबे,राजेश मिश्रा,वीरेन्द्र कुमार सिंह,बिन्दा कुशवाहा ने प्रशिक्षण के दौरान राजनीतिक जीवन सफल कहानियां, अनुभव,प्रश्नोत्तर के साथ समापन भाषण के साथ कार्यक्रम का समापन किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास किया। आप सभी जनप्रतिनिधियों को केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने बताया कि पहले की सरकारों में केवल गरीबों का शोषण हुआ है। कार्यक्रम का संचालन कमलेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम संजय कुशवाहा, सत्यप्रकाश सिंह, अशोक कुशवाहा, विष्णुकांत तिवारी, आलोक सिंह, राजेश शाह आदि मौजूद रहे।

क्रय केंद्र व राइस मिल का किया गया निरीक्षण

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। मंडल के नोडल अधिकारी व विशेष सचिव खाद्य रसद अभिषेक गोयल ने सहजनवा स्थित मार्केटिंग के प्रथम और द्वितीय क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीद के बारे में जानकारी चाही तो बताया गया की क्रय केंद्र प्रथम पर 103 किसानो से 3063 कुंतल तथा द्वितीय केंद्र पर 81 किसानो से 2892 कुंतल धान की खरीद की गई है। इसके अलावा बोरे के बारे में जानकारी ली तो बताया गया बोरा उपलब्ध है। मापक यंत्र, व नमी मापक यंत्र के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने स्टाक रजिस्टर भी देखा और निर्देश दिया की किसानो के खाते में समय से भुगतान कराया जाये। केंद्र पर मौजूद किसान फुलदेव यादव निवासी कटाई टिकर व रामवृक्ष निवासी टेकुआपाती से बातचीत कियाऔर संतुष्ट दिखाई दिए। इसके बाद भगौरा स्थित मां वैष्णो राइस मिल पर पहुंचे। जहां निर्देश दिए की धान की कुटाई कर लाट को जल्द से जल्द गिराए। इसके बाद वह एफसीआई गोदाम सेक्टर 22 पहुंचे जहां लाट रखने के स्थान को देखा और निर्देश दिए की सभी तैयारियां समय से पूर्ण करा ली जाये। इस दौरान आरएमओ संजीव कुमार, डिप्टी आरएमओ अरविंद कुमार दुबे, जिला प्रबंधक पीसीएफ रंजीत कुमार, एएएमओ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, केंद्र प्रभारी पवन पाल सिंह, निधि यादव, मण्डी सचिव श्याम सुंदर मौजूद थे।

पुरानी पेंशन बहाली के लिए निकाली गई बाइक रैली

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। संयुक्त संघर्ष संचालन समिति जनपद अमेठी के तत्वाधान में पुरानी पेंशन बहाली अभियान के तीसरे चरण में बुधवार को बाइक रैली जिला संयोजक महेंद्र प्रताप मिश्र के नेतृत्व में आयोजित की गयी।

शिक्षकों कर्मचारियों के संयुक्त संगठन संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उत्तर प्रदेश द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के लिए अभियान चलाया गया। जिसके प्रथम चरण में सांसद को ज्ञापन द्वितीय चरण में सभी जिला मुख्यालय पर धरना एवं महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। तीसरे चरण में बुधवार को जानजागरण हेतु जनपद मुख्यालय पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय विकास भवन मोड होते हुए सब्जी मंडी तिराहा से घूमते हुए सिंचाई विभाग कार्यालय के सामने से जामो मोड़ से कलेक्ट्रेट परिसर तक स्कूटी बाइक रैली का आयोजन किया गया। शिक्षक कर्मचारी बड़े उत्साह से पुरानी पेंशन बहाल करें। हमें नयी तुम्हें पुरानी। नहीं चलेगी यह मनमानी। बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन के नारों के साथ शिक्षकों ने बाइक रैली में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी अटेवा के जिला मंत्री अजय कुमार मौर्य आदि ने प्रतिभाग किया।

रैली में जिला मंत्री आशुतोष पांडे दिनेश तिवारी महेश तिवारी अभिषेक चौधरी उमेश तिवारी बृजेश द्विवेदी कसान शुक्ला अरविंद पांडे चंद्रभान यादव अखिलेश मिश्रा प्रियांशु पांडे चंद्रभान यादव अखिलेश मिश्रा प्रियांशु पांडे निलेश प्रताप सिंह शिव प्रताप बौद्ध डॉ सुधीर अग्रहरि हरकेश यादव विश्वबंधु उपाध्याय मनु श्रीवास्तव महेंद्र जायसवाल अर्चना मिश्रा अंकित मौर्य नीलू वर्मा नेहा पांडे छाया शुक्ला आदि शामिल रहे।

प्रशिक्षण के नया बैच का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, देवरिया के आरसेटी, सभागार में बकरी पालन के प्रशिक्षण का नया बैच जिसमें देवरिया जिले के प्रत्येक ब्लाको से 35 प्रशिक्षणार्थी है,जिसका शुभारंभ जिला उद्यान अधिकारी श्री राम सिंह एवं डा जेके तिवारी सहायक निदेशक उद्यान विभाग के द्वारा द्वीप प्रवजल्लित एवं पुष्पाजंलि कर के किया गया।

प्रशिक्षणार्थियो द्वारा स्वागत गीत गाकर माननीय मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। श्री सिंह ने प्रशिक्षणार्थियो को बताया कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा 100 बकरी से लेकर 500 बकरी पालन हेतु बीस लाख से 01 करोड़ की योजना में बैंक से ऋण लेने पर 50 प्रतिशत का अनुदान मिल रहा है बकरी पालन गरीब लोगो के लिये कम लागत में अधिक लाभ देती है। किसान एफपीओ बनाकर इस योजना को और बेहतर कर सकते है। उन्होने यह भी बताया की बकरी के दूध में बदबू क्यो आती है और उसके निदान के बारें में भी प्रशिक्षणार्थियों को बताया एवं बारिश के दिनो में वैक्शीनेशन तथा अन्य बिमारियो के उपचार एवं दवाइयो को भी बताया तथा विस्तार से उनके कार्य व जिम्मेदारियों से अवगत कराया।

डा तिवारी ने बताया की सहजन के पत्तियो का साग खाना स्वास्थ्य के लिये लाभदायक जो गठिया के रोग में भी स्वास्थ्यवर्धक है साथ में उन्होने यह भी बताया की बकरी पालन के साथ मतस्य पालन, एवं कृषि कैसे की जाती है उनके बारे में भी प्रशिक्षणार्थियो को बताया। व निदेशक महोदय ने बताया की बकरी को गरीबो की गाय कहा जाता है। बकरी का दूध बुखार होने के दौरान प्लेटलेटस बढ़ाने में अमृत के सामान काम करता है एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को सविस्तार से बताया और आरसेटी के नियम के बारे में भी उनको अवगत कराया तथा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 नवंबर 2023 से 08 दिसंबर 2023 तक चलेगा। यह प्रशिक्षण 10 दिवसीय है इसके पश्चात उत्तीर्ण प्रशिक्षु अपने क्षेत्र में जाकर बकरी पालन करके स्वरोजगार कर स्वालम्बी बन सकेगे। इस अवसर पर आरसेटी देवरिया के निदेशक राकेश कुमार, संकाय रत्नमाला निश्रा, कार्यालय सहायक अरूण मणि त्रिपाठी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

विज्ञान ने बदली दुनिया की तस्वीरः राघवेन्द्र सिंह

अवधनामा संवाददाता

अहिरौली, कुशीनगर। कसानगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम लखिमा में स्थित वंशराज सिंह इंटर कॉलेज में बुधवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से लेकर 12 तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया और विज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे भूकंप रोधी यंत्र, वैक्यूम क्लीनर, रोड मैप, हृदय, फेफड़े, उत्सर्जन तंत्र, गुरुत्वाकर्षण न्यूक्लियर प्लांट आदि जैसे विषयों पर विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर विज्ञान प्रदर्शनी को भव्य बना दिया। बेहतर मॉडल बनाने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भटहट ब्लॉक के प्रमुख राघवेंद्र सिंह थानाध्यक्ष प्रभारी अहिरौली बाजार रवि भूषण राय रहे।

वंशराज इंटर कालेज में आयोजित रहा विज्ञान प्रदर्शनी

इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख भटहट राघवेंद्र सिंह ने कहा कि सभी छात्र छात्राओं को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए परिश्रम करना चाहिए और वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़े तभी हम जीवन में विज्ञान के महत्व को एक दूसरे को समर्पित कर सकते हैं। विज्ञान ने हमें आज बहुत कुछ दिया है जिसकी हम गिनती नहीं कर सकते। थानाध्यक्ष प्रभारी रवि भूषण राय ने कहा कि हम अपने जीवन को विज्ञान के विषयों से संबंधित मॉडलों को अपना कर आगे बढ़ा सकते हैं तथा अनुशासित रहकर हम शिक्षा प्राप्त करें। प्रबंधक प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार यादव ने किया।

टीबी मुक्त भारत बनाने में धर्म गुरु करे सहयोगः डीटीओ

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। क्षयरोग विभाग कुशीनगर द्वारा चलाये जा रहे दस दिवसीय सक्रिय टीबी खोज अभियान के अन्तर्गत बुधवार को जिला क्षयरोग केंद्र के मीटिंग हाल में जनपद भर के सभी धर्मगुरुओं का एक दिवसीय क्षयरोग संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित हुआ।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत 2025 को साकार करने के लिये आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने स्थानों पर जाकर टीबी रोग के प्रति समाज को जागरूक करे,लोगों को बताया कि इस बीमारी की जाँच एवं उपचार जनपद के सभी सरकारी अस्पतालो पर निःशुल्क उपलब्ध है। जिन व्यक्तियों का उपचार शुरू होता है उनके बैंक खाते में प्रति माह पाँच सौ रुपये की दर से पोषण भत्ता की धनराशि भी दी जाती है। डॉ त्रिपाठी ने जनमानस से अपील किया कि टीबी मुक्त भारत अभियान में आप सभी अपना पूर्ण सहयोग दे।

उन्होंने कहा सक्रिय टीबी खोज अभियान के तहत जनपद में हमारी टीमें चिन्हित गाँवो में घर घर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग कर रही है तथा घर बैठे ही सभी प्रकार की सुविधाएं जो टीबी रोग से सम्बंधित रोगियों को दी जा रही है। जो भी लक्षणयुक्त व्यक्ति मिले वह इस अवसर का लाभ ले सकता है। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के चार दिनों में कुल 258864 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग हुई तथा 2116 सम्भावित व्यक्तियो के बलगम के नमूनों की जाँच में 64 बलगम धनात्मक मिले। चार दिन में जनपद में कुल 95 नये टीबी के रोगी मिले जिनका उपचार शुरू कर दिया गया है। कार्यक्रम को जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र एवं जिला पीपीएम समन्वयक नितेश राय ने भी संबोधित किया।

सोहसा मोक्ष धाम पुनरोद्धार की जगी उम्मीद

मथौली, कुशीनगर। देव दीपावली के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा कसया तहसील स्थित छोटी गंडक नदी के सोहसा-दुबौली घाट पर दीपदान में अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कुँवर आरपीएन सिंह से सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने सोहसा मोक्ष धाम के पुनरोद्धार और नदी के तटों पर व्यस्थित घाट निर्माण कराने की मांग रखी। पूर्व मंत्री ने लोगों की बात को ध्यान से सुना और लिखित में पत्रक देने को कहा। बताते चलें यह घाट क्षेत्र के सैकड़ें गांव के लोगों की आस्था का केंद्र है और दाह संस्कार से लेकर छठ माँ की पूजा तक का कार्य यहां सम्पन्न होता है। जबकि जन सुविधाओं से वंचित सोहसा घाट पर अंत्येष्टि स्थल तक जाने का रास्ता तक ठीक नही है और साफ सफाई से वंचित घाट पर वर्ष पर्यंत गंदगी का अंबार लगा रहता है। पूर्व मंत्री आरपीएन सिंह अपनी ईमानदार और बेदाग छवि के लिए क्षेत्र में जाने जाते हैं। उनके पत्रक मांगने पर लोगों के अंदर सोहसा मोक्ष धाम के पुनरोद्धार की उम्मीद जगी है। लोगों का मानना है कि भले ही अभी वे पद पर नही हैं लेकिन उन्होंने पत्रक मांगा है तो जिम्मेदारों तक आवाज जाएगी और काम होगा।

मुठभेड़ में चार पशु तस्कर गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

- दो को पैर में लगी गोली
- रामकोला थाना क्षेत्र के बनकटा सोहसा नहर के समीप हुई मुठभेड़

कुशीनगर। रामकोला थाना क्षेत्र के सोहसा-बनकटा के समीप नहर पर बुधवार की सुबह चार बजे तड़के पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गई। इसमें पैर में गोली लगने से दो तस्कर घायल हो गए, जबकि दो को टीम ने दौड़ाकर दबोच लिया। तस्करों की पहचान रूस्तम शाह व अब्दुल मन्नान अहिरौली दुबौली टोला तकिया थाना गोपालपुर तथा लड्डन शाह रामपुर जीवधर थाना विश्वंभरपुर जिला गोपालगंज बिहार व नाजिम पिपरा कनक बड़ा टोला थाना पटहेरवा के रूप में हुई।

रूस्तम व लड्डन शाह घायल हैं और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तस्करों के पास से दो तमंचा व कारतूस मिला है। एसपी सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने अस्पताल पहुंच जानकारी ली। पिकअप पर सात गोवंश लदे थे। रामकोला पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। तभी सूचना मिली कि सोहसा के आसपास पिकअप सवार संदिग्ध मौजूद हैं। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह उच्चाधिकारियों को सूचना दे तत्काल मौके के लिए चल दिए। इस बीच प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हाटा राजप्रकाश सिंह व थानाध्यक्ष कसानगंज राजकुमार बरवार भी आ गए। संयुक्त टीम सोहसा से पहले बनकटा के समीप घेराबबंदी कर संदिग्धों की तलाश में जुट गई। इस बीच कसानगंज की तरफ से पिकअप आते देख टीम ने रुकने का इशारा किया।

पुलिस टीम को देख चालक पिकअप को सोहसा से होकर गुजरी नहर की तरफ मोड़ तेज गति से भागने लगा। टीम ने पीछा किया तो पिकअप रोक सवार तस्करों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में रूस्तम के दाहिने तथा लड्डन के बाएं पैर में गोली लगी और दोनों गिर पड़े। दोनों के पास से एक-एक तमंचा, चार कारतूस मिला। वहीं नाजिम व अब्दुल मनना को टीम ने दबोच लिया। मौके से दो खोखा भी बरामद हुआ। पिकअप पर सात गोवंश मिले। गो-तस्करों ने बताया कि गोवंश की खेप लेकर वह बिहार के गोपालगंज बाजार जा रहे थे। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि पकड़े गए तस्करों का आपराधिक इतिहास है। इनके विरुद्ध कुशीनगर, गोरखपुर व संतकबीरनगर के धनघटा थाने में गोवध व पशु करूरता अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत है।

डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से मंगलवार को देर शाम विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू..क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए ताकि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। डीएम ने बैंकों को निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित रोज़गार योजनाओं से सम्बन्धित पत्रावलियों का समय से निस्तारण कराकर ऋण वितरण की कार्यवाई सुनिश्चित करायी जाय। जनपद में औद्योगिक फीडर की स्थापना के सम्बन्ध में उद्यमियों को बताया गया कि शासन को पत्र भेज कर प्रयास किया जा रहा है। शासन से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त औद्योगिक फीडर की स्थापना के सम्बंध में अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करायी जायेगी। डीएम द्वारा शमशान घाट जाने वाली त्रिमुहानी रोड के सम्बंध में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये गये कि रोड के दोनो तरफ अतिक्रमण हटाते हुए ऐलो लाइन बनाया जाय। निर्माणाधीन नई औद्योगिक इकाई मेसर्स कृष्ण मोहन साल्वेक्स प्रा.लि. ग्राम वजीरपुर व जोहरा में भूमि भराई हेतु मिट्टी उपलब्ध कराये जाने के सम्बंध में बताया गया कि आवेदन पत्र आनलाइन करा दिया गया है शीघ्र ही समस्या का समाधान हो जायेगा। मेसर्स देवी पाटन एग्रो प्रा. लि. की राईस मिल बरईबिलासा के सम्पर्क मार्ग निर्माण के सम्बंध में बताया गया कि आगामी जिला पंचायत के बोर्ड की बैठक में सम्पर्क मार्ग के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त कर निर्माण कार्य करा दिया जायेगा। इसी प्रकार मेसर्स कृष्ण मोहन साल्वेक्स प्रा.लि. के पारण शुल्क के सम्बंध में शासन को पत्र भेजा गया है शासन से समन्वय कर समस्या का समाधान करा दिया जायेगा। निवेश मित्र से सम्बन्धित चर्चा के दौरान उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया गया कि निवेश सारथी ऐप पर 237 एमओयू हुए है। जिसमें 57 एमओयू सत्यापन हो गया है शेष 59 एमओयू को पोर्टल पर अपलोड के लिए शासन को भेजा गया है।

इसके अलावा उद्यमियों और व्यापारियों से सम्बन्धित अन्य बिन्दुओं के सम्बंध में विचार-विमर्श कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीडीओ रम्या आर., नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, पीडीडीआरडीए राज कुमार, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, उद्यमी कूल भूषण अरोड़ा, ब्रजमोहन मातनहेलिया, मनीष मल्होत्रा व अन्य उद्यमी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

ओ.टी.एस. योजना के क्रियान्वयन में शिथिल अधिकारियों पर की जाय कार्रवायी

बहराइच। विद्युत वितरण मण्डल के अधीक्षण अभियन्ता सुरेश कुमार ने बताया कि समस्त विद्युत भार के एल.एम.वी.-1 (घरेलू), एल.एम.वी.-2 (वाणिज्यिक), एल.एम.वी.-4बी (निजी संस्थान), एल.एम.वी.-5 (निजी नलकूप) एवं एल.एम.वी.-6 (औद्योगिक) श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए विलम्बित भुगतान अधिभार में छूट एवं चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतु 08 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक ''जल्दी आये ज्यादा लाभ पाये'' के आधार पर तीन खण्डों में संचालित एकमुश्त समाधान योजना (ओ.टी.एस.) की समीक्षा हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि विद्युत के बड़े बकायेदारो के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए अधिक से अधिक राजस्व की वसूली की जाय।

क्षय रोगी खोजी अभियान की हकीकत जानने पहुंची राजधानी की तकनीकी टीम

- मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेश के क्रम में चल रहा क्षयरोगी खोजी अभियान

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी के निर्देशन व जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ.आरके कन्नौजिया के नेतृत्व में जनपद में क्षयरोगी खोजी अभियान चलाया जा रहा है।वभाग ने कई टीमें बनाकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर क्षयरोगियों की खोज व बचाव के लिए जागरूकता अभियान चला रहे है।अभियान को प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य 2025 टीबी मुक्त भारत की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।इसकी वास्तविकता परखने के लिए राज्य तकनीकी सहयोग इकाई लखनऊ से सलाहकार नील कमल सिंह ने जिले का दौरा किया।एवं टीम के साथ क्षेत्रों का दौरा किया।सक्रीय क्षयरोगी खोज अभियान के कार्यों को पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, डीसीपी विवेक मिश्रा एवं पीपीएम फहीम अहमद तकनीकी टीम के साथ रहे।टीम अखंडनगर, दोस्तपुर, मुडिलाडीह, डिहवा, पंजाबी कॉलोनी, नवीपुर, बाधमंडी में भी क्षयरोगी खोज अभियान की हकीकत परखी गई।डीटीओ डॉ.आरके कन्नौजिया ने बताया की हम अभियान को लगातार गति दे रहे है।अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य है।वही मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने बताया की हम क्षयरोग का समूल नाश करने का निर्धारित लक्ष्य 2025 की दिशा में काम कर रहें है।उन्होनें बताया की अभियान का उद्देश क्षयरोगियों की खोज, उनका उपचार और बीमारी से कैसे बचा जाए इसके लिए जागरूकता अभियान चला रहे है।

भाविप का वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। भारत विकास परिषद के तत्वाधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मुख्य शाखा व विवेकानंद शाखा व स्थानीय पैथोलॉजी के सहयोग से सिविल लाइन में किया गया। इस दौरान कुल 70 लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी निशुल्क परीक्षण व रियायती शुल्क पर पैथालॉजी जाँचों का लाभ लिया। रविवार को राजपूत कॉलोनी, सोमवार को कंपनी बाग, बुधवार को कॉलोनी में योग कक्षा के पश्चात सुबह 7.30 से 11 बजे तक निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात दिन में पैथालॉजी लैव पर जांच शिविर चलता रहा। 70 ब्लड सेंपल एकत्र कर जाँच हेतु भेजे गये। शाम को समापन पर लैब टेक्निशियन मनीष पटवारी ने बताया की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन व पल्स रेट की जांच, हीमोग्लोबिन, सीरम कैल्शियम की जांच टोटल कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच, यूरिक एसिड आदि की जांच मात्र 10 रुपये प्रति रजिस्ट्रेशन के साथ में की गयीं। थायराइड आदि विशेष जांचें मात्र 60 रुपये के रजिस्ट्रेशन शुल्क के साथ की गयीं। वक्ताओं ने अपनी जांचों को नियमित व संतुलित खान-पान और दिनचर्या रखने की सलाह दी गई है।

सीमेंट मोरंग की तरह ढोये गए स्कूली बच्चे

- सवालों से झल्लाई महिला बीएसए ने फोन काटा--
- कादीपुर विकास खण्ड से नगर मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। लखनऊ-बलिया हाईवे पर ई रिक्शे की ट्राली में लाद कर तकरीबन एक दर्जन बच्चे खतरों के बीच सफर करते रहे ।प्राइमरी स्कूल के दर्जन भर छोटे बच्चे घंटे भर ई रिक्शे कीट्राली में सफर करते रहे। मीलों सफर तय करने के बाद वह कादीपुर के रायबीगो गावँ से चलते हुए सुल्तानपुर पुलिस लाइन पहुंचे। इस बीच बच्चों ने बताया कि उन्हें आसपास गुजर रहे वाहनों से काफी डर भी लगता रहा। बड़े-बड़े चक्के वाले वाहन वहां उनके बगल से गुजरते, तो उनका रिक्शा हिलने और काँपने लगता था। सहमे बच्चों ने बताया कि वे ड्राइवर अंकल से बोले कि अंकल जी धीरे गाड़ी चलाइए। वह किसी तरह पुलिस लाइन पहुँचे। फिलहाल सुबह 9:00 बजे से निकले इन बच्चों को वापस ले जाते समय बस स्टेशन पर कैमरे में कैद कर लिया गया। ड्राइवर ने बताया कि उन्हें प्राइमरी स्कूल से यहां लाने का जिम्मा दिया गया था। बाकी इससे अधिक में और कुछ नहीं जानता। फिलहाल सीमेंट -मोरम की तरह ढोये गए स्कूली बच्चों के मामले पर बीएसए से जब सवाल किया गया तो सवालों से झल्लाई महिला बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने फोन काट दिया।बताते चलें कि इससे पहले ई बैटरी कई बार दैत्याकार वाहनों की चपेट में आ चुके हैं जिससे दर्जनों घरों के चिराग बुझ चुके हैं।लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी परवाह नही। यदि हादसा कभी हो गया तो जांच, निलंबन तक ही कार्रवाई रह जाती है।

संक्षिप्त समाचार

केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत केंद्रीय विद्यालय के बच्चों को मिला इनाम

सुल्तानपुर। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सुल्तानपुर में आज दिनांक 29/11/2025 केनरा बैंक के द्वारा विद्यालय की अनुसूचित जाति की बालिकाओं के लिए केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत नगद सहायता राशि वितरित की गई। इस अवसर पर केनरा बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख अयोध्या विकास भारती एवं शाखा प्रबंधक केनरा बैंक सुल्तानपुर चंदन सिंह ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अमहट सुल्तानपुर की छात्राओं आस्था भास्कर दीक्षा एवं सोनम को 2500 की सहायता राशि व प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जबकि सोनी ,अंशिका और प्रिया को 5000 की सहायता राशि व प्रमाण पत्र वितरित किया गया प्रचार पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अमर सुल्तानपुर केपी यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर नफीस खान मार्केटिंग मैनेजर केनरा बैंक राकेश कुमार मिश्रा अप प्रचार एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही ।

वर्तमान में कोतवाली नगर की पुलिसिंग हुई ध्वस्त

सुल्तानपुर। थाना कोतवाली नगर में इस समय मुकदमे न दर्ज कर क्राइम रेट कम करने का प्रयास किया जा रहा है,बीती 19 नवंबर की रात में कोतवाली नगर की पुलिस चौकी लक्ष्मण पुर से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित धीरेंद्र यादव के किराने की दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए की चोरी हुई,पीड़ित ने थाने पर तहरीर दिया,चौकी प्रभारी बदनाम सुदा लोगों को पकड़ने व उगाही करने का धंधा ही कर रहे हैं।मुकदमा अभी तक नही लिखा गया।उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्री राम पांडेय ने बताया कि जानकारी नहीं है पता करके बताता हूं,जबकि पीड़ित के अनुसार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को ही तहरीर दी गई थी।

नगर के व्यस्त बाजार से बाइक हुई चोरी

सुल्तानपुर। गाड़ी मालिक कपिल देव ने बताया कि वह क्र44 ए.एम 2250 स्पलेंडर शहर के कुड़वार नाका ओवर ब्रिज के बगल मेडिकल स्टोर पर खड़ी कर जैसे ही अंदर गया। तभी गायत्री मन्दिर की ओर से आये एक युवक ने हाथ साफ कर दिया।पूरी फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गयी है।पिछले पखवारे भर से नगर में चोरियां बढ़ गई है।बानगी के तौर पर विनोबापुरी में श्रीवास्तव जी के घर ताला तोड़ कर लाखो के जेवरात व अन्य सामानों की चोरी,ओमनगर में रामनरेश के घर लाखो की चोरी,खुर्शीद क्लब में चोरी,आए दिन अस्पताल,पर्यावरण,दीवानी के पास बाइक चोरी तो आम बात है। पुलिस चाहे कोतवाली की हो या पुलिस चौकी की उनकी सक्रियता कम चोरों की ज्यादा हो गई है,तभी चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही हैं।मिनिमाइज में माहिर पुलिस मुकदमे न लिख वेस्ट पुलिसिंग दिखा रही है।

सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति की हुई मौत

कुड़वार,सुल्तानपुर। खेत से काम करके घर वापस जा रहे अधेड़ व्यक्ति को तेज रफ्तार से जा रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया।बुधवार को समय करीब 11.40 पर राम अचल मिश्र पूत्र स्व0 गयादीन मिश्र निवासी पूरे शिव दयाल गंजेहड़ी थाना कुडवार जनपद सुलतानपुर जो खेत में काम करके वापस घर जा रहे थे, को एक मोटरसाइकिल संख्या PAyN 9O78 पैसन प्रो से गंजेहडी में एक्सीडेंट हो गया। जिसको इलाज हेतु उसके परिवारजनों द्वारा सीएचसी कुड़वार ले जाया गया। जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त संबन्ध में मुकदमा दर्ज कर पंचायतनामा की कार्यवाही की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

परिषदीय विद्यालयों में शत प्रतिशत छात्रों की सुनिश्चित करायी जाय उपस्थिति

बहराइच। बेसिक शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा अन्तर्गत कार्यक्रमों, गतिविधियों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सामुदायिक सहभागिता, प्रेरणा ऐप पर छात्र-छात्राओं की स्कूल यूनीफार्म में फोटो अपलोडिंग, परिषदीय विद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बनवाना, परिवार सर्वेक्षण, गुणवत्ता, शिक्षा के लिए आसीटी लैब स्मार्ट क्लासेज एवं टेबलेट वितरण, रजिस्टर्स का डिजिटाइजेशन, निपुण अकादमिक रणनीति,निपुण विद्यालय, निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से असिस्मेण्ट की समीक्षा, ब्लाक डेबलामेण्ट प्लान, बीएसए, खण्ड शिक्षा अधिकारी व शिक्षको की बैठक, ब्लाक टास्कफोर्स के निरीक्षण आपरेशन कायाकल्प, जर्जर विद्यालयों का सत्यापन, जल जीवन मिशन, विद्यालयों में विद्युतीकरण, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का निरीक्षण इत्यादि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान योजनाओं का हुआ प्रसार

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत मंगलवार को विकास खण्ड हुजूरपुर की ग्राम पंचायत गोकुलपुर, ब्लाक जरवल की ग्राम पंचायत मीरपुर कोनिया व आंभापुर, ब्लाक महसी की ग्राम पंचायत औराही व महसी तथा ब्लाक विशेश्वरगंज की ग्राम पंचायत बड़ागांव व चन्द्रवा में शिविर का आयोजन कर बड़ी संख्या में आये हुए ग्रामवासियों को लाभान्वित किया गया। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना का प्रचार-प्रसार, पंजीकरण एवं आधार सीडिंग, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा समृद्धि दिवस आजीविका, आजीविका मेला, संसाधन मेला, उत्पाद प्रदर्शनी, व्यापार/उद्यम विचार प्रतियोगिता, सरकारी योजनाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजीटल विपणन, वित्तीय साक्षरता, ई-कामर्स, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जिला अग्रणी बैंक द्वारा जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम मुद्रा लोन एवं अन्य वित्तीय समावेशन योजनाओं में अभ्यर्थियों का पंजीकरण, स्टैण्डअप/स्टार्टअप तथा कृषि विभाग द्वारा कार्यशाला एवं प्रदर्शनी, सरकारी योजनाएं, नवीनतम तकनीकी, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पी.एम. प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाइज़र के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया। शिविर के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेला, आयुष्मान कार्ड का पंजीकरण/जागरूकता, ए.एन.सी. क्लीनिक, टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, पिकल सेल एनीमिया की जांच व उपचार, क्षय रोग स्क्रीनिंग, क्षय रोम विजेता रैली, टी.बी. चौम्पियन रैली, प्रधानमंत्री जन औषधि के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम युवक मंगल दल के सदस्यों को खेल किट के वितरण के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सथानीय कलाकारों व छात्र-छात्राओं को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया तथा माई भारत स्वयंसेवकों का पंजीकरण भी किया गया।

डीएम के आदेश पर बाल श्रम रोकने चला विशेष अभियान

ललितपुर। बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 2016 के अन्तर्गत खतरनाक, गैर खतरनाक व्यवसाय, प्रक्रियाओं में नियोजित बाल एवं किशोर श्रमिक पाये जाने पर जाखलौन, पाली व नाराहट के 07 दुकानदारों को नोटिस जारी की गयी। श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश से प्राप्त आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया, सहायक श्रम आयुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि जहां बाल श्रम कराया जा रहा है वहां प्रत्येक माह बाल श्रम रोकने के उद्देश्य से निरीक्षण किया जायेगा जिसमें न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत 74 विशेष कार्यो हेतु जारी मजदूरी दर यथा कुशल श्रमिक-12,661 रू., अर्द्धकुशल श्रमिक-11,303 रू., अकुशल श्रमिक-10,275 रू. प्रतिमाह दिये जाने का प्रावधान है, जबकि प्रकाश में आया है कि सेवायोजकों, दुकानदारों द्वारा न्यूनतम मजदूरी श्रमिकों को नहीं दी जा रही है जानकारी दी गयी कि इससे कम वेतन भुगतान किये जाने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी और 10 गुना वसूली की कार्यवाही की जायेगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी डी0पी0 अग्रहरि द्वारा बताया गया कि जनपद को बाल श्रम मुक्त कराये जाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

क्षयरोगियों को बांटी पोषण आहार किट

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र में वर्तमान में उपचार प्राप्त कर रहे क्षयरोगियों के पोषण हेतु टी.बी. मरीजों को पोषण आहार किटे वितरित की गयीं। इस अवसर पर सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि टी.बी. मरीजो को पोषण का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। रेडक्रास सोसाईटी द्वारा पोषण किट वितरण से क्षय रोगियों के पोषण स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डा. एस.पी. पाठक ने कहा कि यह एक पुनीत कार्य है और पोषक आहार मिलने से टी.बी. मरीज जल्द ठीक होने लगते हैं। टीबी परामर्शदाता डा.जे.एस.बक्शी ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। इससे समाज में बहुत ही धनात्मक ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास है कि क्षयरोगी जल्दी से स्वस्थ हों और स्वस्थ होकर अन्य लोगों की भांति समाज की मुख्य धारा में जीवनयापन कर सकें। जिला क्षयरोग अधिकारी डा.आर.एन.सोनी ने कहा कि अधिक से अधिक क्षयरोगियों का चिन्हित कर उन्हें उपचार पर लाना है। ताकि वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के अभियान को और अधिक गतिशील किया जा सके। इससे अन्य लोगों को टीबी के संक्रमण से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर आईएमए अध्यक्ष डा.राजकुमार जैन, डा.नितेश साहू, डा.जे.एस.चौबे, डा.अक्षय टडैया, अनिल जैन, जिला प्रभारी अजय बरया, डा.अजय रसिया, डा.अनिल जैन आदि उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में नयी मेमो ट्रेन का स्वागत

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। भारत सरकार द्वारा झांसी से बाया ललितपुर होकर छतरपुर खजुराहो जाने वाली नई मेमो ट्रेन के आज चालन होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन के नेतृत्व में ललितपुर स्टेशन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने हरी झंडी दिखाकर इसका स्वागत किया । विकास को नई रफ्तार देते हुए सांसद जी ने संसदीय क्षेत्र झांसी ललितपुर में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी- खजुराहो (स्पेशल मेमू ट्रेन) को अपने प्रयासों से शुरू कराया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अजय पटेरिया ने कहा की हमारे आदरणीय सांसद अनुराग शर्मा लगातार अपने लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न ट्रेनों के परिचालन बढ़ाने ,स्टापेज कराने एवं नई ट्रेनों के परिचालन के लिए काफी प्रयास करते रहे है। और उन्हीं के प्रयास से यह एक मेमू ट्रेन शुरू हुई है जो झांसी से चलकर शाम को छतरपुर जाएगी और सुबह वहां से ललितपुर होकर झांसी जाएगी। यह ट्रेन ललितपुर से झांसी रोज आने जाने वालों के लिए काफी फायदेमंद सिद्ध होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने कहा की आदरणीय सांसद जी ने जो हमें सौगात दी है वह हमारे यहां के किसानों और मजदूर जिन्हें की आवश्यक कार्य से झांसी जाना पड़ता है के लिए काफी लायक दायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन मुन्ना लाल जैन प्रतिनिधि नगरपालिका परिषद, जगदीश सिंह लोधी पूर्व ज़िला अध्यक्ष, अजय पटैरिया क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कि मो ,डा एस पी पाठक, बब्बू राजा बुन्देला ज़िला महामंत्री, देवेंद्र गुरु जिला मीडिया प्रभारी, मनीष अग्रवाल नगर अध्यक्ष भाजपा ,हरिश्चंद्र रावत ज़िला उपाध्यक्ष रामू कुशवाहा सदस्य ज़िला पंचायत, वैभव गुप्ता ,कल्लू पाल, डा तेजस्व श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नेमवि ने चैम्पियनशिप प्राप्त की

- संस्कृति व सामाजिक समरसता के लिए खेलों का महत्वपूर्ण योगदान

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। बुंदेलखण्ड विश्व विद्यालय की अंर्त-महाविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन दयानंद वैदिक महाविद्यालय उरई में हुआ। इस प्रतियोगिता में 47 महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में नेहरू महाविद्यालय की छात्राओं ने महिला चैम्पियनशिप प्राप्त कर बुंदेलखण्ड विश्वविद्याालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।नेहरू महाविद्यालय प्रागंण में खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण है। इसके साथ खेल हमारे तनाव को भी दूर करता है। खेल आपके कंसन्ट्रेशन को बनाये रखने के लिए अच्छा है। इतना ही नहीं खेल नौकरी लगने में भी सहायता करता है। खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाये रखते हैं। संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि प्राचीन समय से हमारी संस्कृति एवं सामाजिक समरसता के लिए खेलों को जीवन के प्रमुख अंग के रूप में समाहित किया है। खेलों से न केवल शारीरिक स्फूर्ति बल्कि हमारी मानसिकता का विकास होता है। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. डा.अनिल सूर्यवंशी ने बताया कि इस अंर्त-महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने 47 अंक प्राप्त कर महिला चैम्पियनशिप प्राप्त की। जबकि छात्रों ने 35 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

एडमिन यूनिट/जोन	Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	PNU-NRDII-2023
कार्य का विवरण	Allotment of canteen/cafeteria at Northern Railway Divisional Hospital, Lucknow for a period of Five (03) years
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	24-11-2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	11-12-2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व् समय	11-12-2023 at 12:30 hrs.
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलिदातायों द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E- Auction Module of www.ireps.gov.in

3727/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा

पत्रांक :- 4147 /98काम-गो0वृ0/23-24 दिनांक : 22.11.2023

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद/ खण्ड का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित)	पात्र ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना के अन्तर्गत कार्य							
1	गोण्डा/निर्माण खण्ड-1	बंधवा का मजरा ठकुरन पुरवासम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	33.14	3.30	2600	03 माह	ए,बी,सी
2	गोण्डा/निर्माण खण्ड-1	धनौली का मजरा टडिया सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	49.53	4.50	2600	03 माह	ए,बी,सी
3	गोण्डा/निर्माण खण्ड-1	भानपुर का मजरा दुम्बीपुरवा सम्पर्क मार्ग	59.39	5.00	2600	03 माह	ए,बी,सी
4	गोण्डा/निर्माण खण्ड-1	तुलसीपुर मांझा का मजरा पूरे चौकीदार सम्पर्क मार्ग	50.86	4.56	2600	03 माह	ए,बी,सी

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.11.2023 से 15.12.2023 तक सांय 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 15.12.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 15.12.2023 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 15.12.2023 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(प्रमोद कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., गोण्डा

(भगवान दास)
अधीक्षण अभियन्ता,ोण्डा वृत्त,
लो.नि.वि., गोण्डा

UPID-198294 Dated-28-11-2023

विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

आंधी आए या बिजली गुल, शाहजहांपुर के गांवों को पानी सप्लाई मिलेगी फुल

स्कूली छात्रों ने पहली बार देखी सोलर से संचालित होने वाली पानी टंकी

अवधनामा संवाददता

शाहजहांपुर। जनपद के गांवों में अब बिजली गुल होने पर भी घर-घर तक की जाने वाली पानी सप्लाई नहीं रुकेगी। डेढ़ लाख लीटर की सोलर संचालित ओवर हैड टैंक (पानी टंकी) की यह केवल एक खासियत नहीं है। इस पानी टंकी के लिए लगाए गए सोलर पैनल से बिजली बनती है और उसी से पानी टंकी संचालित होती है। साढ़े छह घंटे में ट्यूबवेल से पानी टंकी भरी जाती है। क्लोरीन का उपयोग भी टंकी में जाने वाले पानी में किया जाता है। यह सब जानकारी पाकर शाहजहांपुर के सरकारी स्कूलों के बच्चे उत्साहित दिखे। उन्होंने पहली बार सोलर के संचालित पानी टंकी देखी और उससे गांव-गांव में की जा रही पानी सप्लाई की प्रक्रिया को भी समझा।

शाहजहांपुर में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल पर जल ज्ञान यात्रा का आयोजन किया गया। जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता सनी सिंह और बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने कलेक्ट्रेट ऑफिस से हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। स्कूली बच्चों को सबसे पहले सुजातपुर पाइप पेयजल परियोजना का भ्रमण कराया गया। उनको यहां बना ओवर हैड टैंक दिखाया गया। जल गुणवत्ता जांच की उपयोगिता बताने के साथ ही छात्रों को फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षित महिलाओं ने 11 तरह की जल गुणवत्ता जांच भी करके दिखाई। स्कूली बच्चों को योजना परिसर में ही पेयजल की महत्ता और उपलब्धता की जानकारी दी गई। उनको सामग्री प्रयोगशाला भी ले जाया गया। स्कूली बच्चों को नुक्कड़-नाटक के माध्यम से स्वच्छता और जल की महत्ता के प्रति जागरूक किया गया और हर घर जल योजना से ग्रामीणों को मिलने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई।

जिनवाणी महोत्सव में पेश किया सामूहिक नृत्य

बांदा। जैन समाज द्वारा चल रहे जिनवाणी वेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिवस की संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें युवतियों ने नृत्य पेश कर जमकर वाहवाही लूटी। अपनी प्रस्तुतियो से आगन्तुको को देरवक्त तक बांधे रखा। शहर के न्यू मार्केट के निकट रामलीला मैदान में आयोजित महोत्सव के रंगारंग कार्यक्रम में सजातिय घरानों की किशोरियो ने भक्ति और भजनो पर सामूहिक डांस प्रस्तुत कर सभी को बेहद आकर्षित किया यह प्रस्तुतीकरण देर शाम से रात तक चलता रहा है। अनुयायियो का हुजूम देर समय तक लगा रहा। इस मौके में शशांक जैन, अगाज, आरती जैन, मिताली, माधुरी, गुडिया, वर्षा, शालिनी, रेशू, मनीषा, मोहिनी, बेबी, सृष्टि जैन, सुनील जैन आदि सजातिय मौजूद रहे।

किरायेदार से दो माह का तगादा करना दंपति को पड़ा महंगा

अवधनामा संवाददता

बांदा। किरायेदार से दो माह के किराये का तगादा करना दंपति को इतना महंगा पड़ गया। शराब के नशे में दबंग ने दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर शैलेन्द्र कुमार दुकान स्वामी तथा उसके दोस्त आशुतोष को गाली-गलौज करते हुये मारपीट की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित पति-पत्नी दुधमुहे बच्चे को लेकर चौकी व कोतवाली पहुंचे, न्याय नहीं मिला। तब एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

शहर कोतवाली के शांति नगर निवासी शैलेंद्र कुमार ने एसपी को दी अर्जी में बताया कि मकान के बाहरी हिस्से में दुकान किराये में दिये थे। दो माह बीतने के बाद तगादा किया तभी दबंग पड़ोसी सहित तीन लोगों ने शराब के नशे में आशुतोष और शैलेंद्र के साथ मारपीट की वारदात को अंजाम दिया। शोर सुनकर घर से बाहर आई पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो किरायेदार ने दो तोला सोने का मंगलसूत्र गले से उड़ा दिया। इस बाबत 20 नवंबर को पुलिस चौकी व कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र दिया, तब मुकामी पुलिस ने मामले को तरजीह नहीं दी। कोतवाल के समक्ष दोबारा 28 नवंबर को पेश हुये तो पुलिसिया अंदाज में बोला कि तुम्हारे खिलाफ अभियोग दर्ज है।

गांव में बनवाये गये खाद के गड्ढों को अराजकतत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

अवधनामा संवाददता

मौदहा। मौदहा विकास खंड के खंडेह गांव में गुजरी रात कुछ अराजक तत्वों ने प्रधान द्वारा गांव में बनवाए गए खाद के गड्ढे को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्राम प्रधान ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। सरकार गांवों को साफ व स्वच्छ रखने की मंशा से गांवों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत खाद के गड्ढे निर्मित करवा रही है ताकि ग्रामीण जानवरों का गोबर इधर-उधर न फेंक खाद के गड्ढो में ही डालें। इस मिशन के तहत विकासखंड क्षेत्र के ग्राम खंडेह में ग्राम प्रधान बसंती द्वारा खाद के गड्ढे का निर्माण कराया गया था। जिसे मंगलवार की रात गांव के अराजक तत्वों द्वारा पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इसकी जानकारी होने पर ग्राम प्रधान बसंती पत्नी कामता प्रसाद ने इस मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बता दें कि इसके पूर्व भी गांव में बनाए गए खाद के गड्ढे को भी अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। ग्राम प्रधान की शिकायत के बावजूद इस मामले में कुछ न होने पर अराजकतत्वों ने पुनः खाद का गड्ढा क्षतिग्रस्त कर दिया। अराजक तत्वों की इस हरकत को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। खंड विकास अधिकारी गोपाल यादव ने बताया कि प्रधान की तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों पर कार्रवाई करने के लिए कोतवाली पुलिस को पत्र भेजा गया है।

ठेकेदार की मनमानी से मुख्य रास्ता संकरा होने की शिकायत

मौदहा। विद्युत विभाग के ठेकेदार की मनमानी के चलते नई विद्युत लाइन बनाए जाने पर मानक विहीन विद्युत पोल खड़ाकर रास्ता अवरुद्ध करने की जानकारी ग्राम प्रधान ने विद्युत अधिकारियों को दी है। मौदहा विकासखंड के ग्राम सिजनौड़ा में इन दिनों नए विद्युत पोल व केबिल लगाकर विद्युत व्यवस्था को ठीक करने का कार्य चल रहा है। ठेकेदार की मनमानी के कारण विद्युत पोल गाड़ने से भविष्य में चार पहिया वाहन के अलावा कोई भी साधन उस मार्ग से न निकल पाने की शिकायत विद्युत विभाग में की गयी है। बताते हैं कि बड़ी आबादी वाले गांव करहिया, खंडेह, रीवन आदि के ग्रामीणों के लिए आने जाने के इस मुख्य मार्ग से बडे व छोटे वाहन निकलते हैं मगर ठेकेदार ने मोड पर ही विद्युत पोल को गाड़कर रास्ते को संकरा कर दिया है। इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत विभाग राजू प्रजापति ने बताया कि यदि ठेकेदार ने मनमानी कर विद्युत पोल गडवा दिया है। तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज रेणुकूट में पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित

अवधनामा संवाददता

सोनभद्र/रेणुकूट। आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट में पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य समारोह आयोजित किया गया। हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज रेणुकूट में विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम का गौरव बढ़ाया। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम आदित्य विक्रम बिड़ला जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया जाता है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानंद शुक्ल व उप-प्रधानाचार्य विजय भागवत पाटिल ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की तत्पश्चात भूतपूर्व विद्यार्थियों के मध्य खेला विविध प्रकार की बौद्धिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताएं खेली गई। साथ ही बच्चों द्वारा मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने बालपन एवं छात्र जीवन से सम्बन्धित कई अनुभवों को साझा किया। प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा की भूतपूर्व विद्यार्थियों को पुनः देखकर बहुत आनंदातिरेक की अनुभूति हो रही है। हमारे लिए यह गौरव का क्षण है जिन पौधों का यहाँ बीजारोपण किया उन्हें सिंचित, पुष्पित,पल्लवित किया गया आज वे फल देने लायक हो गए और अपनी लगन परिश्रम से लक्ष्य हासिल करके देश सेवा में योजित हैं।

मौलाना पर लगा नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

कुरारा हमीरपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में मौलाना ने मस्जिद के बंद कमरे में 11 वर्षीय नाबालिग को हवस का शिकार बना लिया, वही पीड़िता के चाचा ने मौलाना के खिलाफ में दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है जबकि नाबालिग बालिका को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के चाचा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार की सुबह 7 बजे उसकी ग्यारह वर्षीय भतीजी मस्जिद में अरबी पढ़ने गई थी वही मस्जिद के मौलाना मुंतज़िर आलम पुत्र रजाबुल हक उर्फ जैदुर रहमान निवासी कोचगढ़ थाना रउटा जिला पूर्णिया बिहार ने बालिका को बहला फुसलाकर मस्जिद के कमरे में ले गया जहां दरवाजा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया जब बालिका घर वापस लौट कर आई और पूरी घटना मां को बताई वहीं पीड़ित चाचा की तहरीर पर पुलिस ने मौलाना के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक श्री प्रकाश यादव ने बताया कि मौलाना चार-पांच साल पहले मस्जिद में आया था जहां गांव वालों के बच्चों को पढ़ाने का काम करता था वही पीड़ित पिता ने बताया कि समाज की रजामंदी से 5 साल पूर्व मौलाना को मस्जिद में पढ़ने के लिए 3000 रुपये महीने पर रखा गया था वही जब शिक्षक ही भक्षक बन जायेंगे तो किशोरियां आगे कैसे बढ़ेगी।

संक्षिप्त समाचार

दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

कुरारा हमीरपुर। थाना क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई वही पीड़ित पक्ष ने मां बेटे के खिलाफ गाली गलौज मारपीट जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। जमरेही ऊपर गांव निवासी अनामिका देवी पुत्री अनूप कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को 3 बजे मैं घर में अकेली थी वही पड़ोस का प्रदीप कुमार पुत्र अरविंद मुझे अकारण गाली गलौज करने लगा वही शोर सुनकर उसकी मां आ गयी और जब मैंने विरोध किया तो दोनों लोगों ने घर में घुसकर लाठी डंडे से मारपीट करने लगे जिससे मुझे गंभीर चोटे आई हैं , पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रदीप व उसकी मां के खिलाफ अकारण गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हृदय गति रुकने से क्षेत्र पंचायत सदस्य की मौत

कुरारा हमीरपुर। थाना क्षेत्र के जखेला गांव में हृदय गति रुक जाने से 45 वर्षीय क्षेत्र पंचायत सदस्य की मौत हो जाने से परिवार में मातम छाया हुआ है। थाना क्षेत्र के जखेला गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय यादव (45) वर्ष पुत्र रामगोपाल यादव मंगलवार की रात्रि खाना खाकर सो गया था तभी रात्रि में हार्ट अटैक पड़ने से एकाएक उनकी मौत हो गई जिससे सुबह घटना की जानकारी गांव व आसपास के क्षेत्र में फैलते ही लोगों का मृतक के घर सांत्वना देने के लिए तांता लगा रहा वही ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल व अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्य व क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उनके घर सांत्वना देने पहुंचे और हर सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया

सड़क हादसे का मामला दर्ज

मौदहा हमीरपुर। बीते दो सप्ताह पहले हुए सड़क हादसे में घायल के चाचा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बाईक सवार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मराठीपुरा निवासी ब्रहम्प्रकाश उर्फ बदलू ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 13 नवम्बर की शाम करीब पौने छः बजे वह बाईक से अपने भतीजे दीपकुमार उर्फ दीपू के साथ कबरई जा रहा था।जैसे ही वह गांधी इण्टर कालेज रोड से मुख्य रोड पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रही बाईक नम्बर यूपी 91 एच 2674 चालक अज्ञात ने लापरवाही से बाईक चलाते हुए सीधे टक्कर मार दी जिससे उनका भतीजा दीपू गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से हमीरपुर भेजा गया और अभी कानपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शादी समारोह से बाइक चोरी

सुमेरपुर हमीरपुर। कस्बा सुमेरपुर के पीडब्लूडी स्टोर के समीप से मंगलवार की रात को शादी समारोह में भाग लेने आए एक युवक की बाइक चोरी हो गई, पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर घटना से अवगत कराया है। इटौरा जनपद जालौन निवासी संतोष कुमार यादव ने बताया कि वह डीलक्स बाइक लेकर शादी समारोह में आया था, बाइक खड़ी करके वह लॉन के अंदर चला गया थोडी देर में वापस आने पर देखा तो बाइक गायब थी, पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से बाइक चोरी का पता लगाने का आश्वासन दिया है।

प्रधानाध्यापक समेत शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोका

उच्च प्राथमिक विद्यालय रेउना, प्राथमिक विद्यालय डिंगवाही का डीएम ने किया निरीक्षण

अनुपस्थित अध्यापकों की कार्यप्रणाली पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददता

बांदा। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय रेउना, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा प्राथमिक विद्यालय डिंगवाही का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय रेउना एवं आंगनबाड़ी केन्द्र रेउना में अध्यापकों की उपस्थिति में प्रधानाध्यापिका तलत अजीम सहित सहायक अध्यापिका शान्ती देवी और नेहा सिंह समेत तीन शिक्षामित्र अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित अध्यापकों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन का वेतन रोके जाने के साथ बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये कि समस्त संबंधित कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम पाये जाने पर उपस्थित सहायक अध्यापिका अजरा खान को निर्देश दिये कि बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष सुनिश्चित कराई जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर एवं शौचालय में गंदगी पाये जाने पर जिला पंचायतराज अधिकारी को रोस्टर के अनुसार विद्यालयों में सफाई कर्मियों के द्वारा सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। विद्यालय में लाइट की व्यवस्था के लिए दो ट्यूबलाइट लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मौके पर उपस्थित खण्ड शिक्षाधिकारी को सचेत करते हुए निर्देशित किया कि नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर अध्यापकों की उपस्थित सुनिश्चित कराये जाने के साथ आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। उन्होंने मिड-डे-मील तैयार किये जाने के लिए गैस के चूल्हे की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान को भी निर्देशित किया कि ग्राम के विद्यालय में पेयजल, सफाई व अन्य व्यवस्थाओं अपनी देखरेख में कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र के प्रतिदिन नियमित रूप से खोले जाने तथा पोषाहार वितरण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित न खुलने की शिकायत पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

हिण्डाल्को के डॉ. शोभित ने बचाई मरीज की जान

अवधनामा संवाददता

सोनभद्र/रेणुकूट। डॉक्टर को धरती पर भगवान का दर्जा दिया जाता है और कभी- कभी कुछ ऐसे वाकये सामने आते है जब इसकी बानगी देखने को मिलती है। मंगलवार को ऐसा एक अनोखा मामला रेणुकूट स्थित हिण्डाल्को अस्पताल में सामने आया जिसे सुन कर हर किसी ने दांतों तले अंगुली दबा ली। गौरतलब है कि ओबरा की रहने वाली 55 वर्षीय महिला मरीज श्रीमती फरीदा खान थक- हार कर उस वक्त हिण्डाल्को अस्पताल पहुंची जब वह गर्दन की सूजन एवं गंभीर दर्द से जूझ रही थीं। कई डॉक्टरों से सलाह लेने व उनके द्वारा उचित इलाज न होने के कारण वह हिण्डाल्को अस्पताल के ईएनटी विभाग के मशहूर डॉक्टर डॉ. शोभित श्रीवास्तव से परामर्श लेने आई थीं।

पूछताछ में मालूम हुआ कि महिला ने करीब एक माह पहले मछली खाते समय गलती से उसका कांटा निगल लिया था। प्रारंभिक जांच में तो मछली का कांटा फंसे होने व उसकी स्थिति की जानकारी नहीं लग पाई। जिसके बाद डॉ शोभित द्वारा तुरंत गर्दन के एक्स-रे की सलाह दी गई। परिणाम स्वरूप किसी बाहरी वस्तु की हल्की छाया देखी गई।

हिण्डाल्को हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ. भास्कर दत्ता के निर्देशन में कांटे की स्थिति की पुष्टि करने के लिए गर्दन का एक सीटी स्कैन किया गया जिससे पता चला कि मछली का कांटा गले की हड्डी से पार हो गया है और मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति करने वाली मुख्य रक्त वाहिका से मात्र 3.4 मिली मीटर दूर फंस गया है। डॉ. शोभित ने मरीज को सूचित किया कि इस कांटे की स्थिति बहुत जोखिम भरी थी और हटाने के दौरान यह संवेदनशील रक्त वाहिका को नुकसान पहुंचा सकता था जो कि जीवन के लिए भी खतरा था। खतरे को भांपते हुए डॉ. शोभित द्वारा मरीज को इसका त्वरित इलाज किए जाने की सलाह दी गई जिसके लिए मरीज ने तुरंत हामी भरी।

सर्जरी के लिए मरीज को एनेस्थीसिया दिया गया तथा मस्तिष्क वाहिकाओं का विशेष ध्यान रखते हुए गर्दन की जांच कर कांटे के सिरे की पहचान की गई। सतर्कता बरतते हुए के कांटे को म्यूकोसा से अलग किया गया और सावधानी से निकाल दिया गया। गर्दन का दोबारा निरीक्षण कर उसे सिल दिया गया। इस प्रकार एक बार फिर से डॉ. शोभित श्रीवास्तव और टीम द्वारा एक अनमोल जीवन बचाया गया।

ऑपरेशन के उपरांत महिला व इनके पति जियाउद्दीन ने बतचीत में बताया कि उन्होंने डॉक्टर शोभित के बारे में अखबारों में पढ़ा ता कि कैसे उन्होंने एक बच्चे के गले से बिना ऑपरेशन के सिक्का निकाला था। उन्हें विश्वास था कि इस जटिल परेशानी से डॉ. शोभित ही उन्हें निजात दिला सकते हैं।

अर्श ने लहराया गैर प्रान्त में परचम

अवधनामा संवाददता

बांदा। हार्पर क्लब बैडमिन्टन कोचिंग के प्रतिभावान खिलाड़ी मोहम्मद अर्श ने राजस्थान के उदयपुर में योनेक्स सनराइज आल इंडिया जूनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुये प्रतियोगिता के युगल वर्ग में ब्वायज डबल्स में मोहम्मद अर्श व दिव्यम अरोडा ने 21-17, 20-22, 13-21 से कांस्य पदक हासिल किया है। जिसमें बैडमिंटन संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीरजध्वज सिंह, सचिव काजी जमीर, आयोजन सचिव अरूण अवस्थी, उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, रजोल सहित सभी सदस्यों और खिलाड़ियों ने अर्श की कामयाबी पर प्रसन्नता जताई है।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन गोष्ठी में कुष्ठ रोग से निपटने की दी गई संबंधितों को जानकारी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित की गई बैठक

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में जिला कुष्ठ अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ककराही ब्लॉक के 40 ष्ठ द्ध श का संवेदीकरण किया गया उन्हें कुष्ठ रोग के लक्षण उपचार एवं कुष्ठ रोग से होने वाली विकृतियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई साथ ही उन्हें बताया गया की 15 तारीख को होने वाले निक्षय दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संदिग्ध कुष्ठ रोगियों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भेजें जिससे कुष्ठ विकलांगता दर में कमी आ सके इस मौके पर जिला संयुक्त चिकित्सालय पर कार्यरत वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एस के मंजुल के द्वारा चर्म रोग एवं कुष्ठ रोग के बारे में c h o को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और बताया गया की कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है यह माइक्रो बैक्टीरिया लैपरे द्वारा फैलने वाली कम संक्रामकता दर वाली बीमारी है जो मरीज के चमड़ी एवं नसों को प्रभावित करती है उक्त अवसर पर डॉक्टर जयवर्धन,पीके निगम, पुष्पेंद्र शुक्ला द्वारा कुष्ठ रोग के बारे में c h o को जानकारी दी गई उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रेमनाथ,डॉक्टर सुमन जायसवाल एवं समस्त कुष्ठ कर्मी उपस्थित रहे।

एनसीएल में धूमधाम से मना 39वां स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददता

सोनभद्र/सिंगरौली। मंगलवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में कंपनी के 39वें स्थापना दिवस के अवसर पर केन्द्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक भोला सिंह के मुख्य आतिथ्य में सिंगरौली स्टेडियम में आयोजित सांयकालीन भव्य केंद्रीय कार्यक्रम में एनसीएल के भूतपूर्व सीएमडी एस वी चाओजी, वीरेंद्र कुमार सिंह, टी के नाग, शांतिलता साहू, निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी /परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, एनसीएल जेसीसी सदस्य , सीएमओएआई के महासचिव, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में एनसीएल कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सीएमडी एनसीएल भोला सिंह ने सभी कर्मियों, संविदा कर्मियों एवं हितग्राहियों को 39 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दी। स्थापना काल से लेकर अभी तक की कंपनी की सफल विकास यात्रा का श्रेय पूर्व के नेतृत्वकर्ताओं को दिया। साथ ही उन्होंने कंपनी के 39 वर्षों के सफर में नारी शक्ति के योगदान की भी सराहना की। अपने उद्बोधन के दौरान सिंह ने कहा कि खनन, प्रेषण, अधिभार हटाव, विभागीय उत्पादकता व गुणवत्ता में हुए व्यापक सुधार में कंपनी के एक-एक कर्मी का योगदान सराहनीय है। साथ ही मशीनीकृत खदान संचालन व कोयला प्रेषण को एनसीएल की यूएसपी बताते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण संवर्धन, समावेशी सामाजिक विकास के साथ सतत खनन के लिए एनसीएल प्रतिबद्ध है। इस दौरान कंपनी जेसीसी सदस्यों एवं अधिकारी संघ के महासचिव ने कंपनी के स्थापना दिवस पर एनसीएल कर्मियों, संविदा कर्मियों व अन्य हितग्राहियों को शुभकामनायें दीं। साथ ही अपने उद्बोधन में देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के क्रम में एनसीएल प्रबंधन का पूरा सहयोग करने का भरोसा दिये।

केन्द्रीय कार्यक्रम के दौरान निदेशक(कार्मिक) मनीष कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

उत्कृष्ट परियोजनाएँ व श्रेष्ठ कर्मी हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददता

सोनभद्र/सिंगरौली। मंगलवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी (एनसीएल) के 39 वें स्थापना दिवस के केन्द्रीय कार्यक्रम में में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट परियोजनाओं व श्रेष्ठ कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। सिंगरौली स्टेडियम में आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में एनसीएल के पूर्व सीएमडीगण एस वी चाओजी, वीरेंद्र कुमार सिंह, टी के नाग, सुशांतिलता साहू, एनसीएल के वर्तमान अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक भोला सिंह, निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी /परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, कृति महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती बिन्दु सिंह व उपाध्यक्षा, एनसीएल के जेसीसी सदस्य, सीएमओएआई के महासचिव, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में एनसीएल कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुरस्कार हेतु परियोजनाओं को 15 मिलियन टन व से उससे अधिक (ग्रुप-ए) तथा 15 मिलियन टन से कम (ग्रुप-बी) उत्पादन की श्रेणी में बांटा गया था। विभागीय कार्य में अधिकतम अवधि तक शून्य दुर्घटना के लिए सुरक्षा पुरस्कार (15 एमटी से अधिक) में खड़िया एवं (15 एमटी से कम) में कृष्णशिला क्षेत्र, पर्यावरण प्रबंधन में शानदार कार्य के लिए (15 एमटी से अधिक) में खड़िया एवं (15 एमटी से कम) में झिंगुरदा क्षेत्र, सीएसआर कार्यों के लिए आवंटित बजट के सबसे अधिकतम प्रतिशत उपयोग के लिए ग्रुप-ए में एनसीएल मुख्यालय और खड़िया क्षेत्र तथा ग्रुप-बी में ब्लॉक बी और सफलता पूर्वक सबसे अधिक सीएसआर प्रोजेक्ट पूरे करने के लिए ग्रुप-ए में निगाही व ग्रुप-बी में कृष्णशिला क्षेत्र को सम्मानित किया गया। पूंजीगत निवेश बजट के सबसे अधिकतम प्रतिशत उपयोग के लिए ग्रुप-ए में दूधीचुआ तथा ग्रुप-बी में कृष्णशिला क्षेत्र, कोयले के स्टॉक में अधिकतम कमी में ग्रुप-ए में दूधीचुआ तथा ग्रुप-बी में ककरी, कोयले के सबसे अधिक प्रतिशत ग्रेड कन्फर्मेशन (कोयले की गुणवत्ता) में ग्रुप-ए में निगाही एवं ग्रुप-बी में कृष्णशिला क्षेत्र ने बाजी मारी।

बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अवधनामा संवाददता

बांदा। परदेस में रहकर टाइल्स फिटिंग करने वाला युवक अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था। वहां पर बाइक से जनसेवा केंद्र जाते समय बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौत हो गयी। अस्पताल के डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जनपद चित्रकूट के पहड़िया बजुर्ग थाना भरतकूप निवासी कुलदीप (24) पुत्र माताबदल जयपुर में रहकर टाइल्स फिटिंग का काम करता था। दो दिन पहले वह गांव आया था। उसकी पत्नी गुड्डन को पांच माह पहले पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। तभी से वह मायके चकला बिसंडा गांव मे रह रही थी। पति कुलदीप मंगलवार को पत्नी को लेने के लिए अपनी ससुराल चकला गांव गया था। शाम होने पर वह वहीं रूक गया। बुधवार की सुबह रूपयों की जरूरत पड़ने पर वह जनसेवा केंद्र रूपया निकालने के लिए जा रहा था, तभी बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

डेंगू काबू में, सपा का काम अफवाहें फैलानाः ब्रजेश पाठक

अवधनामा ब्यूरो

विधानसभा सत्र

शोर मचाना सपा नेताओं के डीएनए मेंः पाठक

लखनऊ। डेंगू पूरी तरह से काबू में है। हमें डेंगू सहित सभी बीमारियों की गंभीरता का अंदाजा है। स्वास्थ्य महकमा प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उच्च कोटि की चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करा रहा है। साल 2017 से पहले अस्पतालों की जो हालत थी, विपक्ष को उसकी तुलना आज की तस्वीर से करनी चाहिए। आज का न्यू उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है।

बुधवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सदन में कहा कि वर्ष 2017 से पहले किसी सरकार ने संचारी रोग अभियान को लेकर कोई कदम नहीं उठाया था। हमारी सरकार ने 13 विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर प्रदेश में साल भर में तीन बार व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर बीमारियों पर काबू पाया। विपक्ष को प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, संचारी रोग अभियान, विकास कार्यों की कोई जानकारी नहीं है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि शोर मचाना और नियमों का उल्लंघन करना समाजवादी पार्टी के

डीएनए में है। मच्छरनजित रोगों को पूरी तरह समाप्त करने के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। कहा कि वे खुद प्रतिदिन 3-4 अस्पतालों का निरीक्षण करते हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके मंत्री पांच साल में पांच अस्पताल नहीं पहुंच सके थे। यह लोग जनता को गुमराह कर हथियार के बल पर शासन चलाते थे।

सरकारी अस्पतालों को बर्बाद कर रही योगी सरकारः अखिलेश

उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ये सरकार जान-बूझकर सरकारी व्यवस्थाओं को इसलिए खत्म कर रही है, ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा निजी अस्पतालों में इलाज करवाएं। सरकार की जो जिम्मेदारी है कि गरीब को सरकारी अस्पतालों में इलाज मिल जाए, वो जिम्मेदारी सरकार नहीं निभा रही है... इनकी(भाजपा) सरकार में हर अस्पताल में दलाल बैठे हुए हैं जो प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को ले जाते हैं।अखिलेश यादव ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दवाएं नहीं मिल रही हैं। अब सुनने में तो ये आ रहा है कि ये लोग सरकारी मेडिकल कॉलेजों को प्राइवेट हाथों में सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जान-बूझकर सरकारी अस्पतालों को बर्बाद कर रही है। अभी पीजीआई में भाजपा का पूर्व सांसद अपने बेटे को लेकर आया था, उसे इलाज नहीं मिल सका और उसकी मौत हो गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर इंटरनेशनल पोटैटो सेन्टर के महानिदेशक साइमन हेक ने शिष्टाचार भेंट की।

अराधना मिश्रा ने उठाया बढ़ती महंगाई का मुद्दा

विधानसभा सत्र

महंगाई से प्रदेश की जनता त्राहि-त्राहि

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने बुधवार को विधानसभा के सत्र में नियम 56 के तहत प्रदेश में बढ़ती महंगाई का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महंगाई से प्रदेश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। एक तरफ जनता महंगाई से परेशान है दूसरी तरफ सरकार लाखों-करोड़ के निवेश का खोखला दावा कर जनता को गुमराह कर रही है। गरीब आदमी किसी तरह अपने परिवार का भरपण-पोषण कर रहा था लेकिन अब तो महंगाई की वजह से उसे अपने परिवार के लोगों को एक वक्त की रोटी भी उपलब्ध कराना मुश्किल हो रहा है। आराधना मिश्रा ने कहा कि रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। सब्जी, आटा, दाल और दूध सहित लगभग सभी खाद्यान्न वस्तुओं के दाम बढ़ गये हैं। जो गैस सिलेण्डर 2014 के पहले 410 रुपये प्रति सिलेण्डर था आज वह 950 रुपये प्रति सिलेण्डर है। डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ते जा रहे हैं। प्रदेश के भाजपा नेता जब अन्य प्रदेशों में जहां उनकी सरकार नहीं हैं जाते हैं तो बड़े-बड़े वादे करते हैं कि 400 रुपये में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराएंगे। सरकार बनने पर ऐसी सुविधा देंगे, वैसी सुविधा देंगे, लेकिन उत्तर प्रदेश और केन्द्र जहां भाजपा सरकार यानि डबल इंजन सरकार है तो यहां की जनता को महंगाई से निजात क्यों नहीं मिल रही है। अन्य प्रदेशों में भाजपा नेता किसानों को 2700 रुपये एमएसपी का वादा करते हैं तो प्रदेश में 2100 रुपये एमएसपी क्यों दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 2017-18 में प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 57,944 रुपये थी जो अब 75000 रुपये हो गयी यानि 30 प्रतिशत की वृद्धि। लेकिन गैस सिलेण्डर की कीमतों में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि क्यों। आराधना मिश्रा ने कहा कि पूरे प्रदेश में महंगाई की आग लगी है। किसान-महिलाएं और मध्यम वर्ग परेशान हैं। सरकार को इस गंभीर विषय पर तत्काल नियंत्रण करना चाहिए, जिससे प्रदेश की जनता को राहत मिले।

कांग्रेस मुख्यालय में मनी जैनुल बशर की पुण्यतिथि

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को पूर्व सांसद स्वर्गीय जैनुल बशर की पुण्यतिथि मनाई गयी। पार्टी मुख्यालय में प्रदेश महासचिव अनिल यादव ने स्वर्गीय जैनुल बशर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी प्रवक्ता डॉ. हिलाल नकवी ने बताया कि इस मौके पर संजय शर्मा, डॉ. शहजाद आलम, अख्तर मलिक, के.डी. शुक्ला, प्रभाकर मिश्रा, नितान्त सिंह सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

छपरा पिट लाइन 12 जनवरी तक ब्लॉक

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। रेल प्रशासन ने छपरा जंक्शन का यार्ड रिमाडलिंग कार्य किया जा रहा है। यार्ड रिमाडलिंग किये जाने के कारण छपरा पिट लाइन 12 जनवरी तक ब्लॉक रहेगा। जिसकी वजह से ट्रेनों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन व शार्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा। यह ट्रेनें रहेंगी निरस्त गोरखपुर गोण्डा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 12 जनवरी, 05453 व 05454 गोण्डा सीतापुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 12 जनवरी, सीतापुर शाहजहांपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 12 जनवरी तक निरस्त रहेगी। यह ट्रेनें रहेंगी शार्ट टर्मिनेशन व शार्ट ओरिजिनेट छपरा से 5, 12, 19, 26 दिसम्बर एवं 2 तथा 9 जनवरी को चलने वाली 15101 छपरा लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस छपरा के स्थान पर भटनी से चलायी जायेगी। यह गाड़ी छपरा के भटनी के मध्य निरस्त रहेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 30 नवम्बर, 7, 14, 21, 28 दिसम्बर तथा 4 एवं 11 जनवरी को चलने वाली 15102 लोकमान्य तिलक टर्मिनस छपरा एक्सप्रेस छपरा के स्थान पर भटनी में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी भटनी से छपरा के मध्य निरस्त रहेगी। छपरा से 2, 9, 16, 23, 30 दिसम्बर एवं 6 जनवरी को चलने वाली 15115 छपरा दिल्ली एक्सप्रेस छपरा के स्थान पर बलिया से चलायी जायेगी। दिल्ली से 3, 10, 17, 24, 31 दिसम्बर एवं 7 जनवरी को चलने वाली 15116 दिल्ली छपरा एक्सप्रेस छपरा के स्थान पर बलिया में यात्रा समाप्त करेगी। छपरा से 1, 3, 5, 7, 8, 10, 12, 14, 15, 17, 19, 21, 22, 24, 26, 28, 29 दिसम्बर तथा 2, 4, 5, 7, 9 एवं 11 जनवरी को चलने वाली 15159 छपरा दुर्ग एक्सप्रेस छपरा के स्थान पर बलिया से चलायी जायेगी। दुर्ग से 30 नवम्बर, 1, 2, 4, 6, 8, 9, 11, 13, 15, 16, 18, 20, 22, 23, 25, 27, 29, 30 दिसम्बर तथा 1, 3, 5, 6, 8, 10 एवं 12 जनवरी को चलने वाली 15160 दुर्ग छपरा एक्सप्रेस छपरा के स्थान पर बलिया में यात्रा समाप्त करेगी। छपरा से 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27, 29 दिसम्बर तथा 1, 3, 5, 8, 10 एवं 12 जनवरी को चलने वाली 22531 छपरा मथुरा जंक्शन एक्सप्रेस छपरा के स्थान पर भटनी से चलायी जायेगी। मथुरा से 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27, 29 दिसम्बर तथा 1, 3, 5, 8, 10 एवं 12 जनवरी को चलने वाली 22532 मथुरा जंक्शन छपरा एक्सप्रेस छपरा के स्थान पर भटनी में यात्रा समाप्त करेगी। चेन्नई से 2, 4, 9, 11, 16, 18, 23, 25, 30 दिसम्बर तथा 1, 6 एवं 8 जनवरी को चलने वाली 12669 चेन्नई छपरा एक्सप्रेस छपरा के स्थान पर बलिया में यात्रा समाप्त करेगी। छपरा से 4, 6, 11, 13, 18, 20, 25, 27 दिसम्बर तथा 1, 3, 8 एवं 10 जनवरी को चलने वाली 12670 छपरा चेन्नई एक्सप्रेस छपरा के स्थान पर बलिया से चलायी जायेगी। पुनर्निर्धारित होकर चलेगी अमृतसर दरभंगा और अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस लखनऊ (सं)। लखनऊ मण्डल के गोण्डा गोण्डा कचहरी स्टेशनों के मध्य समपार संख्या 262 पर सड़क उपरिगामी पुल बनाये जाने के लिए गर्डर लांचिंग के लिए ब्लाक दिये जाने के कारण ट्रेनों को पुनर्निर्धारित नियंत्रित कर चलाया जायेगा । अमृतसर से 2 दिसम्बर को चलने वाली 15212 अमृतसर दरभंगा एक्सप्रेस अमृतसर से 210 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। अहमदाबाद से 2 दिसम्बर को चलने वाली 19409 अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस अहमदाबाद से 180 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। पुणे से 1 दिसम्बर को चलने वाली 15030 पुणे गोरखपुर एक्सप्रेस मार्ग में 80 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। कटिहार से 2 दिसम्बर को चलने वाली 15707 कटिहार अमृतसर एक्सप्रेस मार्ग में 80 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। मुम्बई सेण्ट्रल से 1 दिसम्बर को चलने वाली 09189 मुम्बई सेण्ट्रल कटिहार स्पेशल ट्रेन मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। दरभंगा से 3 दिसम्बर को चलने वाली 02569 दरभंगा नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

एलडीए ने अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

तीन निर्माणों को कराया सील

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बुधवार को मोहनलालगंज के पूरनपुर में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई, वहीं सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में अवैध रूप से किये जा रहे तीन निर्माणों को सील कराया। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के अवैध निर्माण/प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश पर कार्रवाई की गयी। लविप्रा प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि बृजेश यादव व अन्य की ओर से मोहनलालगंज के पूरनपुर में किसान पथ के किनारे लगभग 6 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। बुधवार को सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्रा व ऋतुपाल ने प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान स्थल पर विकसित की गयी कच्ची-पक्की सड़कें व भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए ईंटों से की चिनाई आदि को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा आदर्श मिश्रा व अन्य की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर-एफ-1 के पास झिलझिलपुरवा में लगभग 1800 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भूतल पर दुकानें, प्रथम व द्वितीय तल पर कमरों का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं सुधीर जायसवाल की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के रामसेवकपुरम में लगभग 1500 वर्गफिट क्षेत्रफल और अखिलेश कुमार सिंह की ओर से 1500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे तीनों अवैध निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। बुधवार को प्रवर्तन टीम ने तीनों भवनों को सील कराया।

काकोरी में जैन मंदिर के मांगलिक भवन का भव्य शिलान्यास आज

लखनऊ। भगवान पार्श्वनाथ धाम ट्रस्ट व सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से श्री पार्श्वनाथ धाम मन्दिर काकोरी में क्षमामूर्ति आचार्य 108 विशद सागर महाराज के सानिध्य में मांगलिक भवन का भव्य शिलान्यास समारोह का आयोजन 30 नवंबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे होगा। संयोजक विशाल जैन ने बताया कि मन्दिर में प्रातः 8 बजे याग मंडल विधान होगा, 11 बजे शोभा यात्रा उसके बाद 12 बजे शिलान्यास होगा। इसी क्रम में दोपहर 1:30 बजे गोमतीनगर निवासी स्व. सुधीर कुमार जैन की स्मृति में निर्मित आहार कक्ष का लोकार्पण होगा। उन्होंने बताया कि पूजन कार्य पंडित विकर्ष शास्त्री व आशीष जैन के संगीत निर्देशन में पूजन होगा।

परिवहन निगम की बसों को भली भॉति परीक्षण के प्रचात ही रूटों पर भेजा जाए

अग्नि शमनयंत्र सभी बसों में उपलब्ध हों एवं कार्यरत होंः दयाशंकर

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उ0प्र0 के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम की अनुबंधित बसों में आग लगने की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि बसों की पर्याप्त चेकिंग की जाए। बसों में आग लगने से परिवहन निगम को भारी नुकसान होता है। जान माल की क्षति की भी संभावना बनी रहती है। समस्त बसों (निगम/अनुबंधित) की पर्याप्त जॉच करने एवं कमियों का निराकरण कराकर ही बसों को रूट पर भेजा जाए। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये कि निगम के क्षेत्रीय अधिकारी स्वयं इस बात का चेकिंग करें कि बसों में अग्निशमन यंत्र लगे हो। बसों में ऑयल लीकेज न हो, विद्युत वायरिंग इत्यादि ठीक हो। उन्होंने कहा कि यदि बसों में म्यूजिक सिस्टम, फैन, अतिरिक्त लाइट इत्यादि लगे हो तो उसकी भी जॉच अवश्य की जाए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि कोई भी ज्वलनशील पदार्थ का वहन तो बसों द्वारा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने चालकों तथा परिचालकों को अग्निशमन यंत्र चलाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। प्रधान प्रबंधक (प्राविधिक) एस0एल0 शर्मा ने कहा कि परिवहन मंत्री के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि फोरमैन, केन्द्र प्रबंधक सभी को निर्देश दिये गये हैं कि बसों की सभी इलेक्ट्रिक वायरों, बैट्री से संचालित मोबाईल चार्जर इत्यादि की जॉच करें और सुनिश्चित करें कि सभी उपकरण ठीक-ठाक हैं। उसके प्रचात ही बसों को रूटों पर भेजा जायेगा।

अवध फेस्टिवल का आयोजन आज

लखनऊ। हुनर क्रियेशन्स क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से आज अवध फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बॉलीवुड और शास्त्रीय संगीत की दुनिया के चमकते सितारों को नौशाद सम्मान से नवाजा जायेगा। इस अवसर पर संगीत की शानदार महफिल भी सजेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गायक शानख् संगीतकार मिथुन, सितारवादक संगीतकार इमरान खान, गायिका माहिरी बोस, गायिका प्रियंका बर्वे, अंतरा नन्दी, प्रशासनिक अधिकारी हरिओम और रंगकर्मी सुरेश शर्मा को नौशाद सम्मान से अलंकृत करेंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम करेंगे। इस अवसर पर माहिरी बोस गजलें सुनायेंगी तो प्रियंका बर्वे नौशाद के फिल्मी नगमों को पेश करेंगी जबकि अंतरा नन्दी युवाओं को लुभाने वाले गीत प्रस्तुत करेंगी।

भाषा विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी में एक कदम आगे

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो. एन बी सिंह के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिससे इंजीनियरिंग छात्रों को सबसे डिमांडेड और हाई-एंड तकनीकों के लिए तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के निर्देशक प्रो. एस के त्रिवेदी के निर्देशन में उच्च प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण प्रदान होगा। इसके साथ ही, भाषा विश्वविद्यालय पहला विश्वविद्यालय बन गया है जो जेनरेटिव AIOps प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इस प्रशिक्षण की शुरुआत 23 दिसम्बर को होने वाली है और इसमें 600+ घंटे का प्रचंड प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण शामिल है। इसके साथ ही, यह प्रशिक्षण 13 हाई-एंड तकनीकों और उद्योग से संबंधित प्रौद्योगिक / प्रोफेशनल स्किल्स के लिए होगा।

छात्रों को इस प्रशिक्षण के दौरान उद्योग विशेषज्ञों के साथ आपसी प्रवास और नेटवर्किंग का अवसर भी मिलेगा। इसमें कोई पूर्वज्ञान या पूर्व-आवश्यकता की आवश्यकता नहीं है, जिससे यह एक समृद्धि भरा और उदार अनुभव होगा। इस प्रशिक्षण का एक और महत्वपूर्ण पहलु, जिसने इसे अनूठा बनाया है, वह यह है कि छात्रों को विशेषज्ञता विकसित करने के लिए दुनियाभर में जेनरेटिव AIOps प्रशिक्षण प्रदान करने वाले पहले विश्वविद्यालय में से एक होने का गर्व है। इस प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इसके मेंटर और प्रशिक्षक, दीपक मौर्या। उनका योगदान और विशेषज्ञता छात्रों को उच्चतम स्तर के तकनीकी ज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। उनकी मेंटरशिप और मार्गदर्शन से यह प्रशिक्षण एक उद्दीपन पूर्ण अनुभव बनाता है जो छात्रों को उद्यमी, उत्कृष्टता, और स्वतंत्रता की ओर प्रेरित करेगा।

धूमधाम से मनाया गया प्राणि उद्यान का 102वां स्थापना दिवस

अवधनामा ब्यूरो

आईसोलेशन वार्ड का लोकार्पण व टाइगर छेदी लाल बाड़े में बने कराल का लोकार्पण

पुरानी बाल रेल का रिनोवेशन पार्टी ऑन व्हील का शुभारम्भ

लखनऊ। नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान का 102वां स्थापना दिवस बहुत धूमधाम से प्राणि उद्यान स्थित 3डी ऑडिटोरियम में मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव अंजनी कुमार आचार्य, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश वन निगम अनुपम गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संजय श्रीवास्तव, सदस्य सचिव राज्य चिड़ियाघर प्राधिकरण नीरज कुमार और अदिति शर्मा निदेशक नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने वन्य जीव चिकित्सालय के पास स्थित जीर्णोद्धार किये गये आईसोलेशन वार्ड का लोकार्पण तथा टाइगर छेदी लाल बाड़े में बने कराल का लोकार्पण एवं पुरानी बाल रेल का रिनोवेशन पार्टी ऑन व्हील का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने प्राणि उद्यान के स्थापना दिवस का केक काटकर प्राणि उद्यान का जन्मदिन मनाया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि ने प्राणि उद्यान का भ्रमण करने आने वाले दर्शकों के लिए कलर रिस्ट बैंड का भी शुभारम्भ किया। अब दर्शकों को टिकट विण्डो पर टिकट के साथ कलर रिस्ट बैंड भी दिया जायेगा, जिसे पहनकर दर्शक प्राणि उद्यान में प्रवेश कर सकेंगे। बिना रिस्ट बैंड के प्राणि उद्यान में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि पुरानी बाल रेल को पार्टी ऑन व्हील्स के रूप में शुरू किया गया है। यह दर्शकों के लिए नया आकर्षण का केन्द्र होगा। इस बाल रेल पर कोई भी व्यक्ति 5100 रुपये का भुगतान कर बुक करवा सकेगा, जो कि दो घंटे के लिए बुक होगा। इसके लिए प्राणि उद्यान में संचालित कैन्टीन एवं फूडकोर्ट ने दो मेनू उपलब्ध कराये जायेंगे जोकि 300, 400, 500 रुपये के होंगे। बुकिंग कराने वाला व्यक्ति इनमें कोई भी मेनू बुक करवा सकेगा। पार्टी ऑन व्हील्स में अधिकतम 30 से 50 व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे। मुख्य अतिथि ने प्राणि उद्यान के कर्मचारियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

यंग प्रोफेशनल ग्राम्य विकास की योजनाओं को गति प्रदान करने में करें सहयोग

अवधनामा ब्यूरो

नव चयनित यंग प्रोफेशनल्स का 08 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा सरकारी व गैर-सरकारी विभिन्न चयनित लोगों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण देकर ग्राम्य विकास विभाग सहित अन्य विभागों की विभिन्न योजनाओं को गति प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ में उ0 प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत नव चयनित यंग प्रोफेशनल का 08 दिवसीय आवासीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम/ प्रशिक्षण का आयोजन 22 से 29 नवम्बर, 2023 तक किया गया इस प्रशिक्षण में मिशन निदेशक, उ0 प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, लखनऊ द्वारा नामित नव चयनित 50 यंग प्रोफेशनल के सापेक्ष 46 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह उन्मुखीकरण कार्यकम नव चयनित यंग प्रोफेशनल को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की अवधारणा, उददेश्य एवं मूल्यों पर व्यापक जानकारी प्रदान करने एवं समझ विकसित करने हेतु आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण चर्चा / परिचर्चा, वीडियो और प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदान किया गया। थीम के अंतर्गत समूह की अवधारणा, आईसीआरपी ड्राइव, ग्राम संगठन व क्लस्टर संघ का निर्माण आदि विषयों पर व्यापक समझ विकसित करने, समूहो के संचालन एवं प्रबंधन, वित्तीय समावेशन, समूह के बुक ऑफ और बैंक केडिट लिंकेज आदि विषयों पर व्यापक समझ विकसित करने,आजीविका थीम के अंतर्गत कृषि आजीविका एवं आजीविका के विभिन्न आयाम, डेटा प्रबंधन, फार्म आजीविका/नान फार्म आजीविका, आरगैनिक खेती आदि विषयों पर व्यापक समझ विकसित करने,मिशन से सम्बन्धित विभिन्न वेबसाइट / लोकोस एप को समझना, प्रशिक्षण / रिसोर्स पर्सन पालिसी, वित्तीय प्रबंधन, रिकार्ड प्रबंधन, आडिट प्रोक्योरमेंट, मानव संसाधन आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा / परिचर्चा कर उनकी जिज्ञासाओं का निराकरण किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्थान के प्र0 अपर निदेशक बी0 डी0 चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपने विचार साझा किए। बी डी चौधरी ने यंग प्रोफेशनल का उत्साहवर्धन करते हुए सफलता के महत्वपूर्ण गुर बताए और कहा कि यंग प्रोफेशनल ग्राम्य विकास की योजनाओं को गति प्रदान करने में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के अतिरिक्त मिशन कार्यालय के रिसोर्स पर्सन तथा आर0के0 मल्ल उप निदेशक / प्रभारी रिसोर्स सेल, संस्थान के साथ-साथ श्रीमती आरती गुप्ता, प्रोग्राम आफिसर तथा विकास श्रीवास्तव, सहायक लेखाकार, रिसोर्स सेल मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक, डॉ0 शिव बचन सिंह द्वारा किया गया।

हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का उद्घाटन आज

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का उद्घाटन आज गुरुवार को किया जायेगा। अशियाना के बंगला बाजार स्थित कांशीराम सांस्कृतिक स्थल स्मृति उपवन में नैमिषारण्य चक्रतीर्थ अष्टकोणीय आरती के प्रधान आचार्य सुनीत पाण्डेय करेंगे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राज्यसभा व पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा और पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह उपस्थित रहेंगे। हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में 28 राज्यों के हस्तशिल्प उत्पादों के स्टॉल एवं बिक्री की प्रदर्शनी होगी। इस महोत्सव मे प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों के क्षेत्रीय कलाकारों को अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करने का मंच प्रदान किया जायेगा। हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में लखनऊ में प्रतिस्ठत व्यंजनों के स्टॉल लगाये जायेंगे। जिसमें कश्मीरी, राजस्थानी, पंजाबी, साउथ इण्डियन, गुजराती, चाइनीज, अवधी व मुगलई के अलावा देशी बाटी चोखे के स्टाल आकर्षण के केन्द्र होंगे।